* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 अप्रैल, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 161

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

न्यूज रील्स

सरकार ने मार्च में जीएसटी से 1.78 लाख करोड़ जुटाये

नयी दिल्ली। सरकार ने मार्च में जीएसटी से 1.78 लाख करोड़ रुपये जुटाये। यह वित्त वर्ष 2023-2024 का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह है। अप्रैल 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये मिले थे। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 के मार्च महीने के संग्रह के मुकाबले 11.5% ज्यादा है। तब जीएसटी से 1.60 लाख करोड़ रुपए जुटाये गये थे।

अप्रैल-मई में ज्यादा गर्मी, 20 दिनों तक चलेगी 'हीटवेव'

नयी दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने इस साल ज्यादा गर्मी का अनुमान लगाया है। अप्रैल से मई के बीच तीन महीने तापमान ज्यादा रहेगा। वहीं इस बार 20 दिनों तक हीटवेव की संभावना जतायी गयी, जो अमूमन 8 दिनों तक रहती है। आइएमडी के मुताबिक अगले तीन महीनों में देश के छह राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में गर्मी का ज्यादा असर रहेगा। अप्रैल-जून के दौरान भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलेगी।

अतिथि शिक्षकों पर लाठीचार्ज कई घायल

पटना। मुख्यमंत्री आवास के सामने विरोध कर रहे अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसमें कई शिक्षक चोटिल हो गये। अतिथि शिक्षकों का आरोप है कि इन लोगों की सेवा बिहार सरकार ने 31 मार्च को समाप्त कर दी। राज्य में लगभग चार हजार अतिथि शिक्षकों का रोजगार छिन गया। सोमवार दोपहर शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री आवास के सामने प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन आचार संहिता की बात कहकर पुलिसकर्मियों ने बेरहमी से पिटाई की।

हेमंत के साथ हुआ भेदभाव : कल्पना

पहली बार रामलीला मैदान में बोलने का मौका मिला, यह मेरा सौभाग्य है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा है कि हेमंत सोरेन के साथ भेदभाव हुआ है। अब तो चार जून का इंतजार है, जब देशवासी अपना जनादेश देंगे। सोमवार को दिल्ली से लौटने के बाद बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश में बदलाव की कसमसाहट साफ देखी जा सकती है। उन्होंने दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई महारैली के अनुभवों को साझा किया। कल्पना ने कहा कि यह रामलीला मैदान में उनका पहला कदम था। वह पहले कभी रामलीला मैदान नहीं गयी थीं। वह खुद को सौभाग्यशाली मानती हैं कि झारखंड की तरफ से उन्हें चंपाई चाचा के साथ अपनी बातों को रामलीला मैदान में रखने का मौका मिला। इंडिया गठबंधन को मजबूती देने का मौका मिला।

कल्पना ने आगे कहा जिस तरह से हेमंत सोरेन ने चार साल से झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर काम किया, जिस तरह से उनके साथ भेदभाव किया गया, चुनाव से पहले उनकी गिरफ्तारी हुई है, उन सारी बातों को देश के सामने रखने का मौका मिला। साथ ही साथ महिलाओं, आदिवासियों की बातों को रखने का भी मौका मिला, जिसके लिए मैं खुद को सौभाग्यशाली समझती हूं। अब चार जून का सबको इंतजार करना होगा। तभी पता चलेगा कि बदलाव किस तरह हुआ है। पूरी उम्मीद है जीतकर ही आयेंगे। गांडेय उपचुनाव में प्रत्याशी बनाये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तो ऐसी कोई बात नहीं हुई है।

अरविंद केजरीवाल ने इडी को बताया

आतिशी और सौरभ को रिपोर्ट करता था विजय

- मुख्यमंत्री को कोर्ट ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा
- पहुंचे तिहाड़ जेल, बैरेक नंबर 2 में अकेले रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली की शराब आबकारी नीति केस में सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए तिहाड़ जेल भेज दिया गया। वे जेल नंबर 2 में अकेले रहेंगे। 21 मार्च से जेल में बंद अरविंद केजरीवाल से जुड़े दो मामलों पर राउज एवेन्यू कोर्ट और दिल्ली हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। राउज एवेन्यू कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने दावा किया कि केजरीवाल ने पूछताछ में बताया कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को विजय नायर रिपोर्ट करता था। इडी ने कहा कि केजरीवाल हमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। वे हमें गुमराह कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने

पूछा कि ज्यूडिशियल कस्टडी के लिए ये दलीलें कितनी सही हैं?

एएसजी राजू ने कहा कि केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं शेयर कर रहे हैं। हम बाद में इनकी इडी कस्टडी की मांग करेंगे। ये हमारा अधिकार है। इसके बाद कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मुख्यमंत्री के वकील रमेश गुप्ता ने कोर्ट से कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल में तीन किताबें गीता, रामायण और नीरजा चौधरी की बुक हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड दी जाये।

दूसरा मामला हाइकोर्ट में केजरीवाल के जेल से सरकारी आदेश के खिलाफ था। सुरजीत सिंह यादव ने पीआइएल दाखिल कर जेल से सरकारी आदेश देने पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने सुनवाई करते हुए याचिका खारिज कर दी। उधर, कोर्ट में पेशी के दौरान केजरीवाल ने मीडिया से कहा कि ये जो कर रहे हैं, देश के लिए अच्छा नहीं है। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, दिल्ली की मंत्री आतिशी, गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज भी कोर्ट में मौजूद थे।

ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा होती रहेगी

सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार, नमाज भी होती रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में पूजा पर रोक से सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इनकार कर दिया। इसके साथ ही नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष मसाजिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ज्ञानवापी मसाजिद इंतजामिया कमेटी की नयी याचिका पर सुनवाई कर रहा है। इसमें इलाहाबाद हाइकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गयी है, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुजारी शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास को भी मसाजिद कमेटी की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत की पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि वाराणसी की जिला अदालत ने 31 जनवरी को ज्ञावापी मस्जिद के दक्षिणी (व्यास जी) तहखाने में पूजा का अधिकार देते हुए डीएम को इंतजाम करने का निर्देश दिया था। निर्देश के कुछ घंटे बाद ही डीएम ने यहां पर इंतजाम कर दिया और एक फरवरी से यहां पूजा शुरू हो गयी थी। फिलहाल विश्वनाथ मंदिर प्रशासन के पास ही यहां पर पूजा का अधिकार है। इसी आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाइकोर्ट ने 26 फरवरी को कमेटी की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें 31 जनवरी को जिला अदालत द्वारा तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा-पाठ करने की अनुमति दी गयी थी।

प्रधानमंत्री इलेक्टोरल बांड पर पहली बार बोले

सिस्टम परफेक्ट नहीं, कमियां सुधर सकती हैं : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार इलेक्टोरल बांड के मुद्दे पर बोले। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले भी चुनावों में खर्चा होता था। तब कौन-सा पैसा कहां से आया और किसने खर्च किया, इसकी जानकारी नहीं मिलती थी। कोई भी सिस्टम परफेक्ट नहीं होता। कमियों को सुधारा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने ये बातें तमिलनाडु के न्यूज चैनल दिये एक घंटे के इंटरव्यू में कहीं।

भाजपा ने यूट्यूब चैनल पर इस इंटरव्यू को जारी भी किया।

प्रधानमंत्री से पूछा गया था कि क्या इलेक्टोरल बांड का डेटा पब्लिक होने से पार्टी को झटका लगा है? उन्होंने कहा कि मोदी ने इलेक्टोरल बांड की स्कीम बनायी तो पता चल पा रहा है कि कौन-सा पैसा किसने कब और किसको दिया। जो लोग डेटा पब्लिक होने को लेकर हल्ला मचा रहे हैं, उन्हें बाद में अफसोस होगा। मोदी से पूछा गया कि विपक्ष सरकार पर इडी-सीबीआइ के गलत इस्तेमाल करने आरोप लगा रहा है। इस पर उन्होंने कहा कि हमने इडी की स्थापना नहीं की, न ही हमारी सरकार पीएमएलए कानून लायी है।

हेमंत ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली याचिका

वकील ने कहाः विधानसभा सत्र अब समाप्त हो चुका है इस लिए सुनवाई निरर्थक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन के वकील ने याचिका वापस लेने का आग्रह किया। उन्होंने अदालत से कहा कि वह इस याचिका को वापस लेना चाहते हैं क्योंकि विधानसभा सत्र अब समाप्त हो चुका है। इसलिए यह सुनवाई अब निरर्थक है। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। दरअसल हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं मिली थी। इस साल 23 मार्च से शुरू होकर 2 मार्च तक हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए पूर्व सीएम ने पीएमएलए कोर्ट और हाइकोर्ट से अनुमति मांगी थी। लेकिन दोनों ही अदालतों ने उन्हें सत्र में शामिल होने से मना कर दिया था। सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की खंडपीठ में हुई हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने पक्ष रखा।

3500 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली मामले में कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट से राहत

चुनाव तक आयकर विभाग नहीं करेगा कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से जो नोटिस मिले, उन्हें लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। आयकर विभाग ने कोर्ट को बताया कि वह लोकसभा चुनाव के कारण कांग्रेस से मांगे गये 3500 करोड़ रुपये की वसूली के लिए कोई कदम नहीं उठायेगा। सुप्रीम कोर्ट अब 24 जुलाई को मामले की सुनवाई करेगा।

यह मामला 2018 में कांग्रेस द्वारा दायर एक याचिका से संबंधित है, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गयी थी, जिसमें आयकर विभाग को 2011-2012 के लिए अपने आयकर का पुनर्मूल्यांकन करने की अनुमति दी गयी थी। इस दौरान कांग्रेस पार्टी ने 28 मार्च के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लेख किया, जिसमें कर अधिकारियों द्वारा उसके खिलाफ चार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। हाइकोर्ट द्वारा याचिकाएं खारिज करने के एक दिन बाद कांग्रेस को आयकर विभाग से 1800 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। बाद में तीन और नोटिस भेजे गये जिसमें आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है।

सार्वजनिक किया पार्टी उम्मीदवार का ब्योरा भाजपा ने की शिकायत

कोलकाता/नई दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। पार्टी का आरोप है कि टीएमसी ने बशीरहाट से पार्टी उम्मीदवार रेखा पात्रा की निजी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करके रेखा की निजता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। भाजपा ने आयोग से इस मामले में टीएमसी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही टीएमसी रेखा से बिना शर्त माफी मांगे। भाजपा ने पत्र में लिखा है कि टीएमसी के आधिकारिक हैंडल ने रेखा पात्रा का निजी फोन नंबर, उनकी बैंक डिटेल शेयर की।



भाजपा की चुनाव घोषणा समिति की हुई पहली बैठक

2047 तक 'विकसित भारत' के रोडमैप पर चर्चा, अप्रैल के दूसरे हफ्ते में जारी करने की योजना

घोषणा पत्र के लिए लोगों ने दिये सुझाव : पीयूष गोयल

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद से ही तमाम राजनीतिक दलों में घोषणा पत्र को लेकर कवायद तेज हो गयी है। भाजपा ने 30 मार्च को चुनाव घोषणापत्र समिति का एलान किया था, जिसके अध्यक्ष भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। सोमवार को भाजपा की चुनाव घोषणापत्र

समिति की पहली बैठक हुई, जिसमें 'विकसित भारत' एजेंडे का रोडमैप केंद्र में रहा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच होने हैं।

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में 2047 तक विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा की गयी। हमारे घोषणापत्र के लिए लोगों की भागीदारी पीएम मोदी के नेतृत्व में उनके विश्वास और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दशार्ती है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोगों से मिले सभी सुझावों को कई श्रेणियों के तहत छांटा जायेगा और समिति की अगली बैठक के लिए सीमित कर दिया जायेगा। समिति के सह-संयोजक गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलायी गयीं, जो लोगों तक पहुंचीं और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। गौरतलब है कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 20 सदस्यों वाली मैनिफैस्टो कमेटी बनायी थी। तब भी उसकी कमान तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह को ही सौंपी गयी थी। इस बार भी उन्हें ही यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कहा जा रहा है कि भाजपा अप्रैल के दूसरे हफ्ते में घोषणापत्र जारी करने की योजना बना रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 64,100 रु./10 ग्राम
चांदी 79,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
02

लोहरदगा में इस बार चमरा लिंडा तोड़ सकते हैं सीधे मुकाबले की परंपरा

■ झामुमो विधायक यदि मुकाबले में उतरे, तो फिर यहां हो जायेगा त्रिकोणीय मुकाबला

■ सीधे मुकाबला हुआ, तो भी समीर उरांव और सुखदेव भगत के सामने होगा बड़ा चैलेंज

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड ही नहीं, देश के सबसे छोटे संसदीय क्षेत्रों की सूची में शुमार लोहरदगा इस बार भी चुनावी रोमांच के बेहद करीब है। भाजपा ने अपने राज्यसभा सांसद और एसटी मोर्चा के अध्यक्ष समीर उरांव को मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने पूर्व विधायक सुखदेव भगत को यहां से टिकट दिया है। ऐसे कयास लगाये जा रहे थे कि लोहरदगा में इन दोनों उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा, जैसी कि परंपरा है, लेकिन इसी बीच बिशुनपुर से झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने चुनाव मैदान में उतरने के संकेत देकर इस रोमांच को और बढ़ा दिया है। यदि वह इस मुकाबले में बतौर निर्दलीय उतरते हैं, तो लोहरदगा के लिए बेहद रोमांचक मुकाबले की बात होगी, क्योंकि यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच आम तौर पर सीधे मुकाबले की परंपरा रही है। हालांकि पिछले तीन चुनावों में चमरा लिंडा ने मुकाबले को त्रिकोणीय बनाया था। छोटा संसदीय क्षेत्र होने के कारण यहां का चुनावी मुकाबला अक्सर काफी नजदीकी रहा है और अंतिम समय तक उम्मीदवारों की धड़कनें तेज रही हैं। लेकिन यदि इस बार चमरा लिंडा सचमुच मैदान में उतरे, तो यह रोमांच और भी बढ़ जायेगा। जहां तक विधानसभा क्षेत्रों की बात है, तो लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के तहत आनेवाली पांच विधानसभा क्षेत्रों में से तीन झामुमो के पास और दो कांग्रेस के पास हैं। इसलिए भाजपा को यहां अतिरिक्त जोर लगाना होगा और 2019 में लोकसभा चुनाव में हासिल मतों को दोबारा हासिल करने के लिए कुछ बड़ा करना होगा। दूसरी तरफ सुखदेव भगत को भी समीर उरांव की सादगी और ग्रामीण इलाकों में उनकी पकड़ का सामना करने की चुनौती होगी। ऐसे में दोनों ही प्रत्याशियों को चमरा लिंडा के अगले कदम का इंतजार है। यदि चमरा लिंडा लोहरदगा से मुकाबले में उतरे, तो क्या हो सकता है समीकरण और पिछले चुनाव में क्या था समीकरण, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच लोहरदगा के लोगों ने राजनीतिक हलचल भी देखी है। यहां का चुनाव परिणाम हमेशा ही चौंकाने वाला रहता है। वैसे तो यहां कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होता है, लेकिन कभी-कभी निर्दलीय प्रत्याशी की उपस्थिति भी त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर दिखा देती है। इस बार भी लोहरदगा में कुछ वैसे ही हालात नजर आ रहे हैं। झारखंड में कांग्रेस, झामुमो और राष्ट्रीय जनता दल के बीच गठबंधन है। तीनों ही दल इंडी गठबंधन का हिस्सा भी हैं। झारखंड में लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर इंडी गठबंधन के बीच स्थिति सामान्य दिखायी दे रही है। हालांकि सब कुछ सामान्य नहीं है। इसका एक बड़ा उदाहरण लोहरदगा बन सकता है।

2004, 2009 और 2014 में त्रिकोणीय मुकाबला हुआ

लोहरदगा लोकसभा सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के बीच ही मुकाबला हुआ था, लेकिन इस बार बिशुनपुर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक भी लोहरदगा लोकसभा सीट पर अपना दावा कर रहे हैं। कयास लगाये जा रहे हैं कि यदि बात नहीं बनी, तो चमरा लिंडा बगावत कर निर्दलीय के रूप में यहां से चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने अपने फैसले से झामुमो नेतृत्व को अवगत करा दिया है।

कांग्रेस का खेल बिगाड़ेंगे चमरा लिंडा

चमरा लिंडा इस क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनका अपना वोट बैंक है। यदि वह लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं, तो इसका सबसे अधिक नुकसान कांग्रेस पार्टी को होगा। अब कांग्रेस को झामुमो नेतृत्व के रुख का इंतजार है। यदि वह चमरा लिंडा को रोक नहीं सका, तो फिर लोहरदगा में मुकाबला त्रिकोणीय हो जायेगा। लोहरदगा लोकसभा सीट पर चमरा लिंडा के दावा करने के पीछे एक वजह भी है। इस क्षेत्र में वह एक मजबूत नेता के रूप में जाने जाते हैं। तीन लोकसभा चुनाव का परिणाम तो कुछ ऐसा ही कहता है। चुनावी आंकड़ों पर गौर करें, तो साल 2004 के चुनाव से लेकर साल 2014 तक के चुनाव में चमरा लिंडा ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी थी।

पहले भी निर्दलीय उतर चुके हैं चमरा लिंडा

साल 2004 के चुनाव में चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे थे। वह चुनाव कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव ने जीता था। उस चुनाव में उन्हें 223920 वोट मिले थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के दुखा भगत को 133665 वोट से संतोष करना पड़ा था। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने 58947 वोट लाकर सबको हैरान कर दिया था। वर्ष 2009 के चुनाव में फिर एक बार चमरा लिंडा चुनाव मैदान में थे। उस बार भी वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। उस लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सुदर्शन भगत चुनाव जीत गये थे। सुदर्शन भगत को इस चुनाव में 144628 वोट मिले थे। निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा को 136345 वोट प्राप्त हुए थे। तीसरे स्थान पर रहने वाले कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव को 129622 वोट मिले थे। साल 2014 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सुदर्शन भगत चुनाव जीते थे। उस चुनाव में उन्हें 226666 वोट मिले थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले कांग्रेस के रामेश्वर उरांव को 220177 वोट मिले थे। वहीं, तीसरे स्थान पर रहने वाले ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी रहे चमरा लिंडा को 118355 वोट मिले थे। इसलिए कहा जा रहा है कि कई चुनाव में बड़े राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के पसीने छुड़ा चुके चमरा लिंडा के इस बार चुनाव मैदान में उतरने की स्थिति में भाजपा-कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं होगी।

भाजपा ने क्यों खेला समीर उरांव पर दांव

लोहरदगा लोकसभा सीट में इस बार राज्यसभा सांसद समीर उरांव भाजपा के प्रत्याशी हैं। सुदर्शन भगत लगातार 15 साल इस यहां से सांसद रह चुके हैं। अब इसके बाद समीर उरांव के नाम की घोषणा पार्टी की ओर से प्रत्याशी के रूप में की गयी है। लोगों के बीच यह चर्चा जरूर है कि समीर उरांव पर आखिर भाजपा ने दांव क्यों खेला है, जबकि सुदर्शन भगत एक साधारण व्यक्तित्व और सरल स्वभाव के जन प्रतिनिधि के रूप में लोगों के बीच अपना स्थान रखते थे। पार्टी में उनकी स्थिति भी मजबूत थी। फिर भी उनका टिकट कट जाना लोगों को समझ में नहीं आ रहा।

क्या है इस बार का चुनावी परिदृश्य

जहां तक 2024 के चुनावों का सवाल है, तो ऐसा लगता है कि महंगाई और बेरोजगारी जैसे आम लोगों से जुड़े मुद्दे इस बार पृष्ठभूमि में चले गये हैं, क्योंकि यहां लोग सरना कोड, राष्ट्रवाद और नक्सली समस्या के त्रिकोण में फंसे हुए नजर आते हैं। बॉक्साइट के अलावा कार्तिक उरांव और गुमला के परमवीर अल्बर्ट एक्का के कारण इस इलाके को पहचान मिली। कार्तिक उरांव ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र और आदिवासियों के उत्थान के लिए काफी काम किया। आज भी कांग्रेस यहां कार्तिक उरांव के सपनों को पूरा करने के नाम पर वोट मांगती है। इस सीट की 96 फीसदी आबादी गांवों में रहती है, जो खेती और जंगल में लकड़ी काटकर अपना गुजर-बसर करती है। क्षेत्र में रोजगार के साधन नहीं हैं, जिसका असर यहां के लोगों के जन- जीवन पर दिखता है। जंगल की लकड़ी बेचकर बड़ी आबादी का घर चलता है।

शेफाली बी शरण ने पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का पदभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/नयी दिल्ली। शेफाली बी शरण ने मनीष देसाई की सेवानिवृत्ति के बाद सोमवार को पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है। शरण भारतीय सूचना सेवा के 1990 बैच की अधिकारी हैं। तीन दशकों से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान, उन्होंने वित्त, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना और प्रसारण जैसे मंत्रालयों के लिए पत्र सूचना कार्यालय अधिकारी के रूप में बड़े पैमाने पर मीडिया प्रचार कार्यों को संभालने वाले कैडर संबंधी दायित्वों को निभाया है। वह भारत निर्वाचन आयोग की प्रवक्ता के रूप में भी काम कर चुकी हैं। साथ ही, उन्होंने ओएसडी (सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सूचना नीति, 2000-2002) के कैडर पोस्ट पर काम करने और 2007-2008 में एलएसटीवी, लोकसभा सचिवालय में निदेशक, प्रशासन एवं वित्त के रूप में दायित्व निभाने के अलावा केंद्रीय कर्मचारी योजना प्रतिनियुक्ति के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय (पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली विभाग/आयुष विभाग (2002-2007) और वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग 2013-2017) में निदेशक के रूप में भी काम किया है। पदभार संभालने पर, सुश्री शरण का पत्र सूचना कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।

निधि खरे ने उपभोक्ता मामलों की सचिव का पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आइएएस निधि खरे ने सोमवार को उपभोक्ता मामलों की सचिव का पदभार ग्रहण किया। उन्हें पिछले महीने इस विभाग का सचिव नियुक्त किया गया था। रोहित कुमार सिंह की सेवानिवृत्ति के बाद सोमवार को पदभार ग्रहण किया। वे इस विभाग में अतिरिक्त सचिव भी रह चुकी हैं। फिलहाल उपभोक्ता मामलों के विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में काम कर रही थीं। निधि खरे झारखंड कैडर की अधिकारी हैं। वे कार्मिक, स्वास्थ्य, वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव सहित जमशेदपुर, दुमका, मधुबनी की जिलाधिकारी रह चुकी हैं। उनकी पहचान झारखंड की तेज तर्रार अधिकारी के रूप में है। उन्होंने राज्य और केंद्र में सरकार की कई नीतियों को सफलतापूर्वक लागू कराया है। श्रीमती खरे ने सीसीपीए की मुख्य आयुक्त के रूप में उपभोक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण मामलों पर संज्ञान लिया था।

आरडीसीआइएस के प्रमुख बने संदीप कुमार कर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सेल के कार्यपालक निदेशक संदीप कुमार कर ने सेल के आरएंडडी सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील (आरडीसीआइएस) के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उनके पूर्ववर्ती एन बनर्जी 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गये। एनआइटी (दुर्गापुर) से धातुकर्म में अभियांत्रिकी स्नातक की उपाधि के पश्चात वह 1991 में एलॉय स्टील प्लांट (एएसपी), दुर्गापुर में एमटी (टी) के रूप में सेल में शामिल हुए। एएसपी में मुख्य रूप से अनुसंधान एवं नियंत्रण कार्यों में लगभग 28 वर्ष बिताने के बाद उन्हें भिलाई इस्पात संयंत्र में मुख्य महाप्रबंधक (गुणवत्ता) के पद पर पदोन्नत किया गया। 2022 में उन्हें बीएसपी, भिलाई में एसएमएस-3 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। 2023 में उन्होंने बाजार में सेल को मजबूत करने के लिए नवीन तकनीकों की शुरुआत के लिए प्रतिष्ठित 'अध्यक्ष का उत्कृष्टता अनुसंधान एवं विकास पुरस्कार' जीता। उसी वर्ष उन्हें इडी के रूप में पदोन्नत किया गया और आरडीसीआइएस में स्थानांतरित किया गया। एएसपी, दुर्गापुर में अपने कार्यकाल के दौरान श्री कर ने वीओडी-एओडी मार्ग के माध्यम से देश के रक्षा क्षेत्र के लिए विशिष्ट इस्पात उत्पाद, जैसे स्पेड, जैकल इत्यादि का मार्गदर्शन किया। इस दौरान वे स्टेनलेस स्टील के विभिन्न गुणों वाले इस्पात के विकास में सक्रिय रूप से शामिल थे। उन्होंने भिलाई में 1175 एचटी रेल के विकास और रेलवे द्वारा अनुमोदन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने सतही अनुप्रयोगों के लिए भारतीय नौसेना को लगभग 35 हजार टन डीएमआर 249ए जहाज निर्माण, गुणवत्ता प्लेटों की आपूर्ति करने के लिए मिधानी एमडीएन 250 फोर्ज्ड प्लेटों के सफल रूपांतरण रोलिंग में मदद की। इसके अलावा आइएसओ/आइइसी 17025: 2017 के अनुसार एनएबीएल मान्यता की प्राप्ति भी उनके नेतृत्व में ही हुई। वह बोकोनी, इटली में प्रतिष्ठित 'बिजनेस एक्सीलेंस में रणनीतिक प्रबंधन में उन्नत कार्यक्रम' में सफलतापूर्वक सम्मिलित हुए हैं।

ज्योति अग्रवाल हत्याकांड मामले में पति समेत चार गिरफ्तार

पति ने ही सुपारी देकर करायी थी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां पुलिस ने ज्योति अग्रवाल हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने मामले में ज्योति के पति रवि अग्रवाल और तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। रवि अग्रवाल ने ही अपनी पत्नी ज्योति की हत्या सुपारी देकर करवायी थी।

सरायकेला के एसपी मनीष टोप्पो ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि बीते शुक्रवार को चांडिल थाना अंतर्गत कांदरबेड़ा एवं वेव इंटरनेशनल होटल के बीच एनएच-33 पर ज्योति अग्रवाल की अपराधियों ने उस वक्त हत्या कर दी थी जब वह अपने पति रवि अग्रवाल और बच्चों के साथ पंजाब होटल में खाना खाकर वापस लौट रही थीं। एसपी ने बताया कि ज्योति अग्रवाल के पिता प्रेमचंद अग्रवाल ने लिखित आवेदन दिया था, जिसमें उन्होंने अपने दामाद रवि अग्रवाल के विरुद्ध षड्यंत्र के तहत उनकी बेटी की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इसके बाद चांडिल एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर अनुसंधान के क्रम में पाया कि ज्योति और रवि के बीच शादी के बाद से ही अनबन चल रही थी। आये दिन दोनों के बीच लड़ाई-झगड़ा होता था। जांच में पाया कि रवि अग्रवाल ने 16 लाख रुपये में मुकेश मिश्रा नाम के व्यक्ति और उसके दो साथियों को सुपारी देकर अपनी पत्नी को जान मारने की योजना बनायी।

एसपी ने बताया कि योजना के अनुसार आरोपित रवि पूर्व में दो बार विफल हो चुका था, लेकिन 29 मार्च को निर्धारित योजना के अनुसार वह पत्नी ज्योति तथा बच्चों के साथ बालिगुमा स्थित मिनी पंजाब होटल से खाना खाकर लौट रहा था। रास्ते में चांडिल थाना अंतर्गत कांदर बेड़ा एवं वेव इंटरनेशनल होटल के बीच एनएच 30 के किनारे उल्टी करने का बहाना बनाकर कार खड़ी कर दी। इसके तुरंत बाद मुकेश मिश्रा अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और ज्योति अग्रवाल को सुनियोजित तरीके से कनपटी पर बंदूक से गोली मार कर हत्या कर दी।

एसपी ने बताया कि आरोपित ने पेशगी के तौर पर बदमाशों को तीन लाख रुपये दिये थे। बाकी पैसे काम होने के बाद देने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी चार लाख रुपये में सौदा हुआ था। गंगटोक ले जाकर हत्या करने का प्रयास भी किया था, मगर वहां असफल रहा था।

एसपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपित पति और तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्त में आये तीन बदमाशों में पंकज कुमार साहनी, रोहित कुमार दुबे और मुकेश मिश्रा हैं। पुलिस ने इनके पास से एक लोडेड देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, रवि अग्रवाल के पास से दो स्मार्टफोन, रोहित कुमार दुबे के पास से एक स्मार्टफोन, मुकेश मिश्रा के पास से एक स्विफ्ट कार और दो स्मार्टफोन, पंकज साहनी के पास से एक फोन बरामद किया है।

पुलिस चेकिंग के दौरान दो वाहनों से 2.58 लाख रुपये जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। गिरिडीह के बेंगाबाद थाना पुलिस ने दो पिकअप वैन से दो लाख 58 हजार रुपये जब्त किया है। इसकी पुष्टि एसपी दीपक कुमार शर्मा ने की है। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन से दो लाख 58 हजार रुपये बिहार के जमुई से चुनाव में इस्तेमाल होने के लिए ही गिरिडीह भेजा जा रहा था। इसी दौरान थाना प्रभारी ने थाना इलाके के छोटकी खरगडीहा के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। एक पिकअप वैन से एक लाख 57 हजार तो दूसरे में एक लाख छह हजार रुपये जब्त किया। ये रुपये किसके हैं और किसके पास भेजा जा रहा था, फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	35.8 °C	20.8 °C
सूर्यास्त (आज)	:	18.04 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.40 बजे

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in

इंडी गठबंधन का भ्रष्टाचार से भाईचारा है : बाबूलाल

कांग्रेस पार्टी बताये टैक्स की चोरी की है या नहीं

इनकम टैक्स का नोटिस सही है या गलत?

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को इंडी गठबंधन पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि देश के सारे भ्रष्टाचारी आज रैली कर भ्रष्टाचार को जस्टिफाई कर रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ।

कहा कि इंडी गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जितना हमला कर लें वे भ्रष्टाचार के खिलाफ पीछे हटने वाले नहीं। जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने वालों को इसे पाई-पाई लौटाना ही होगा। ये मोदी की गारंटी है।

उन्होंने कहा कि इंडी ठगबंधन घोटालेबाजों की बारात है जो देश को केवल लूटना चाहते हैं। ये चाहते हैं घोटाला करते रहें और कानूनी कार्रवाई भी नहीं हो।

घमंडिया गठबंधन अपने लिए स्पेशल कानून चाहता है

उन्होंने कहा कि ये लोकतंत्र की बात करते हैं। लेकिन लोकतंत्र में तो कानून सबके लिए बराबर होता है। जबकि घमंडिया गठबंधन अपने लिए स्पेशल कानून चाहता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में तो जल, जंगल जमीन की लूट मची है। प्रधानमंत्री आवास के लिए भी लोगों को बालू नहीं मिल रहा। अवैध तस्करी से बालू यूपी-बिहार भेजा जा रहा। पत्थर की लूट मची। एक जिला में एक हजार करोड़ से ज्यादा के भ्रष्टाचार उजागर हुए। बेरोजगारों की नौकरी तक बेच दी गयी।

उन्होंने इंडी ठगबंधन के नेताओं के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन सभी के दिनचर्या में शामिल हैं मोदी जी को गाली दो, देश को बदनाम करो, सनातन को गाली दो, जांच एजेंसियों को इग्नोर करो, कार्रवाई हुई तो कोर्ट पहुंचो, कोर्ट फटकार लगाये तो कहीं आदिवासी तो कहीं और कुछ का विक्टिम कार्ड खेलो, लोकतंत्र पर खतरा बताओ, जनता को गुमराह करो, सारे चोर इकट्ठा हो जाओ, जोर-जोर से बोलो, छाती पीट कर बोलो भ्रष्टाचार को बचाओ।

उन्होंने कहा कि यदि इन्हें जांच एजेंसियां परेशान कर रहीं तो फिर मनीष सिसोदिया, संजय सिंह को जमानत क्यों नहीं मिल रही, हेमंत सोरेन को कोर्ट जमानत क्यों नहीं दे रहा। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स रिकवरी को दिल्ली हाइकोर्ट ने सही ठहराया है। कांग्रेस पार्टी बताये कि उसने टैक्स चोरी किया है या नहीं, कांग्रेस बताये इनकम टैक्स नोटिस सही है या गलत, कांग्रेस ने इनकम टैक्स फाइल क्यों नहीं किया।

कहा कि कांग्रेस ने आकाश से पाताल तक के घोटाले किये। इनका शीर्ष नेतृत्व 5000 करोड़ के घोटाले में जेल से बेल पर है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का नाटक करने वाले आप के नेता आज कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं, राजद सिर से पैर तक भ्रष्टाचार में डूबा है, झामुमो की बुनियाद ही भ्रष्टाचार पर टिकी है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल पहुंच चुके हैं। तृणमूल तोलाबाजी, कट मनी, हफ्ता वसूली का अड्डा है। सारे बामपंथी सनातन धार्मिक संस्थानों की पवित्रता और लोकतांत्रिक संस्थानों को कमजोर करने का लगातार प्रयास करते हैं।

उन्होंने कहा कि देश की जनता इंडी ठगबंधन की सच्चाइयों से वाकिफ है और समय आने पर माकूल जवाब देगी। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति और आडवाणी की एक तस्वीर पर बढ़ गया विवाद

राष्ट्रीय प्रतीक का पीएम मोदी ने अपमान किया : सुप्रियो

जेएमएम ने पीएम मोदी पर लगाया अपमान करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार 31 मार्च को बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया। एलके आडवाणी को यह सम्मान उनके दिल्ली स्थित आवास में दिया गया। इस दौरान उनके सबसे प्रिय शिष्य पीएम मोदी भी मौजूद थे लेकिन इस सम्मान कार्यक्रम पर कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने आपत्ति जतायी है। उनका आरोप है कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। वहीं जेएमएम का कहना है कि जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एलके आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही थीं तब, पीएम मोदी अपनी सीट पर बैठे हुए थे।

संसद भवन के उद्घाटन और भूमि पूजन में राष्ट्रपति को क्यों नहीं किया गया शामिल: जेएमएम:

संसद भवन के उद्घाटन और राम मंदिर के भूमि पूजन में राष्ट्रपति को नहीं ले जाया गया। क्योंकि राष्ट्रपति आदिवासी हैं। बीजेपी आदिवासी समुदाय का सम्मान तो करती नहीं है। कम से कम मोदी जी को राष्ट्रपति पद का सम्मान कर देना चाहिए। चुनाव में जीत मिलेगी या नहीं इसका रिजल्ट 4 जून को आना है। लेकिन उससे पहले ही नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम बन चुके हैं। राष्ट्रपति के सम्मान में खड़ा नहीं होना यह राष्ट्रीय प्रतीक का अपमान है। भारत रत्न राष्ट्र का प्रतीक है।

दिल्ली के रामलीला मैदान का उत्साह सत्ता बदलने का संकेत: जेएमएम

रामलीला मैदान में सत्ता बदलने के लिए लोगों का उत्साह था। पूरे देश के लोग हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। आप कितना भी आतंक का राज चला लें देश बदलाव के मूड में है। भारत रत्न से चौधरी चरण सिंह भी नवाजे गये और उन्हीं के बेटे को भरे मंच पर कैसे अपमानित किया गया। जिसे पूरा देश ने देखा है।

कांग्रेस सरयू को प्रत्याशी बनाये तो करेंगे पूरा समर्थन: सुप्रियो

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को कहा कि पिछले चुनाव में हमने सरयू राय को राज्य के तानाशाही मुख्यमंत्री को हराने के लिए गठबंधन के बावजूद सपोर्ट किया था। रही बात लोकसभा की, तो धनबाद सीट कांग्रेस के हिस्से में है। अगर कांग्रेस वहां से सरयू राय को प्रत्याशी बनाती है तो झामुमो खुलकर उनका समर्थन करेगा। बता दें कि जमशेदपुर पूर्वी से विधायक सरयू राय ने बीते दिन खुद इच्छा जाहिर की थी कि अगर इंडिया गठबंधन समर्थन करे, तो वह धनबाद से लोकसभा का चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि भाजपा ने धनबाद सीट से संगीन अपराधों के आरोपी ढुल्लू महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है। ढुल्लू को हराने के लिए उन्हें चुनाव लड़ने से परहेज नहीं है। इसे लेकर वे कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम समेत कई नेताओं से बातचीत कर चुके हैं। कहा था कि अगर ढुल्लू जैसे दुर्दांत व्यक्ति को संसद में पहुंचने से रोकना है, तो मुझे समर्थन दीजिए।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ.व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

वृष कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सोचा हुआ काम पूरा होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

मिथुन प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सद्भावनाएं और शुभ संदेश प्राप्त होगा।

कर्क विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

सिंह कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल और कर्मबल में वृद्धि होगी।

कन्या नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

तुला परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

वृश्चिक स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।

धनु आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

मकर आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

कुंभ लाभकारी प्रयास सफल होगा स्वजन-मित्रों का सहयोग स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

मीन चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

नहीं बढ़ा हाइवे और एक्सप्रेस-वे पर टोल टैक्स, एनएचएआइ ने फैसला लिया वापस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआइ ने 31 मार्च/1 अप्रैल की मध्य रात्रि 12 बजे से देशभर के हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर टोल टैक्स बढ़ाने के निर्णय को वापस ले लिया है। सूत्रों के अनुसार रविवार देर रात एनएचएआइ मुख्यालय ने टोल टैक्स नहीं बढ़ाने का निर्णय लिया है। 1 अप्रैल से झारखंड के टोल प्लाजा से बड़ी भी दर पर टोल की वसूली शुरू नहीं हुई है। अब भी वर्ष 2023 की टोल दरें भी पूर्व की भांति प्रभावी रहेंगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता को देखते हुए एनएचएआइ ने अपना निर्णय वापस लिया। ऐसे में एनएच पर चलने वाले वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली है। इस संबध में एनएचएआइ झारखंड के क्षेत्रीय पदाधिकारी एनएन गिरी ने बताया टोल की बढ़ोतरी फिलहाल नहीं की गयी है। अब भारत सरकार के अगले आदेश के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जायेगा। बता दें कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने कुछ दिन पहले ही टोल दरों को संशोधित किया था। टोल प्लाजा से गुजरनेवाले वाहनों से 1 अप्रैल से बढ़ी दरों का भुगतान लेने की तैयारी थी।

परिवहन निगम ने बसों के किराये का सरचार्ज बढ़े टोल दर के हिसाब से रविवार को तय करना शुरू किया। रात करीब नौ बजे एनएचएआइ के अधिकारियों का पत्र जारी हुआ कि 1 अप्रैल से होनेवाली टोल दरों में संशोधन अगले आदेश तक नहीं होगा।

पूजा सिंघल की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

रांची (आजाद सिपाही)। मनरेगा घोटाले में मनी लाउंड्रिंग के आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल एवं अन्य से जुड़े मामले में इडी की ओर से अगली गवाही 12 अप्रैल को होगी। मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल जेल में हैं। अदालत ने पूजा सिंघल एवं इंजीनियर शशि प्रकाश की न्यायिक हिरासत अवधि 12 अप्रैल तक बढ़ा दी है। जेल में बंद आरोपियों को कोर्ट में वीसी के माध्यम से पेश किया गया था। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है। पिछली सुनवाई में खूंटी के कार्यपालक अभियंता सिंकदर साहू की गवाही दर्ज की गयी थी।

संवैधानिक संस्थाओं के साथ ही राष्ट्रपति का अपमान : बंधु तिर्की

लालकृष्ण आडवाणी को भारतरत्न से सम्मानित करने के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य लोगों का बैठे रहना दुर्भाग्यपूर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 मार्च को लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर भारतरत्न से सम्मानित करने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने आडवाणी को सम्मानित किया। वह खड़ी रहीं, जबकि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी लोग बैठे रहे। उन्होंने कहा कि यह न केवल राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद का अपमान है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के साथ ही आदिवासियों को भी अपमानित किया है। साथ ही कहा कि अप्रत्यक्ष रूप में इसे यदि आदिवासियों एवं महिलाओं की प्रताड़ना कहा जाये तो यह गलत नहीं होगा। बंधु तिर्की ने यह भी कहा है कि देश के लगभग सभी संवैधानिक संस्थाओं को अपमानित करने और अधिकांश पर दबाव कायम करने के बाद मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से न्यायालयों पर भी दबाव डालती रही है।

देशभर के आदिवासी दलितों का यह अपमान

हाल के दिनों में प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू भी आये थे। आदिवासियों के सम्मान के साथ ही गौरव दिवस भी मनाया गया। ये सब ढोंग रचने वाले देश का महान जादूगर हैं। उन्होंने कहा कि देशभर के आदिवासी दलितों का यह अपमान है। देशभर में इसकी निंदा होनी चाहिए। किस तरह से आदिवासी दलितों का अपमान किया जा रहा है। इस बार चुनाव में मुद्दा बनाया जायेगा। जहां भी जायेंगे लोगों को इस तस्वीर को दिखाने का काम करेंगे। उन्होंने बीजेपी के आदिवासी कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्हें चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए।

लोकतंत्र के लिए भी है घातक : उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति एक चीज है दूसरी तरफ, चुनाव में जीतना और हार जाना या फिर सत्ता में आना-जाना अथवा विपक्ष में रहना दूसरी चीज है। लेकिन इसका प्रभाव यदि राजनीतिक व्यवहार पर पड़ता है तो यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि देश के लोकतंत्र के लिए भी घातक है। जिस प्रकार से देश की चार सुप्रसिद्ध शख्सियतों को राष्ट्रपति भवन में एक दिन पहले ही भारतरत्न से सम्मानित किया गया था, उसी तरह का कार्यक्रम यदि राष्ट्रपति भवन में ही होता और आडवाणी सम्मानित होते तो यह कहीं अधिक गौरव की बात होती। यह सम्मान देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद के साथ ही सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रपति भवन से भी जुड़ा हुआ है। यदि किसी कारण इस कार्यक्रम का आयोजन आडवाणी के आवास पर किया भी गया तो वहां सारे डिकोरम को पूरा करना चाहिए था और सम्मानित करने के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही सभी लोगों को सम्मान में खड़ा होना चाहिए था। ऐसा करना न केवल भारतरत्न जैसे देश के सबसे प्रतिष्ठित सम्मान के लिए आवश्यक था बल्कि देश के प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान के लिए भी आवश्यक था और यदि ऐसा होता तो इससे देश के सभी नागरिकों के साथ-साथ विशेष रूप से महिलाओं एवं जनजातीय समुदाय के लोगों के बीच भी एक सकारात्मक और अच्छा संदेश जाता।

सेंट्रल विस्टा नयी दिल्ली में मिलेंगी आठ दुकानें

परोसे जायेंगे झारखंडी व्यंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्र सरकार नयी दिल्ली के सेंट्रल विस्टा अंतर्गत 8 दुकानों को राज्य सरकार को हस्तांतरित करेगी। इस संबंध में शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार ने स्थानिक आयुक्त, झारखंड भवन व राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। इन आठ दुकानों में झारखंड के व्यजनों की बिक्री होगी। भारत सरकार ने 16 दुकानों का आवंटन करने का फैसला लिया है। इसमें नार्थ ब्लॉक में आठ दुकानें व साउथ ब्लॉक में आठ दुकानें हैं। इसके लिए शर्तें भी निर्धारित की गयी हैं। केंद्र के निर्देश के बाद नगर विकास विभाग ने मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग को पत्र लिखा है और झारखंड भवन के माध्यम से आठ दुकानों का हस्तांतरण राज्य सरकार के पक्ष में कराने का अनुरोध किया है। इन दुकानों का आवंटन पहले तीन वर्षों के लिए किया जायेगा। बिजली और पानी की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। फूड व्यंजन दुकानों, रेस्त्रां में किचन की व्यवस्था बेहतर रखने की शर्त रखी गयी है, साथ ही एफएसएसएआइ के निर्धारित मानक के अनुसार भोजन की गुणवत्ता रखने को कहा गया है। मिली जानकारी के अनुसार कैबिनेट सचिवालय इस दिशा में जल्द ही अग्रतर कार्रवाई करेगा।

कहां है सेंट्रल विस्टा

नयी दिल्ली में राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक के 3.2 किमी लंबे क्षेत्र को सेंट्रल विस्टा कहते हैं। दिल्ली के सबसे ज्यादा देखे जानेवाले पर्यटन स्थलों में यह शामिल है।

दो दिवसीय फैशन प्वॉइंट वेडिंग डायरी एग्जीबिशन का उद्घाटन

देश के बड़े डिजाइनर्स ने किया फैशन प्वाइंट एग्जीबिशन में अपने लेटेस्ट कलेक्शन की लांचिंग

कस्टमाइज्ड ड्रेसेस की मिल रही है सुविधा, बेहतरीन खरीदारी का आज आखिरी मौका

एग्जीबिशन में विजिटर को मिल रहा है चांदी का सिक्का जीतने का मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दो दिवसीय फैशन प्वॉइंट्स वेडिंग डायरी एग्जिबिशन होटल कैपिटल हिल में सोमवार को शुरू हुआ। एग्जीबिशन का उद्घाटन पूर्व उप मुख्य मंत्री सुदेश महतो की पत्नी नेहा महतो ने किया। शो में क्वीन ऑफ इंडिया इंद्राणी रॉय एवं मिसेस इंडिया इंटरनेशनल क्वीन स्नेहा भगत स्पेशल गेस्ट के रूप में उपस्थित हुईं। इस बार फैशन प्वाइंट के इस अमेजिंग इवेंट में देश के बड़े डिजाइनर्स ने अपने लेटेस्ट फैशन कलेक्शन की लॉन्चिंग की। जिसे देखने रांचीवासी बड़े उत्साह से पहुंचे और खरीदारी करते दिखे। पहले दिन ही एग्जीबीशन में भारी भीड़ रही। देर शाम तक लोग खरीदारी करने जुटते रहे। कोलकाता के मशहूर फैशन डिजाइनर अभिषेक राय ने हैंडमेड हैंडलूम साड़ियों के बेहतरीन कलेक्शन को लॉन्च किया। जिसे आप कस्टमाइज भी करवा सकते हैं। वहीं शांति निकेतन के कार्तिक मना के बाटिक प्रिंट के एक्सक्लूसिव कलेक्शन पियोर कॉटन सिल्क में लेडीस और मेंस वियर के जैकेट, क्रॉप टॉप और एक्सक्लूसिव साड़ियों की बेहतरीन कलेक्शन की पेशकश की गयी। डिजाइनर दीक्षा की कस्टमाईज ड्रेसस की सुविधा भी आपको यहां मिल रही है।

एग्जिबीशन में इस बार मुंबई दिल्ली कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरु, जैसे मेट्रो सिटीज के साथ-साथ लखनऊ, बनारस, जयपुर, पंजाब के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के कलेक्शन भी देखने को मिल रहें हैं। जो खास कर रांची वासियों के लिए डिजाइन किये गये हैं। इस बार फैशन प्वॉइंट के इस शो की खास बात यह है कि यहां पेश किये गये तमाम कलेक्शन पूरी तरह से प्योर हैंडमेड एंड हैंडलूम पर फोकस्ड हैं। स्प्रिंग समर वियर के साथ-साथ वेडिंग और कस्टमाईज कलेक्शन के लेटेस्ट रेंज उपलब्ध हैं। बेहतरीन खरीदारी का आज आखिरी मौका है। शो में आने वाले फेस्टिवल ईद, गंगोर, बैशाखी एवं वेडिंग सीजन को देखते हुए फेस्टिव कलेक्शन उपलब्ध कराये जा रहें हैं। एग्जीबिशन में प्रति घंटे विजिटर्स के लिए लकी ड्रॉ किया जा रहा है, जिसमें विजिटर को चांदी के सिक्के जितने का मौका मिल रहा है। एग्जीबिशन के कई स्टॉल चैरिटी के लिए समर्पित है।

गिरिडीह में दो महिलाओं की संदेहास्पद मौत, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। जिले के दो थाना क्षेत्रों में सोमवार को दो महिलाओं के अस्वाभाविक मौत का मामला सामने आया है। दोनों थानों की पुलिस अपने स्तर से पड़ताल में जुटी है। पहला मामला तिसरी थाना के बेलवाणा गांव का है। मोकिना खातून नामक महिला की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गयी है। मृतका की मां शेरुन खातून, मौसी मोरिना खातून ने अपने दामाद मिसाल अंसारी सहित ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

मामले की सूचना मिलने पर शव को तिसरी पुलिस ने जब्त कर थाना ले गयी और शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है। बताया गया कि मोकीना खातून की शादी पांच वर्ष पूर्व बेलवाना गांव के मिशाल अंसारी से मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुई थी। मृतका अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ गयी है। मृतका की मां मसोमत शेरून खातून ने बताया कि कुछ माह से पति पत्नी के बीच काफी झगड़ा चल रहा था। रविवार रात को फोन पर बेटी ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने की बात बतायी। सोमवार सुबह को बेटी की मौत की खबर आयी। आरोप लगाया कि बेटी को उसके पति और ससुराल के लोगों ने गला घोंट कर मारने के बाद फांसी लगाने का रूप दिया है।

कुआं से शव बरामद

दूसरा मामल पचंबा थाना क्षेत्र का है। बताया गया कि सोमवार को राजा हाता के पास कुआं से एक युवती का शव बरामद हुआ है। युवती का नाम सिया कुमारी है और वो स्व बसंत साहू की बेटी थी। परिजनों का कहना है कि सिया की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वो पिछले 23 मार्च से घर से गायब थी। लोगों ने उसे काफी ढूंढा, पर वो कहीं नहीं मिली। सोमवार को उसकी लाश घर के पास के ही कुएं में तैरती हुई मिली।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in

अवैध महुआ के खिलाफ छापामारी अभियान

सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोठियार जंगल में अवैध महुआ शराब के खिलाफ सतगावां पुलिस ने सोमवार को छापामारी अभियान चलाकर करीब 2500 लीटर जावा महुआ विनिष्ट किया। पुलिस ने 110 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। वहीं सतगावां पुलिस के अनुसार बताया जाता है कि सोमवार को उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र कोठियार जंगल में महुआ शराब के विरुद्ध पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया गया। वहीं लगभग 2500 लीटर महुआ जावा के साथ साथ 110 लीटर देशी शराब जब्त किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि कोठियार जंगल में करीब दर्जनों स्थानों पर अवैध महुआ शराब की सूचना मिल रही थी। इसी आलोक में छापामारी अभियान चलाया गया। इस मामले को लेकर चिन्हित लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी विजय गुप्ता के अलावा जवान सुनील यादव सहित अन्य जवान शामिल थे।

उत्कृष्ट कार्य के लिए चंद्रवंशी दीपक नवीन को किया गया सम्मानित

कोडरमा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का राज्य स्तरीय बैठक में प्रमंडल अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन को समाज के सामाजिक दायित्व का निर्वाहन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राष्ट्रीय महामंत्री अशोक सिंह और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप वर्मा के द्वारा सार्टिफिकेट, मेडल, ट्रॉफी, अंगवस्त्र आदि से सम्मानित किया गया। उक्त कार्य हेतु चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की ओर से दीपक को बधाई और शुभकामना दी गयी। मौके पर चंद्रवंशी दीपक नवीन ने कहा कि एक समाज भी हमारे ही व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति होती है। सही तरीके से जीने के लिए, बदलाव लाने के लिए, शांति बनाए रखने के लिए, आगे आने वाले पीढ़ियों के लिए, हमारे संस्कारों का, सभ्यता का निर्वाह करने के लिए समाज की जरूरत है और ये समाज हमारी ज़िंदगी में महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान हमारा नही यह सम्मान समाज का है जिन्होंने हमें इस कार्य हेतु मान सम्मान के साथ सहयोग किया। बधाई देने वालो में चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा के संरक्षक रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, ओम प्रकाश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम भगत, उमेश राम, महेंद्र राम, सचिव महेश भारती, उपाध्यक्ष रवि राम, सह सचिव संतोष चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी दीपक सिंह, सुरेंद्र भारती, दिवाकर राम, उपेंद्र वर्मा, विजय कुमार, मनोज कुमार, अरुण राम, विजय राम , राजकुमार राम, मनोज राम, अनिल कुमार राम, रविंद्र राम, मुकेश राम, रंजीत राम, प्रेम कुमार शामिल हैं।

स्वीप कार्यक्रम के संचालन को लेकर बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम के संचालन को लेकर जिले के निजी व सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालय के प्रतिनिधि और कैंपस एंबेसडर के साथ बैठक किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि इस सप्ताह सभी शिक्षण संस्थानों में डिजिटल स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके अंतर्गत इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी सभी ऐप्स की जानकारी बच्चों को और युवा मतदाताओं को दी जायेगी अथवा युवा मतदाताओं से अधिक से अधिक एप्स डाउनलोड करवाएं जायेंगे। इसके अतिरिक्त सभी शिक्षक गण और प्रतिनिधि अपने-अपने विद्यालयों और कॉलेज में लोकसभा चुनाव और इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी सभी ऐप्स से संबंधित क्विज प्रतियोगिता करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही महोदय ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिये। मतदान दिवस यानी 20 मई 2024 को लेकर दीवार लेखन करें। इसके साथ साथ मेंहदी, रंगोली प्रतियोगिता कराकर मतदान दिवस के प्रति लोगों को जागरूक करें। लोगों को मताधिकार के महत्व को बताये। बैठक में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा व अन्य मौजूद रहे।

बरकतों वाला महीना है रमजान: मौलाना

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। मुकद्दस रमजान का महीना बेशुमार बरकते वाला है। इस महीने में रोजेदारों पर अल्लाह ताला की बेशुमार रहमते बरसती है। इमाम मौलाना इकबाल अहमद, इमाम गुलसन मदीना मस्जिद करबला नगर मरकच्चो ने कहा कि 20वें रमजान से तीसरा अशरा की शुरूआत से ही मस्जिदों और घरो में एतकाफ का सिलसिला शुरू हो चुका है। 20वें रमजान मगरिब से शुरू होकर चांद रात तक मस्जिद में रहकर अल्लाह की ईबादत करने को एतकाफ कहा जाता है। शबे कद्र की रात को हजार महीने कि रातों के बराबर बताया गया है। इसी अशरे में ही फितरा और जकात अदा की जाती है ताकि गरीब लोग भी खुशी से ईद मना सके।

इ-रिक्शा से गिरकर व्यक्ति घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र के बजरंग बली चौक के समीप इ-रिक्शा से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान डोमचांच निवासी रविंद्र कुमार साव (उम्र 60 वर्ष) के रूप में हुई है। घायल ने बताया कि वह इ-रिक्शा पर सवार होकर डोमचांच से चाराडीह जा रहे थे। इसी दौरान असंतुलित होकर वह गिर गये। फिलहाल सदर अस्पताल में घायल का इलाज चल रहा है।

भारतीय जनता पार्टी की हुई बैठक

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बुढ़िया माता मंदिर सामने बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी की बैठक की गयी। बैठक में शामिल बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी जमुआ विधायक केदार हाजरा ने मंडल वाइज सभी अध्यक्षो और सक्रिय कार्यकर्ताओं के बीच चुनावी प्रबंधन को लेकर चर्चा की विधानसभा स्तरीय चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया गया संयोजक के रूप में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को दायित्व दिया गया। इसके अलावे 20 सदस्यीय कार्यकर्ताओं की टीम चुनाव प्रबंधन में पूरे विधानसभा को लीड करेगी। अपने संबोधन में विधायक अमित कुमार यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की उच्चाइयों को छू रहा है अबकी बार 400 पार करने में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए है इस बार पुनः कोडरमा लोकसभा से सांसद अन्नपूर्णा देवी को जीत तय है इसके लिए सभी लोग बूथ स्तर पर जुट जायें। बैठक की अध्यक्षता और संचालन टुकलाल नायक ने की। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, प्रदेश भाजपा नेत्री कुमकुम देवी, प्रदेश किसान मोर्चा के सुरेंद्र भाई मोदी, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष कोडरमा सुरेश यादव, केदार साव, केदारनाथ यादव कुलदीप पांडेय, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद, गौतम नारायण सिंह, बालेश्वर ठाकुर, महेश अग्रवाल, मनोज साव, सुभाष सोनी, राजकुमार यादव, इंद्रदेव यादव, सुरेंद्र पासवान समेत बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे ।

आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं ने की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस

लोकतंत्र और संविधान खतरे में है इसे बचाना है: जेपी पटेल

इंडिया गठबंधन के सभी दल एकजुट हैं, जेपी पटेल को जिताना है: अकेला

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में इंडिया गठबंधन की प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने किया। प्रेस को इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल, बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, मुन्ना सिंह, प्रदेश सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता शान्तनु मिश्रा, जेएमएम से निसार खान, राजद के जिला अध्यक्ष हीरामन यादव, सीपीएम से गणेश सीटू, आम आदमी से देव चौहान ने बारी बारी से संबोधित किया। इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की विपक्षी दलों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाने वाला आयकर विभाग रहस्यमय तरीके से भाजपा के कर उल्लंघनों पर आंखें मूंद लेता है। इंडिया गठबंधन के सभी दल एकजुट हैं। सभी का लक्ष्य लोकसभा में परिवर्तन लाना है। इस बार इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को सभी वर्ग का साथ मिलेगा। लोकतंत्र और संविधान खतरे में है इसे बचाना है। लोकसभा चुनाव में आसन्न हार से भयभीत भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने के लिए आयकर विभाग, इडी (प्रवर्तन निदेशालय) और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जैसी स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। एक तरफ भाजपा के धनबल के प्रत्याशी है और दूसरी तरफ जन जन और जनता के समर्थन से इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी है। अपना हजारीबाग बचाना है तो इंडिया गठबंधन का साथ देना होगा। बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कहा कि लोगों को बिना किसी जांच के जेल में डाला जा रहा है। यह 'कलयुग का अमृत काल' है। चुनाव के समय बटन दबाएं जो इस सरकार को हटा देगा। सभी को एक साथ आना होगा और साथ चलना होगा और हजारीबाग के बड़े व्यपारी जो चुनाव लड़ रहे है उसे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल जो जन जन के नेता है वह जरूर से जरूर जीतेंगे। मुन्ना सिंह ने कहा की भगवान राम जब सत्य के लिए लड़े तो उनके पास सत्ता नहीं थी, उनके पास संसाधन नहीं थे, उनके पास तो रथ भी नहीं था। संसाधन रावण के पास थे, भगवान राम के पास सत्य, आशा, आस्था, प्रेम, परोपकार, धीरज और साहस था। ये लड़ाई देश बचाने की लड़ाई है। संविधान बचाने की लड़ाई है, लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है। मिलजुलकर लड़ेंगे और हजारीबाग के व्यपारी को हरायेंगे। प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा कि हम सभी इंडिया गठबंधन के साथियों को मिलकर भाजपा को हराना होगा और देश मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, रजी अहमद, रेणु कुमारी, आदिव रिजवी, लालबिहारी सिंह, निसार खान समेत बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मनीष जायसवाल ने किया केरेडारी क्षेत्र का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सोमवार को केरेडारी प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांवों का तुफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और भाजपा और अपने पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का क्षेत्र में अलग-अलग तरीके से पारंपरिक अंदाज में ढोल- नगाड़े, तासे के साथ अभूतपूर्व अभिनंदन और स्वागत हुआ। मनीष जायसवाल के स्वागत में कर्णपुरा क्षेत्र की जनता में अपार प्रेम और समर्थन दिखा। हर गांव में ग्रामीणों का सैलाब उनके स्वागत को उमड़ा और सभी ने अबकी बार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए उन्हें रिकॉर्ड मतों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनाकर दिल्ली भेजने का वादा किया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत मनातू से किया। तत्पश्चात मनातू, फूसरी, गोपदा, नौवाखाप, पचड़ा, जोरदाग, चट्टी बारियातू, पगार, बालेदारी, बेंगवारी, हेवई, पहरा जमीरा, बेलतु, कंडाबेर, बारियातू का दौरा किया। इस दौरान मनीष जायसवाल ने कहा की मैं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का ही बेटा हूं और यहां का विस्थापित भी हूं और विस्थापित होने के नाते विस्थापन के दर्द को महसूस करता हूं और इस विकट पीड़ा को बखूबी समझता भी हूं। बतौर हजारीबाग सदर विधायक मैंने विस्थापन के दर्द और विस्थापितों के हक के लिए विधानसभा के पटल पर आवाज बुलंद कियाऔर अब आप सभी का आशीर्वाद रहा और सांसद बना तो आपकी आवाज संसद भवन में जरूर गूंजेगी। मौके पर केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष नेमा साव उर्फ. कर्मचारी, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, बद्रीनारायण सिंह, भाजपा जिला मंत्री मूलचंद साव, प्रीतम साव, अमित प्रसाद गुप्ता कार्य समिति सदस्य महेंद्र सिंह, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी, जगदीश सिंह, बैजनाथ तिवारी, जयनारायण प्रसाद, लीलाधन साव, राजू साव, शेर सिंह, इंद्र नारायण पंडित, सतेंद्र सिंह, बाल गोविंद सोनी, राजेन्द्र सिंह, नरेश महतो, कुणाल दुबे, पिंटू साव, किशोर सिंह, रंजन चौधरी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

बड़कागांव में प्याज का उत्पादन अधिक

किसान हो रहे हैं हदगद की इपोर्टल व्यवस्था की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड में प्याज का उत्पादन अधिक हुआ। इससे किसानों को आमदनी में वृद्धि होने की उम्मीद जगी है। किसान प्याज का उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। सफल कृषक, हरिलाल महतो, मनोहर प्रसाद, तापेश्वर कुमार का कहना है कि बड़कागांव प्रखंड के हर किसान 10 से 20 कठठा में प्याज की खेती किए हैं। इससे प्रतीत होता है कि पूरे प्रखंड में कुल लगभग500 एकड़ भूमि में प्याज लगाये गये हैं 2 माह पूर्व प्याज 25 से ?30 प्रति किलो बिक्री हो रही थी। लेकिन प्याज का अधिक उत्पादन होने से प्याज के कीमत में गिरावट आयी है । बड़कागांव के बाजारों में 10-15 प्रति किलो प्याज की बिक्री हो रही है।

कहां-कहां लगा है प्याज: प्रखंड के किसानों के अनुसार बड़कागांव सांढ़-छपेरवा 30 एक-ड़, पश्चिमी पंचायत में 25 एकड़, पूर्वी पंचायत में 26 एकड़, कांड़तरी पंचायत में 60 एकड़, हरली में 40 एकड़, नयाटाडा पंचायत में 30 एकड़, तलसवार पंचायत में 40 एकड़, आंगो पंचायत में 15 एकड़, चोपदार बलिया में 10 एकड़, नापोकला पंचायत में 20 एकड़ बादम पंचायत में 25, गोंदलपुरा पंचायत में 30 एकड़, महगाईकलां पंचायत में 10 एकड़, चंदोल पंचायत में 10 एकड़, सिंदवारी पंचायत में 5, एकड़ सीकरी पंचायत में 15 एक-ड़, चेपाकलां पंचायत में 10 एक-ड़, डाड़ीकलां पंचायत में 5 एक-ड़ समेत अन्य गांव में प्याज की खेती अधिक हुई है।

क्या कहते हैं किसान :सफल कृषक ग्राम सांढ़ निवासी तापेश्वर कुमार, हरिलाल महतो और मनोहर का कहना है कि प्रखंड में प्याज का उत्पादन अधिक हुआ है। इसके लिए सरकार को किसानों के लिए इपोर्टल की व्यवस्था किया जाये। किसान दूसरे राज्य में निर्यात कर सके।

बरही विधानसभा स्तरीय भाजपा का प्रवास कार्यक्रम

कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़, बूथ जीतो चुनाव जीतो के तहत कार्य करें : शशिभूषण भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

बरही। हजारीबाग लोस सीट सहित झारखंड की 14 सीटों पर जीत के लक्ष्य को लेकर बरही यादव धर्मशाला में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत और विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 2024 में 400 पार के अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा प्रभारी शशिभूषण भगत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों पर चल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता की मेहनत ही पार्टी की पूंजी है। कहा कि पंचायत प्रमुख से लेकर ख्याति प्राप्त लोगों, मजदूरों, किसानों, व्यापारियों अध्यापकों से मिलना-जुलना है। उनके जीवन स्तर के बारे में जानकारी लेनी है और मोदी की गारंटी पर बात करनी है। कहा कि आज पार्टी कार्यकर्ताओं के बदौलत ही चुनाव जीत रही है और इस चुनाव में भी कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेवारी होने वाली है। विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का अपना महत्व है, कोई किसी को कमजोर नही समझे। पूर्व विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। संगठन में कार्यकर्ता ही रीढ़ है और उन्हीं के बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी पूरे विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन सकी है। कहा कि भाजपा में साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत के बदौलत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, चेयरमैन और अन्य पद पर पहुंचकर आमजन और पार्टी की सेवा कर सकता है और ऐसा सिर्फ भाजपा में ही संभव है। बैठक में सह संयोजक अर्जुन साव, जीप उपाध्यक्ष किशून यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, महामंत्री सुनील साहू, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, अमीत साहू, बंधन यादव, चंदवारा मंडल अध्यक्ष द्वारिका राणा, पदमा अध्यक्ष बाबुलाल मेहता, अम्बिका सिंह, शैलेन्द्र सिन्हा, मोतीलाल चौधरी, हरेंद्र गोप, डोमन पांडेय, कमल शंकर पंडित, पप्पू चंद्रवंशी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रितेश केशरी, अमीत सिंह, ओबीसी अध्यक्ष मुन्ना यादव, मनोज साव, अशोक यादव, युगल यादव, एससी मोर्चा नागेश्वर रजक, केदार राणा समेत बरही चौपारण पदमा चंदवारा के कई कार्यकर्ता शामिल थे।

हजारीबाग लोस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास मेरी पहली प्राथमिकता: राजकुमार

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। रिंग्स एंड रोजेस होटल में सोमवार को झारखंड पार्टी की प्रेस वार्ता हुई। झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा से उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा ने प्रेस से मुखातिब होते हुए कहा की झारखंड पार्टी ने उन्हे हजारीबाग लोकसभा से झारखंड पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो यही मेरी प्राथमिकता होगी। राजकुमार उर्फ बबलू कुशवाहा ने कहा की पिछले एक वर्षों से झारखंड पार्टी से जुड़कर लगातार क्षेत्र भ्रमण कर जनता की जन समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर लगातार जनता के संपर्क में बनें हुए हैं। जनसंपर्क के दौरान जिस प्रकार से लोकसभा क्षेत्र वासियों का समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भारी बहुमत के साथ जीत हासिल करेंगे। झारखंड की जनता राष्ट्रीय पार्टियों से ऊब चुकी है। राष्ट्रीय पार्टियां चुनावी समर में लोक लुभावना वादों के साथ आती है मगर उनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं करती, जिसको लेकर झारखंड की जनता ठगा हुआ महसूस कर रही है। जनता इस बार निर्णय ले चुकी है कि झारखंड पार्टी को भारी बहुमत के साथ विजय बनाकर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को दिल्ली भेजने का काम करेंगे। साथ ही जनता की मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता होगी। मौके पर झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा, नगर अध्यक्ष आदिल हसैन, महिला जिला अध्यक्ष नेहा कुमारी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोहम्मद फारूक सहित झारखंड पार्टी के कई सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

केरेडारी के पुरनि पेटो में निकाली कलश यात्रा

केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पेटो पंचायत के पुरनि पेटो गांव में श्री श्री 1008 शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली है। पुरनि पेटो स्थित शिव मंदिर प्रांगण से करीब 1100 महिला श्रद्धालु भक्तों ने माथे पर कलश लेकर चट्टी पेटो और लोयसुकवार होते हुए टंडवा केरेडारी सिमाने स्थित सुप्रसिद्ध चुंदुरु धाम पहुंचे व यहां यज्ञ के पुरोहितों में बनारस से आये आचार्य जयनंदन मिश्रा की टीम ने वैदिक मंत्रोचार के पूजन के पश्चात कलश में जल भरवाया। तत्पश्चात कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया है। मुख्य यजमान में अशेश्वर यादव, महावीर रजक, कमल राणा, बासुदेव रजक, जागेश्वर साव, प्रभु यादव और हेमराज यादव का नाम शामिल है वही यज्ञ समिति में अध्यक्ष बलिन्द्र साव, सचिव रामवतार रजक, महासचिव अवधेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष कालेश्वर साव हैं। मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, सिमरिया विधायक किसुन दास, आजसू नेता रोशनलाल चौधरी, केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, पेटो मुखिया कौशल्या देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष महेस प्रसाद साव, केरेडारी मुखिया पति बैजनाथ महतो, पंसस अरबिंद साव, पूर्व मुखिया किशोर यादव, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता, सुनील साव, गुरुदयाल साव, चंदन गुप्ता, रमेश साव, महादेव साव, बसंत साव, रविन्द्र साव, शोभा साव, नारायण यादव, मनोहर साव, बिनोद यादव, अनूप रजक सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। यहां के अस्पताल चौक स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के छठा स्थापना दिवस के मौके पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार ने अपने सहकर्मियों के साथ दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। शाखा प्रबंधक ने जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन के तहत स्व रोजगार के लिए ऋण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार के मामले में पूरे झारखंड में तीसरे स्थान पर है। मौके पर उप शाखा प्रबंधक पापया कुमारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम दिव्या कुमारी बैंक कर्मी देवेंद्र कुमार, बैंक सखी सोनिया कुमारी, रीना कुमारी, रश्मि कुमारी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक घनश्याम भाई पटेल, घनश्याम महतो, रंजीत कुमार, मुखिया उत्तम महतो, मुनिया देवी, चेतलाल महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

महिलाओं के सम्मान को लेकर बैठक

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उच्चाघाना दुर्गा मंडप परिसर में ग्रामीणों ने बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता सोनिया कुमारी और संचालन प्रमिला कुमारी ने किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि बैठक में मुख्य रूप से जंगल बचाने, विवाह में फिजूल खर्चे से बचने, महिलाओं के मान सम्मान को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गयी, इसके अलावा दहेज प्रथा पर नियंत्रण को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। वार्ड सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर महतो के नेतृत्व में बैठक किया गया। मौके पर विशुन महतो उर्फ (सेठ जी) लोकनाथ महतो, बैजनाथ महतो, धनेश्वरी देवी, सुनीता देवी, यशोदा देवी, अनीता देवी, कुंती देवी, सरिता देवी, प्रमिला देवी, सोनिया देवी, सुमित्रा कुमारी, देवंती देवी, मालती देवी, शांति देवी, पार्वती देवी, सीता कुमारी, हेमंती कुमारी आदि उपस्थित थे।

बसंती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने अरविंद

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के डेली मार्केट स्थित चैती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में रामनवमी पर्व और चैती दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने बैठक किया। इसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो और संचालन रामसेवक सोनी ने किया। बैठक में बसंती दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अरविंद कुमार वर्मा को अध्यक्ष, मनोज सोनी को सचिव और महेश सोनी को कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, राजू सोनी, मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, संरक्षक मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, रामसेवक सोनी, मीडिया प्रभारी संजय सागर, रितेश ठाकुर, पूजा प्रभारी राजू साव, शंभू सोनी, संयोजक मनोज शाहा, सह संयोजक सरोज सोनी, मनोरंजन मंत्री शंभू चौरसिया, सांवरमल अग्रवाल, बृजेश वर्मा, लखनलाल विश्वकर्मा, डेकोरेशन मंत्री रवि सोनी, अर्जुन सोनी, दीपक वर्मा को बनाया गया है। इसके अलावा कई लोगों को उप पद और कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। जिसमें प्रदीप वर्मा, गौतम वर्मा, ओम प्रकाश सोनी, बसंत सोनी, रोहित सोनी, कालेश्वर सोनी, सिकंदर सोनी, बालदेव सोनी, जदुबीर सोनी, अरुण सोनी, धीरेन सोनी, रूपेस सोनी के अलावा अन्य लोग शामिल हैं।

शिक्षा से ही समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है: शालू जिंदल

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के बीच सोमवार को बलकुदरा (पतरातू) में ओपी जिन्दल स्कूल के नए भवन की आधारशिला रखी गयी। यह कार्यक्रम जेएसपी फाउंडेशन के सौजन्य से धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर यजमान कारखाना प्रमुख आशीष जैन और उनकी धर्मपत्नी विनीता जैन शामिल हुईं। पुरोहित आचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी और उनके सहयोगियों द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। ओपी जिन्दल स्कूल-बालकुदरा (पतरातू) के नए भवन की आधारशिला रखे जाने के अवसर पर जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने कहा कि शिक्षा के बगैर किसी समाज या परिवार का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। अशिक्षित समाज से विकसित और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता। श्रीमती जिंदल ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि एक व्यक्ति का शिक्षित होना जरूरी है। खास तौर पर बेटियों का पढ़ा-लिखा होना जरूरी है तभी महिला सशक्तीकरण के अपने सपने को हम साकार कर पायेंगे और भेदभाव मुक्त समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। शिक्षा से ही समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

जिंदल स्टील एंड पावर के संस्थापक चेयरमैन ओपी जिंदल के एक कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ती हैं तो दो-दो परिवार शिक्षित होते हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के वयोवृद्ध शिक्षक सह साहित्यकार व पत्रकार नारायण नाथ तिवारी ने कहा कि इस विद्यालय के नए भवन से क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्ता युक्त आधुनिक शिक्षा प्राप्त होगी, जो शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कारखाना प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि नए भवन में अपेक्षाकृत आधुनिक साधन उपलब्ध कराये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जेएसपी मजबूत शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सेवा के लिए कृतसंकल्प है। जिंदल आशा के एथेलिट जुबैद, आदिम जनजाति (बिरहोर) की प्रतिभाशाली बेटी सुनीता बिरहोर आदि ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन जिंदल स्टील एंड पावर के सीएसआर प्रमुख प्रशांत कुमार होता ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन मानव संसाधन प्रमुख अजय झा ने प्रस्तुत किया।

मोटरसाइकिल चोरी, गांजा तस्करी का एसपी ने किया खुलासा

तीन आरोपी किये गये गिरफ्तार

- चोरी की मोटरसाइकिल और गांजा जब्त
- अपराध करना छोड़े अपराधी, वरना रामगढ़ में नहीं लेने दी जायेगी चैन की सांस

बीरु कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले में अपराध के खिलाफ पुलिस ने लगातार कार्रवाई कर यह स्पष्ट कर दिया है कि अपराधियों को संरक्षण नहीं मिलेगा। एसपी डॉ विमल कुमार ने अपराधियों को खुली चुनौती दी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से अपराधियों को संदेश दिया है कि अपराधी अपराध का रास्ता छोड़ दे। अगर अपराधियों ने अपनी करतूतों से बाज नहीं आया तो उन्हें रामगढ़ में चैन की सांस नहीं लेने दिया जायेगा। एक एक अपराधी को चुनचुन कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

प्रेस कांफ्रेस में कड़े तेवर में दिखे एसपी डॉ विमल कुमार: सोमवार को प्रेसवार्ता में एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि जिले में पिछले कुछ दिनों में लगातार अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। अपराधी चाहे किसी भी संगठन से जुड़े हों या फिर वे अपना गिरोह चल रहे हों, किसी को भी छोड़ा नहीं जायेगा। उन्होंने बताया कि चोरों और नशीले पदार्थों के तस्करों पर भी कार्रवाई चल रही है।

20 सालों से फरार इनामी हत्यारे को भी किया गया गिरफ्तार

एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि 20 सालों से फरार इनामी हत्यारे डेगलाल महतो को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि वह कुख्यात अपराधी 20 सालों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। उसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस मुख्यालय ने इनाम की भी घोषणा की थी। गिरफ्तारी के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि अगर किसी ने पहले भी अपराध किया है या फिर वह अभी भी अपराध की योजना बना रहा है, तो रामगढ़ जिले में उसे किसी भी तरह की सुरक्षा नहीं मिलने वाली। हर हाल में उसे सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।

सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को किया जायेगा पुरस्कृत: एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि रामगढ़ थाना, बरकाकाना ओपी, वेस्ट बोकारो ओपी के पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों मामले के उद्वेदन में इन सभी को पुरस्कृत किया जायेगा।

छापामारी टीम में ये थे शामिल: एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, एसडीपीओ पतरातू वीरेंद्र कुमार राम, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू, बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली, बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, सब इंस्पेक्टर सौरभ कुमार ठाकुर, निशिकांत शर्मा, विकास आर्यन, एएसआई जितेंद्र तेसुम सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

90 हजार गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

एसपी ने बताया कि पतरातू सीडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में बरकाकाना ओपी क्षेत्र में छापेमारी कर 1 किलो 800 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। तस्कर दीपक कुमार उर्फ प्रभाकर बरकाकाना सीआईसी बस्ती का रहने वाला है। उसके पास से गांजा के अलावा 299 पीस गोगो, 47 पीस चिलम, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और एप्पल कंपनी का मोबाइल भी बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि दीपक के खिलाफ पुलिस को लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी। जब्त तो सामानों की कीमत 90 हजार से अधिक है।

24 घंटे में बरामद की गयी चोरी की बाइक

एसपी ने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र में चोरी हुई एक बाइक 24 घंटे में बरामद कर ली गयी। साथ ही एक चोर सूरज कुमार उर्फ छोटू को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को इफ्रीको कॉलोनी पानी टंकी के पास से सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल जेएच 10 एक्स 0962 चोरी कर ली गयी थी। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिक की दर्ज कर तत्काल अभियान शुरू किया। एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान रामगढ़ थाना चौक पर उस चोर को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सूरज कुमार उर्फ छोटू शहर के न्यू कॉलोनी बगीचा बड़की काली मंदिर के पास का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उस बाइक की चोरी उसने खुद की थी। हालांकि मामले की जांच की जा रही है।

सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

उरीमारी (आजाद सिपाही)। महात्मा गांधी मैदान उरीमरी में सामूहिक बाहा पर्व (सरहुल) मिलन समारोह संथाल समाज दिशोम मांझी कर्णपुरा परगना के तत्वावधान के आयोजन में धूमधाम से मना। स्वागत टीम ने कर्णपुरा मांझी हड़ाम के नेतृत्व में नायके बाबा सीताराम किस्कू को उनके आवास से स्वागत कर गांधी मैदान में निर्मित जाहेर थान लाया। तत्पश्चात नायके बाबा सीताराम किस्कू ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, जल जंगल जमीन की रक्षा, अच्छी बारिश होने की कामना की। सामूहिक बाहा पर्व मिलन समारोह के मुख्य अतिथि संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के महासचिव (मरांग परगना) सोनाराम मांझी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत टीम ने सिद्धू कान्हू चौक उरीमारी से गांधी मैदान तक भव्य तरीका से स्वागत किया। स्वागत के दौरान सोनाराम मांझी ने सिदो-कान्हु और तिलका मांझी चौक पर वीर महापुरुषों को माल्यार्पण किया। विशिष्ट अतिथि संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के मोहन सोरेन, सूरज बेसरा, संजय टुडू, सीताराम किस्कू, विश्राम सोरेन,सन्नी सोरेन, अजय बेसरा, महादेव मांझी, मुर्शिगलाल हंसदा, जतरू बेसरा, गहन बेसरा, भुवनेश्वर मुर्मू, कर्णपुरा मांझी, हड़ाम सूरज बेसरा, पारानिक बहादुर मांझी, जोगवा बिरसा टुडू, नायके बिनोद बेसरा, पोटंगा पंचायत मांझी हड़ाम बिनोद हेंब्रम, पाराणिक बिरसा हेंब्रम, नायके राजेंद्र सोरेन, जोगवा उदन सोरेन, गोंदलपुरा पंचायत मांझी हड़ाम महादेव हंसदा, पाराणिक मनोज सोरेन, नायके सुखदेव हंसदा, जोगवा एतलाल बास्के, आंगो पंचायत मंझी हड़ाम महादेव हंसदा सहित कई लोग मौजूद थे। इस बाहा पर्व मिलन समारोह को सफल बनाने में कर्णपुरा परगना का अहम योगदान रहा।

ग्रामीण बैंक का मना स्थापना दिवस

मांडू (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का छठवां स्थापना दिवस सोमवार को मांडू डीह स्थित दुर्गा मंदिर के निकट शाखा परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बैंक के ग्राहकों के साथ बैंक प्रबंधक अतुल भट्ट ने बैठक किया। बैठक में बैंक के विभिन्न उत्पाद जैसे गृह ऋण, वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण, पीएम जेजेबीवाई, पीएम एसबीवाई, एपीवाई, मोबाइल बैंकिंग, व्हाटसएप बैंकिंग, उद्यमी दीदी ऋण, इंटरनेट बैंकिंग आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर जेएसएलपीएस के अनुपमा सिन्हा ने मौजूद महिलाओं के उत्थान के लिए दी जाने वाले विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बैंक सखी सिबोल कुमारी, कलावती देवी, नरेश महतो आदि मौजूद थे।

दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन

गोला (आजाद सिपाही)। माहे रमजान के मौके पर दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन अपने मुकाम पर है। अब ईद पर्व के लिए चांद के दीदार का इंतजार है। इस बीच सोमवार की शाम सोसो कलां पंचायत मुखिया नीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि बजरंग कुमार महथा की ओर से सोसो कलां गांव में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में दर्जनों रोजेदार शामिल हुए। इस बीच रोजेदारों को खाने के लिए बेहतरीन इंतेजाम किया गया था। जहां लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। बजरंग कुमार महथा ने आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल होने वाले रोजेदारों को शुक्रिया अदा किया। कहा कि समाज में लोगों के बीच भाईचारगी व अमन चैन यूं ही बना रहे यही दुआ करते है। मौके पर उप मुखिया लईक आलम, जमाल मुज्तबा, हसन इमाम, अली इमाम, अतहर अंसारी, आरिफ अंसारी, जाफर इमाम, सनोवर अंसारी, बेलाल राय, इकबाल हुसैन, इजहार आलम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्वागत उज्जवला फाउंडेशन करेगा कल

कुजू (आजाद सिपाही)। आगामी 3 अप्रैल को उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों ने हजारीबाग लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्वागत करने का निर्णय लिया है। फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति की अगुवाई में मोतीराम कॉम्प्लेक्स, बोंगावार में हुई बैठक पश्चात निर्णय लिया गया। जिसमें स्वागत कार्यक्रम को भव्य बनाने को लेकर सदस्यों को चिन्हित कर जिम्मेवारी सौंपी गयी। स्वागत कार्यक्रम बोंगावर स्थित अम्बाटांड़, बागादोहर और करमाली टोला और दिगवार स्थित पारटांड व लुगूमंडप में किया जायेगा। बैठक में आशा देवी, देवंती देवी, किरण देवी, मीना देवी, गुड़िया देवी, शांति देवी, मीनू देवी, सुनीता देवी सुमित्रा देवी, लक्ष्मी, सावित्री, गिरिजा, खुशबू, कुंती, सुमन, सपना, रेखा, अनीता, कुंती, बिंदु, आकांक्षा, सुमन शामिल रहे।

कर्मियों के बीच बंटी मिठाई, दी बधाई

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बरका-सयाल क्षेत्र के बलकुदरा (भुरकुंडा) खुली खदान बहुत कम समय में शुन्य घटना और दुर्घटना के साथ उम्मीद से अधिक कोयला और ओबीआर उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। बताया गया कि बलकुदरा (भुरकुंडा) खुली खदान निर्धारित समय से पूर्व ही लगभग 1.4 लाख टन कोयला व लगभग 7 लाख क्यूविक मीटर ओबीआर में उत्कृष्ट आंकड़ा हासिल किया है। वित्तिय वर्ष 23-24 के अंतिम दिनो में बलकुदरा से एतिहासिक 5000 टन से अधिक प्रत्येक दिन कोयला का उत्पादन किया गया। उत्पादन लक्ष्य से अधिक की प्राप्ति पर अधिकारियों और कर्मियों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सोमवार को बरका-सयाल जीएम अजय सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक ने कर्मियों के बीच मिठाई क वितरण कर खुशी का इजहार किया। मौके पर जीएम अजय सिंह ने कहा की विभिन्न ट्रेड यूनियनो का सहयोग व कर्मियो के मेहनत के कारण हमने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा की आगे भी इसी तरह सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत पालन करते हुए उत्पादन लक्ष्य से अधिक उत्पादन की नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। वहीं अन्य अधिकारियों ने कहा की यह हमारे गतिशील जीएम अजय सिंह एवं कार्यशील प्रोजेक्ट ऑफिसर एमके पाठक के सही मार्गदर्शन और समर्थन से संभव हुआ है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारे मैनेजर, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक हितधारकों, पीएसएमई के तमाम लोग, ट्रेड यूनियन, ग्रामीण, विस्थापित, स्थानीय लोगो का प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से योगदान रहा है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। मौके पर कोल फील्ड मजदूर यूनियन के सचिव पप्पू सिंह, राजकुमार वर्णवाल, पंकज कुमार सिंह, बबलू कुमार, अविनाश चंद्रा, अभिषेक कुमार, रिशु कुमार सिंह, अंकुर विश्वनाथ, रमेश कुमार, शशि भूषण सिंह, धीरेंद्र कुमार, शंकर सिंह, सरोज कांत झा, एसएम राजकुमार, मनोज कुमार राम, ओम प्रकाश ओझा, नौशाद आलम, निलेश, प्रेम, महेश्वरी, शैलेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, लक्ष्मी नारायण प्रसाद, सुभाष तिवारी, गोपाल सहित दर्जनों सीसीएलकर्मी मौजूद थें।

सीसीएल कुजू क्षेत्र कोयला लक्ष्य प्राप्ति में छह प्रतिशत रहा पीछे

अधिक उत्पादन करने में तोपा ने रचा इतिहास

- बंद पड़ी सारूबेडा को मिला लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र ने तोपा और करमा कोलियरी के भरोसे मुख्यालय से वित्तीय वर्ष 2023-24 को मिला कोयला लक्ष्य को प्राप्त करने में मात्र 6 प्रतिशत पीछे रहा। जो भूमि अधिग्रहण की समस्या कारण है। सीसीएल मुख्यालय ने गत वर्ष 2023-24 में सीसीएल कुजू क्षेत्र को कोयला उत्पादन के लिए 18 लाख टन का लक्ष्य दिया था। लेकिन भूमि अधिग्रहण समेत अन्य कारणों से सीसीएल कुजू क्षेत्र ने इस बार 16 लाख 84 हजार 025 मिट्रिक टन कोयला ही निकाल पाया। जबकि ओबीआर में 35 लाख क्यूबिक मीटर निकालने का लक्ष्य मिला था। जिसमें क्षेत्र ने मात्र 21 लाख 51 हजार 992 क्यूबिक मीटर ही निकाल पाया।

डिस्पैच में पीछे रहा सीसीएल कुजू क्षेत्र : सीसीएल कुजू क्षेत्र 2023-24 में डिस्पैच करने में भी इस बार पीछे रह गया। सीसीएल कुजू क्षेत्र को 18 लाख टन कोयला डिस्पैच करने का लक्ष्य मिला था। जिसमें वह सिर्फ 15 लाख 56 हजार 815 टन ही कोयला डिस्पैच करने में सफल रहा।

2024-25 के लिए सीसीएल कुजू को 22 लाख मीट्रिक टन का मिला लक्ष्य : सीसीएल कुजू क्षेत्र को 2024-25 के लिए सीसीएल मुख्यालय द्वारा कोयला उत्पादन में 22 लाख मिट्रिक टन का लक्ष्य मिला है। वहीं, ओबीआर में 45 लाख क्यूबिक मीटर है। कोयला उत्पादन में तोपा परियोजना को 9 लाख, करमा परियोजना को 10 लाख व सारूबेड़ा परियोजना को 3 लाख मीट्रिक टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। वहीं, ओबीआर में तोपा परियोजना को 20 लाख, करमा परियोजना को 20 लाख व सारूबेड़ा परियोजना को 5 लाख क्यूबिक मीटर निकानले का लक्ष्य शामिल है।

तोपा परियोजना ने मिले लक्ष्य से अधिक किया उत्पादन

तोपा परियोजना ने कोयला उत्पादन में मिले लक्ष्य को हासिल कर इतिहास रचने का काम किया है। इस बार तोपा परियोजना को 8 लाख टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य दिया गया। जिसमें तोपा परियोजना ने 8 लाख 23 हजार 525 मिट्रिक टन कोयला का उत्पादन कर लक्ष्य से अधिक प्राप्त किया। जिसमें तोपा परियोजना का ओवर ऑल प्रदर्शन 101 प्रतिशत रहा।

भूमि अधिग्रहण की वजह से करमा परियोजना रहा पीछे

सीसीएल करमा परियोजना 2023-24 में मिले लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहा। करमा परियोजना को 10 लाख टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य मिला था। जिसमें से वह 8 लाख 60 हजार 500 टन ही कोयला उत्पादन कर पाया। जिसके कारण उसका ओवर ऑल प्रदर्शन 86 प्रतिशत रहा। हालांकि करमा का लक्ष्य प्राप्ति न कर पाना भूमि अधिग्रहण मुख्य है। समय पर भूमि अधिग्रहण का समाधान नहीं होने से इस बार करमा परियोजना लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाया।

तोपा और करमा छोड़कर कई कोलियरियां है बंद: सीसीएल कुजू क्षेत्र में तोपा व करमा को छोड़कर आधे दर्जन कोलियरियां फिलहाल बंद है। जिसे खोलने को लेकर सीसीएल प्रबंधन पिछले एक साल से काफी रेस में है लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल सका है। बंद कोलियरियों में सारूबेडा, आरा, पुण्डी, हेसागढ़ा, कुजू और पिंडरा शामिल है।

क्या बोले सीसीएल कुजू क्षेत्र के एसओ माइनिंग: क्षेत्र के एसओ माइनिंग अजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भूमि अधिग्रहण विवाद के कारण उत्पादन कार्य 94 प्रतिशत रहा। लेकिन अभी सारी चीजों का समाधान किया जा चुका है। 2024-25 के लिए मिले लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा कर लेंगे।

भाजपा का प्रखंड स्तरीय तीनों मंडलों का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। ओबीसी मोर्चा के दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी योगेश दांगी के बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित आवास में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का प्रखंड स्तरीय तीनों मंडलो का संयुक्त बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा एवं संचालन भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार दांगी ने किया। सम्मेलन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के संयोजक सह पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व विशिष्ट अतिथि लोकसभा के संयोजक टुन्नु गोप आदि अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन में संगठन की मजबुती पर बल देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जोर-शोर व उत्साह के साथ चुनाव के लिए कार्य करने का आह्वान किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि लोकनाथ महतो ने कहा की पीएम मोदी के हाथों को मजबुत करें सभी समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि कमल खिलाएं सभी अधूरे काम पूरें होंगे। आपसभी चुनाव की तैयारी में अभी से ही तन-मन से जुट जाये। धन्यवाद ज्ञापन जिला पार्षद सह पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति ने प्रस्तुत किया। मौके पर डॉ संजय सिंह, अखिलेश प्रसाद, कुमेल उरांव, योगेश दांगी, सन्नी प्रसाद कुशवाहा, अमितेश सिंह, लक्ष्मी देवी, सुखदेव प्रसाद, अखिलेश टोप्पो, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, महेंद्र महतो, जगतार सिंह, डब्लू पांडेय, संजीव कुमार बावला, मो वारिस खान, बालेश्वर राम, किशोर महतो, शंकर विश्वकर्मा, जनार्दन सिंह, अनूप ठाकुर, संतन सिंह, राजेश सोनी, प्रकाश नायक, रणवीर सिंह, महिलाल बेदिया, जयलाल तुरी, संजय पांडेय, राजेंद्र ठाकुर, टीएन त्रिपाठी, जेपी पांडेय, विनोद सिंह, पंकज सिंह, अवधेश सिंह, रूपा देवी, मालती देवी, मीना देवी, खुशबू देवी, रिंकु देवी, अमिता सोनी सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थें।

ओवर ब्रिज निर्माण में बाधा बने अतिक्रमण को हटाया

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से जल्द ओवरब्रिज का निर्माण किया जायेगा। ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य एमजीसीपीएल कंपनी के द्वारा निर्माण कराया जायेगा। ओवर ब्रिज का निर्माण 65 करोड़ लागत से कराया जायेगा। इसके लिए बाधा बने अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाया जा रहा है। सोमवार को यात्री पड़ाव को ध्वस्त किया गया। वहीं सड़क के जमीन में दुकान मकान के आगे सीट का बरांडा निर्माण करने वाले लोगों द्वारा स्वयं हटाया जा रहा है। ताकि ओवर ब्रिज निर्माण में बाधा उत्पन्न ना हो। मालूम कि इस क्षेत्र के लोगों ने प्रभावित हो रहे दुकान और मकान को बचाने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण पिलर तकनीक से करने की मांग की है इसके लिए स्थानीय लोगों ने उपायुक्त को पत्र लिखा है।

सेवानिवृत्त शिक्षकों को दो गयी विदाई

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोसोकला के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवचरण महतो और राप्रावि तारवा टांडिल के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश प्रसाद को सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को भावपूर्ण विदाई दी गयी। इस दौरान विद्यालय परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त शिक्षकों को माला पहनाकर व बूके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उउवि सोसोकला का प्रभारी प्रधानाध्यापक का कार्यभार मनोज कुमार गुप्ता को सौंपा गया। मौके पर हरि सिंह मुंडा, अरुण नाग, लखन राम, झुलन महतो, संजय महतो, मुकेश महतो, शीवन कुमार दास, मोबिन अंसारी, एहसानुल्लाह, शंकर मुंडा, यशोदा देवी, रुही शबाना, जैनाब खातुन, राजकुमार महतो, जानू मांझी, सुभाष करमाली, कार्तिक मांझी, रौशन मांझी, शनि करमाली, कुलेश्वर टुडू, रामलाल टुडू, चंचला देवी, सोमरी देवी, नुनीया देवी सहित दर्जनों शिक्षक व दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

लोस चुनाव में मतदान को लेकर की अपील

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र, स्वच्छ व निष्पक्ष आयोजन व शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने सभी से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि अगर किसी कारणवश अब तक कोई व्यक्ति अपना वोटर आइडी कार्ड नहीं बनवा पाये हैं तो वे तुरंत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाये गये वोटर हेल्पलाइन एप को डाउनलोड कर एप के माध्यम से प्रपत्र 6 भर सकते है अथवा अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 20 मई 2024 को होने वाले मतदान के मद्देनजर कोई भी व्यक्ति नामांकन की आखिरी तिथि से 10 दिन पूर्व यानी 24 अप्रैल तक संबंधित क्षेत्र के मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए आवेदन दे सकते हैं।

भाजपा का बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक संपन्न

कानून ने शिकंजा कसा तो सारे चोर-लुटेरे बिलबिला उठे: समरीलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रामगढ़ विधानसभा स्तर के बुथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारियों, जिला स्तर के कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ला मैरिटल होटल में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता और संचलन रंजित पांडेय ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में कांके विधायक समरीलाल उपस्थित थे।

विधायक ने किया कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार: विधयक समरीलाल ने

कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा से 6 लाख मतों से मनीष जायसवाल को जीत दिलानी हैं। जीत की बड़ी जिम्मेवारी कार्यकर्ताओं को लोकसभा में चुनाव जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि वे लोग आज एक साथ इकट्ठा हुए है। जो टैक्स चोरी, देश के जनता का पैसा लुटा हैं। जब कानून ने शिकंजा कसा तो सारे चोर लुटेरे इकट्ठा होकर बिलबिला रहे हैं।

कौन कौन थे उपस्थित

बैठक में चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, विजय जयसवाल, रंजन फौजी, आनंद बेदिया, उमेश साव, डॉ संजय सिंह, स्नेहलता चौधरी, सरदार अनमोल सिंह, दिलीप सिंह, रमेश वर्मा मुख्य रुप से, भीम सेन चौहान, राजीव रंजन प्रवीण सोनू, धीरज साहू, ब्रजेश पाठक, शिव महतो, दिवाकर सिंह, कुनाल वसूध तिवारी, सैयद, वरुण सिंह, विजय ओझा, शिव कुमार गुप्ता, किरमानी, रमेश वर्मा, 13 मंडलों के अध्यक्ष मनोज गिरी, सूर्यवांस श्रीवास्तव, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, नरेश साव, बब्लू साव, अशोक कुमार, संजय साह सहित अन्य उपस्थित थे।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वजारोहण

टंडवा (आजाद सिपाही)। पोस्ट ऑफिस चौक के सामने मां नंदीनी काली मंदिर प्रांगण में मंदिर की उद्घाटन को लेकर सोमवार को यज्ञ हेतु ध्वजारोपण किया गया। बताया गया की 22 अप्रैल से लेकर 26 अप्रैल तक यज्ञ को लेकर भूमि पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोचार से ध्वजारोहण देवी देवताओं को आवाह्न बनारस के आचार्य संतोष पांडेय द्वारा की गयी। इस मौके पर यज्ञ समिति अध्यक्ष अजीत नायक, सचिव विजय नायक, कोषाध्यक्ष महेंद्र गुप्ता, पूर्व पुजारी भगवत नायक, संरक्षण मंडली नारायण नायक, अवध किशोर नायक, संतोष नायक विराज रजक, जागेश्वर दास, अजय पासवान, अजय गुप्ता, रोहित नायक, अनिकेत कुमार नायक, आदित्य नायक, सरोज नायक सहित कई महिला पुरुष भारी संख्या में उपस्थित थे।

विपक्ष की रैली का संदेश

दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की रैली में जुटी भीड़ को लेकर जो भी दावे और प्रतिदावे हों, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने की काफी हद तक कामयाब कोशिश की है। लगभग सभी प्रमुख दलों के बड़े नेता इसमें शामिल हुए और सबने मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की कथित ज्यादतियों और लोकतंत्र पर हो रहे हमलों के इर्द-गिर्द ही बातें रखीं। वैसे, आइएनडीआइए के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी रैली पर इस रूप में दिखी कि इसके मुख्य मकसद को लेकर दो तरह की बातें सामने आयीं। आम आदमी पार्टी की तरफ से जहां इसका मकसद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया, वहीं कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं, बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफ केंद्रित है। यह रैली ऐसे समय हुई, जब महाराष्ट्र से लेकर बिहार तक तमाम राज्यों में टिकट बंटवारे के सवाल पर आइएनडीआइए से जुड़े दलों की आपसी खटपट की खबरें आ रही थीं। भले ही ये विवाद गिनी-चुनी सीटों को लेकर थे, नैरेटिव ऐसा बन रहा था कि चुनाव सिर पर आने के बाद भी आइएनडीआइए से जुड़े दल एकजुट नहीं हो पा रहे। रामलीला मैदान की रैली के जरिए इन दलों ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि बड़े मुद्दों पर वे एक स्वर में बोल सकते हैं। जहां तक इडी और अन्य एजेंसियों की कार्रवाई का सवाल है, तो इसमें दो राय नहीं कि इन पर सरकार का और इन एजेंसियों का अपना पक्ष है, लेकन इसके बावजूद चुनाव के ठीक पहले राज्यों के निर्वाचित मुख्यमंत्रियों के खिलाफ इस तरह के सख्त कदम अभूतपूर्व हैं और इनके राजनीतिक पहलू भी हैं। यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि 2005 से अब तक इडी के दर्ज किये 5,906 केसों में से मात्र 25 निपटाये जा सके हैं। पिछले 17 वर्षों में 0.42% मामलों का निपटना इस शिकायत को दमदार बनाता है कि इन मामलों में प्रक्रिया ही सजा का रूप लेती जा रही है। यही नहीं, जिस पीएमएलए के तहत राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, उसके सख्त प्रावधानों पर न केवल तीखी बहस है बल्कि उस कानून के खिलाफ रिव्यू पिटिशन भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सवाल उठता है कि क्या एजेंसियों को चुनाव होने तक विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ अतिवादी कदमों से परहेज करना चाहिए और क्या चुनाव आयोग को इस तरह का कोई निर्देश जारी करना चाहिए? इस पर गंभीरता से विचार करना इसलिए भी जरूरी है कि क्योंकि किसी लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होने ही नहीं चाहिए, होते हुए दिखने भी चाहिए।

सवाल उठता है कि क्या एजेंसियों को चुनाव होने तक विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ अतिवादी कदमों से परहेज करना चाहिए और क्या चुनाव आयोग को इस तरह का कोई निर्देश जारी करना चाहिए?

अभिमत आजाद सिपाही

दाद देनी होगी कि भाजपा के इतने विशाल संगठन में शीर्ष नेतृत्व के आगे कोई कितना भी बड़ा हो, चूं-चपड़ तक नहीं करता। यही अनुशासन है, जिसे न केवल कांग्रेस बल्कि दूसरे राजनीतिक दलों को भी सीखना होगा। भाजपा की यही ताकत उसे दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाती है। इससे जुड़ने वालों की संख्या हमेशा नया रिकॉर्ड बनाती दिखती है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों जिनमें सांसद से लेकर विधायक, मंत्री, पूर्व मंत्री, पूर्व नौकरशाह और न्यायाधीश तक लाइन लगाकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

फिर इंतजार है सबसे बड़े लोकतंत्र का मूड जानने का

ऋतुपर्ण दवे

यूं तो राजनीतिक पंडित भारत के हर चुनाव को कभी अलग, कभी खास, कभी लिटमस टैस्ट तो कभी राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला बतलाते हैं, लेकिन 2024 के आम चुनाव भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे अलग साबित होंगे। कम से कम थोक में दल-बदल के चलते लंबे वक्त तक याद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कांग्रेस मुक्त भारत का नारा सच होने लगा, क्योंकि लोग कांग्रेस से ऐसे छिटकना शुरू हुए कि पूछिए मत। कब तक छिटकते रहेंगे नहीं पता? पता है तो बस इतना कि भाजपा ने कांग्रेसियों के लिए दरवाजे क्या खोले, भीड़ संभालना मुश्किल हो रहा है।

हां, भाजपा के वह सिपहसालार, वफादार और जमीनी कार्यकर्ता असमंजस में होंगे कि नयी भीड़ में उनकी हैसियत क्या होगी? दाद देनी होगी कि भाजपा के इतने विशाल संगठन में शीर्ष नेतृत्व के आगे कोई कितना भी बड़ा हो, चूं-चपड़ तक नहीं करता। यही अनुशासन है, जिसे न केवल कांग्रेस बल्कि दूसरे राजनीतिक दलों को भी सीखना होगा। भाजपा की यही ताकत उसे दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाती है। इससे जुड़ने वालों की संख्या हमेशा नया रिकॉर्ड बनाती दिखती है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों जिनमें सांसद से लेकर विधायक, मंत्री, पूर्व मंत्री, पूर्व नौकरशाह और न्यायाधीश तक लाइन लगाकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। देश पहली बार ऐसा दल-बदल देख रहा है। लेकिन राजनीतिक पंडितों में यह गुफ्तगू होने लगी है कि ऐसा आकर्षण भाजपा में कब तक रहेगा? निश्चित रूप से सवाल वाजिब है लेकिन मौजू नहीं।

इधर चुनावी रंग से पहले कांग्रेस आयकर विभाग से मिले हालिया नोटिस पर तिलमिलाई हुई है।

वहीं उपलब्धियों से सराबोर एनडीए अबकी बार, 400 पार के प्रधानमंत्री मोदी के नारे को चरितार्थ करने में जुटा है, क्योंकि प्रधानमंत्री 1984-85 के कांग्रेस के 414 सीटों का रिकॉर्ड तोड़ना चाहते हों? भाजपा खुद 370 सीटें जीतने की बात कह कर कहीं न कहीं जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने और राष्ट्रवाद की याद दिला रही है।

थोड़े दिन पहले लगता था कि इस चुनाव को इलैक्टोरल बांड अलग रंग देगा। लेकिन दो-चार दिन के हल्ला के बाद राजनीतिक दलों की इस पर धीमी और थमती चीख-चिल्लाहट बताती है कि हमाम में सब नंगे हैं। इसे मुद्दा बनने से पहले ही भुलाया जाने लगा। यह आम चुनाव पक्ष और विपक्ष की गारंटियों के भरोसे पर होगा। लेकिन मतदाता बेहद खामोश है। पहले चरण का नामांकन हो चुका है। 19 अप्रैल के मतदान को गिने-चुने दिन बचे हैं। 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान होगा। प्रत्याशी तय हो चुके हैं। इस चरण में सीट शेयरिंग का तूफान या बवाल खास नहीं रहा। अगले चरणों को लेकर जरूर आहटें हैं। कहीं वही साधने के चलते तो पहले चरण का प्रचार रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है?

इधर चुनावी रंग से पहले कांग्रेस आयकर विभाग से मिले हालिया नोटिस पर तिलमिलाई हुई है। आरोप है कि अगर समान मापदंडों का उपयोग होता, तो भाजपा के टैक्स उल्लंघन पर आयकर विभाग आंखें नहीं मूंदता। उधर देशभर के सैंकड़ों वकील और बार एसोसिएशनों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी कांग्रेस पर जम कर हमला बोला। वकीलों ने चिट्ठी में ध्यान दिलाया कि एक गुट राजनीतिक और पेशेवर दबाव अपना कर न्यायपालिका की अखंडता कमजोर करने की कोशिशें कर रहा है। विपक्ष भाजपा के मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और आत्म निर्भर भारत को खोखली नारेबाजी बता 10 सालों में लोगों की नौकरी छोड़ने, छिनने को चिंताजनक बता कर पूछता है कि यदि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी दर में गिरावट आयी है, तो उसके आंकड़े क्यों नहीं सार्वजनिक होते?

वहीं उपलब्धियों से सराबोर एनडीए अबकी बार, 400 पार के प्रधानमंत्री मोदी के नारे को चरितार्थ करने में जुटा है, क्योंकि प्रधानमंत्री 1984-85 के कांग्रेस के 414 सीटों का रिकॉर्ड तोड़ना चाहते हों? भाजपा खुद 370 सीटें जीतने की बात कह कर कहीं न कहीं जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने और राष्ट्रवाद की याद दिला रही है।

वहीं एक रोचक तथ्य भी है कि 1957 की चुनी लोकसभा में कांग्रेस को 371 सीटें मिली थीं। पं. नेहरू 16 साल 286 दिन प्रधानमंत्री रहे। शायद मोदी इससे भी बड़ी लकीर खींच रहे हैं, जो दिखती भी है।

चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में एनडीए का साफ-साफ दो-तिहाई आंकड़ा छूता दिख रहा है, लेकिन भाजपा अपने दमखम पर सत्तासीन होना चाहती है। क्यों? सबको पता है। सूत्र बताते हैं भाजपा का आंतरिक सर्वे 330 सीटों की जीत बताता है। यह भी बड़ी उपलब्धि होगी। 2019 के चुनाव में 336 सीटों के साथ एनडीए सबसे बड़ा दल और 282 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। वहीं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए 59 सीटों पर और कांग्रेस ने 44 सीटों पर जीत हासिल की। तब और अब का काफी वक्त निकल गया है। कल्पनाओं का राममंदिर आज हकीकत है। हिन्दुत्व के मुद्दे हमेशा दबंगई से भाजपा ने आगे रखे। इस पर खुल कर बात की। कांग्रेस का खुल कर न बोलना ही आज बड़ी चुनौती बन कर सामने है। दिल्ली में केजरीवाल तो झारखंड में हेमंत सोरेन की ऐन चुनाव के वक्त गिरफ्तारी जरूर मुद्दा होगा। पंजाब में आप और कांग्रेस के मौजूदा सांसद का भाजपा में जाने पर जनादेश का मिजाज देखने लायक होगा। हिमाचल में सरकार के बावजूद संकटग्रस्त कांग्रेस अपनों से जूझ रही है। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2024 में सात भाजपा उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना बड़ी शुरूआत है। लेकिन भाजपा को दक्षिण में चुनौतियां तो हैं। कांग्रेस और महागठबंधन को उत्तर, मध्य और शेष भारत में कितना समर्थन मिलेगा यह तो वक्त बताएगा। अब देखने लायक यह होगा कि कश्मीर से कन्याकुमारी और अरुणाचल प्रदेश से गुजरात के बीच अनेकों अनेक विविधताओं से युक्त दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र से 2024 में क्या संदेश निकलेगा?

जमशेदपुर की खबरें

कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज मामले में भाजपा के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में बिस्टुपुर कांग्रेस कार्यालय में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के कुनीति के कारण आयकर विभाग कांग्रेस पार्टी के बैंक अकाउंट विगत महीने से फ्रीज कर दिया है। इनकम टैक्स की राशि 14 लाख 7 हजार की जगह जुमार्ना के तौर पर 3500 करोड़ से भी अधिक की राशि जबरन वसूली करने के लिए नोटिस भेजा गया। यह मामला लोकतंत्र के लिए अति गंभीर है। उन्होंने कहा जब भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी,कई चरणों में चुनाव संपन्न होने हैं, प्रथम चरण का नॉमिनेशन कार्य आगे बढ़ चुका है। इस स्थिति में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खाता को फ्रीज कर दिया गया। जुमार्ना पर जुमार्ना लगाया जा रहा। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को बचाने के लिए चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुकी थी। एक विशेष दल को फायदा पहुंचाने के नियत से यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए अब आम जनता को सोचना पड़ेगा। लोकतंत्र में किसी भी पार्टी का पैसे को फ्रिज करना न्याय हित में नहीं है। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं ने अपनी सदस्यता और अनुदान के माध्यम से पैसों को जमा कराया है। उन्होंने कहा चुनाव पर कुछ लोगों का कुदृष्टि पड़ गया है। जिसके माध्यम से लोकतंत्र के महापर्व को प्रभावित करने के लिए गलत पर गलत कदम उठाई जा रही है। इससे आहत होकर कांग्रेसजनों ने कार्यालय में धरना प्रदर्शन आयोजित कर अपना रोस प्रकट कर रही है। उन्होंने कहा लंबे समय से धरना प्रदर्शन कार्यक्रम चलते रहा। सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। शाम को मसाल जुलूस निकालने की तैयारी के लिए प्रशासन से अनुमति की मांग की गई थी। इइप्रशासन ने चुनाव आचार संहिता के तहत अनुमति नहीं दी। जिस पर अंतिम क्षण में मसाल जुलूस को स्थगित कर दी गई। धरना प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, राजकिशोर प्रसाद, रामदास चौधरी, रामलाल प्रसाद पासवान, समरेंद्र नाथ घोष, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य अमरजीत नाथ मिश्रा, सुरेश धारी, ज्योतिष कुमार यादव, मनोज झा, संजय तिवारी, महिला अध्यक्ष नलनी कुमारी, एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह, संजय यादव, अतुल गुप्ता, सुखदेव सिंह मल्ली, राजेंद्र सिंह, शिल्पी चक्रवर्ती, संध्या दास, अनूप मिश्रा ज्योति, प्रमोद मिश्रा, मोहम्मद नौशाद, गुरदीप सिंह, राजेश चौधरी, अजय महतो, दीपक कर्मकार, कमलेश कुमार, सावन मुखी, आशीष ठाकुर, रणजीत सिंह, काशीनाथ गिरी, अजय मिश्रा, पवन बिहारी ओझा, भोला यादव, राहुल शर्मा, सुशील घोष, हरिहर प्रसाद, कुमार गौरव, अमृतपाल सिंह, भोला पांडे, विजय सिंह, देवाशीष घोष, अजय कुमार दास, राजेश कुमार, विजय कुमार शर्मा, समीर कुमार, अमित सिंह, सूरज सिंह, रवि रंजन दयाल, राजू मुखी, सूरज मुंडा, गुरु पादो गोराई, पीसी स्वामी, मुन्ना मिश्रा सहित सैकड़ो कांग्रेसी शामिल रहे।

3.20 किलो अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार,एक फरार

कुचाई (आजाद सिपाही)। सरायकेला- खरसावां जिले के एसपी मनीष टोप्पो के निर्देश पर पुलिस को अवैध नशा के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को कुचाई पुलिस ने 3.20 किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जिसका बाजार मूल्य लगभग 15 लाख होने का अनुमाम लगाया जारहा है। गिरफ्तार तस्कर का रोहन पातर कुचाई थाना क्षेत्र के दलभंगा ओपी क्षेत्र के बाराहातू गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके पास से एक यामाहा मोटरसाइकिल व एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया गुप्त सूचना मिली थी दलभंगा रोड से अफीम जैसा नशीला पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा कॉपलोंग मोड़ के पास सड़क के दोनों तरफ सशस्त्र बल के सहयोग से एंटी क्राइम चेकिंग लगाया गया।चेकिंग के दौरान एक यामाहा कंपनी का मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति को रोकने पर एक भागने लगा।सशस्त्र बल के सहयोग पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन वह भाग निकला। जबकि मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ के दौरान अपना नाम रोहन पातर बताया। जबकि भागने वाले दीपक मुंडा है। वही पकड़े गए व्यक्ति के पास से 3.20 किलो अफीम जैसा नशीला पदार्थ बरामत किया गया। वही अफीम से संबंधित वैद्य कागजात की मांग की गयी, पर उनके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। फिलहाल पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। चेकिंग अभियान में कुचाई प्रभारी यशवंत कुमार, सहायक अवर निरीक्षक कुमुद राणा, आरक्षी जयराम हांसदा, अरविंद कुमार मेहता, जोहन कांडेबुरु, सुकुराम सोरेन एवं चालक शंभू नाथ चौरसिया शामिल रहे।

कांग्रेस जब अपने किये अपराधों पर फंसती तब लोकतंत्र को याद करती : सुधांशु ओझा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन पर भाजपा महानगर ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए हमला बोला। सोमवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कांग्रेस का कोई बैंक अकाउंट फ्रीज नहीं हुआ है। लोकसभा चुनाव में अपनी निश्चित हार को देखते हुए कांग्रेस पार्टी व उनके नेतागण जनता को गुमराह करने के लिए झूठी बयानबाजी और विरोध प्रदर्शन का ढोंग कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने इनकम टैक्स की चोरी के समर्थन में कांग्रेस द्वारा किये गये धरना-प्रदर्शन पर करारा प्रहार करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी का धरना प्रदर्शन 'चोरी और सीनाजोरी' का ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी तो नियमों का पालन नहीं करती, जब एजेंसियां इसके लिए नोटिस देती हैं तो उसे अनदेखा करती है। अंत में जब कार्रवाई होती है, तो विक्टिम कार्ड खेलने लग जाती है। अगर आप नियमों का पालन नहीं करेंगे तो कार्रवाई होना ही है। उन्होंने कहा उच्च न्यायालय ने नियमानुसार कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया, तो ये लोग अब जनता में झूठ फैलाने के लिए धरना-प्रदर्शन का सहारा ले रहे हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल मोदी और जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे।

गांवों के हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी

पटमदा (आजाद सिपाही)। जुगसलाई विधान सभा के पटमदा स्थित अलग अलग गांव में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। सोमवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी सबसे पहले पटमदा प्रखंड के महुलबना पंचायत स्थित केंदडीह में महिला समूह द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए। मौके पर विधायक ने मत्था टेक कर क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि की कामना की। इसके बाद गेंगाड़ाऔर आगुईडांगरा गांव में सोलोआना कमेटी द्वारा आयोजित हरिनाम संकीर्तन में ग्रामीणों संग शामिल होकर मंदिर में नमन करते हुए खुशहाली की कामना की। विधायक ने बांगुड़दा गांव में आयोजित साधु महोत्सव में भी शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा हरिनाम संकीर्तन में मन को शांति मिलती है। संकीर्तन के माध्यम से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। गांव में सुख समृद्धि के साथ खुशहाली बनी रहती हैं। मौके पर विधायक ने सैकड़ो ग्रामीणों संग प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो समेत सैकड़ो ग्रामीण महिला और पुरुष शामिल रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने वीडी राम को तीसरी बार सांसद बनाने का लिया है संकल्पः भानु

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर । विधायक भानु प्रताप शाही के आवास पर भवनाथपुर विस स्तरीय चुनाव संचालक समिति, कोर कमेटी, सभी मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों के साथ बैठक किया गया। बैठक की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दिन दयाल उपाध्यक्ष जी के चित्रों पर माल्यार्पण करके किया गया। उसके बाद पलामू सांसद सह सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम, प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक भानु प्रताप शाही, प्रवासी प्रभारी पाँकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, पलामू प्रभारी विनय लाल कों भाजपा कार्यकर्ताओ ने अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा की भाजपा के सभी एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के हित में रात-दिन कार्य कर रहें है। कार्यकर्ता के बल पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी

है। उन्होंने ने पलामू लोकसभा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम कों प्रचंड वोट से जिताने का अपील किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भवनाथपुर विस से भाजपा के एक एक कार्यकर्ता रात-दिन मेहनत करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिचारो कों जनता तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्त्ताओ ने किया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओ से पलामू लोकसभा में भवनाथपुर विधानसभा से सबसे बड़ा कमल खिलाने का आह्वाहन करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और वीडी राम को तीसरी बार सांसद बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू सांसद सह पलामू लोकसभा प्रत्याशी वीडी राम ने कहा की पलामू लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ताओ के उम्मीदों पर खरा उतरूँगा। पार्टी ने उन्हें तीसरी बार पलामू लोकसभा सांसद प्रत्याशी बनाया है। कहा की भाजपा के एक-एक कार्यकर्त्ता मोदी के परिवार है। उनके बिचारों कों जन-जन तक पहुंचाए और पुरे जोश के साथ कलम का फूल खिलायें। उन्होंने आगामी 24 अप्रैल कों होने वाली पलामू लोकसभा के नामांकन में सभी कार्यकर्ता कों पहुंचने का न्योता दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विकास स्वदेशी व धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने किया। इस मौके पर विस सह संयोजक शारदा महेश प्रताप देव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय, विधानसभा विस्तारक प्रमोद यादव, बिनोद तिवारी, उमेंद्र यादव, मधुलता कुमारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता गुप्ता, लातेहार प्रभारी भगत दयानंद यादव, मुकेश चौबे, इंद्रमणी जायसवाल, राम कृपाल द्विवेदी, संजय, मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश यादव, कन्हाई प्रसाद, संध्याकर विश्वकर्मा, विकास, कनिष्क, दिलीप, बलजीत, सहीत सभी चुनाव संचालन समिति सदस्य, कोर कमेटी सदस्य सहित सभी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

भानु का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

कांडी। प्रखंड अंतर्गत लमारी कला गांव स्थित भाजपा के पहाड़ी कार्यालय में सोमवार को पहुंचे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। श्री शाही को भाजपा किसान मोर्चा के गढ़वा जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने अंग वस्त्र व गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर भानु ने पलामू संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सह सांसद वीडी राम को भारी मतों से लोकसभा भेजकर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की बात कही। कहा कि आने वाले समय में लमारी पहाड़ी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेगा। तथा भाजपा को मजबूत करने में यह क्षेत्र महती भूमिका निभायेगा। इस अवसर पर किसान नेता पुष्परंजन, मारुति नंदन सोनी, कांडी ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रामजन्म प्रसाद, भिखारी साव, करमु साव, कौशल सिंह, शंकर चंद्रवंशी, मुरारी पासवान, रामपावन साहू, नरेश ठाकुर, श्रीराम पांडेय और सुरेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

गुरु सिंधु कनहर में डूबने से पत्रकार के पुत्र की मौत

गढ़वा(आजाद सिपाही)। चिनिया थाना क्षेत्र के गुरुसिंधु कनहर नदी में डूबने से पत्रकार प्रिंस धीरज के 12 वर्षीय पुत्र की मौत हो गयी। डंडई थाना क्षेत्र के टोरी कला गांव निवासी पत्रकार प्रिंस धीरज का पुत्र था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की संबंध में बताया जाता है कि प्रत्युष को संत पॉल स्कूल के शिक्षक सतीश डुंगडुंग ने अपने कोचिंग सेंटर से 22 छात्रों को लेकर गुरुसिंधु पिकनिक के लिए ले गये थे। इसी बीच प्रत्युष और उसके कुछ साथी नदी में नहाने लगे, इसी बीच प्रत्यूष डूब गया। लेकिन वहां शिक्षक के नहीं रहने के कारण घंटों वह पानी में डूबा रहा। कुछ देर बाद शिक्षक के द्वारा उसे पानी से निकल गया। उसके बाद उसे चीनीया अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय सदर अस्पताल पहुंच कर घटना की जानकारी ली। घटना के बाद परिजनों में काफी आक्रोश था। उक्त मामले में परिजनों ने शिक्षक पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिक के लिए आवेदन भी दिया है।

अपने आपको कानून से ऊपर समझते हैं कांग्रेस के लोग : सांसद वीडी राम

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पलामू संसद वीडी राम ने कहा है कि कांग्रेस के लोग शुरू से मेवा खाने के चक्कर में रहे हैं। इनका ध्यान सिर्फ सत्ता एवं इसके लाभ पर लगा रहता है। जबकि भारतीय जनता पार्टी सेवा पर विश्वास करती है। दोनों दलो में भारी अंतर है। उक्त बातें भाजपा सांसद विष्णुदयाल राम ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग अपने आप को कानून से ऊपर समझते हैं। स्वयं कानून का पालन नहीं करते हैं तथा जब कानून अपना काम करता है तो भाजपा पर आरोप लगाना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस द्वारा यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि उनकी पार्टी के बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया है। जबकि सही मामला यह है कि उन्होंने आईटी रिटर्न समय से भरा ही नहीं। जब कानून का शिकंजा कसने लगा तो भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं। पत्रकार वार्ता में लोकसभा चुनाव के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, संतोष दुबे, रितेश चौबे, ठाकुर प्रसाद महतो, ब्रजेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

इंसास राइफल के साथ जेजेएमपी नक्सली आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा पुलिस ने रंका थाना क्षेत्र के ढेगुरा में जेजेएमपी और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ मामले में जेजे एमपी के एक सदस्य राहुल केसरी आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस के द्वारा लूटी हुई इंसास रायफल सहित काफी संख्या में गोली और अन्य सामान बरामद किये गये हैं। इस संदर्भ में प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने बताया कि भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा गांव निवासी गिरफ्तार किये गये राहुल केसरी के निशान देही पर रंका थाना क्षेत्र के जसोबार जंगल मे छुपा कर रखा गया एक इंसास राइफल, 41 राउंड गोली, चार मैगजीन और एक पाउच बरामद किया गया है। एसपी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि गत 17 दिसंबर को रंका थाना क्षेत्र के ढेनगुरा गांव में जेजे एमपी के टुनेश उरांव सहित उसके चार-पांच साथियों से पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को गोली लगी थी।

उक्त मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के तुरंत बाद सर्च अभियान चलाया। उसी दौरान सक्रिय सदस्य शिव पूजन भुईहर को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद 23 दिसंबर को दुर्जन गांव निवासी मनोज राम को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उक्त कांड में शामिल जेजे एमपी के एरिया कमांडर टुनेश लकड़ा को 13 मार्च को छत्तीसगढ़ पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि इसी बीच सूचना मिली कि राहुल केसरी घटना के बाद से आंध्र प्रदेश के भीमावरम में रहकर मजदूरी का काम कर रहा है। सूचना के आधार पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को एक टीम गठित कर वहां भेजा गया। जहां से टीम ने उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने पूछताछ के बाद सीआरपीएफ की मदद से रंका थाना क्षेत्र के जसोबार जंगल में छुपा कर रखा हुआ हथियार को बरामद किया।

एसपी ने बताया कि टुनेश उरांव वाले जेजेएमपी के दस्ते को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। उनके सभी सदस्यों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त दस्ते से अब तक दो एक-47, दो इंसास राइफल, चार 315 बोर का देशी राइफल, इंसास राइफल के साठ गोली, एक-47 के 160 गोली, इंसास राइफल का चार मैगजीन, इंसास एलएमजी का मैगजीन, एक-47 का चार मैगजीन, चार मोबाइल, एक वॉकी टॉकी, एक पिट्ठू बैग सहित अन्य भारी सामान बरामद किया गया है। प्रेस वार्ता में सीआरपीएफ के कमांडेड नृपेंद्र कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, रामकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुटिया, पुलिस अवर निरीक्षक प्रभात कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

मुखिया प्रतिनिधि ने घर पर से पेड़ हटवाया और किया आर्थिक सहयोग

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत खरडिहा पंचायत के ग्राम तेनुडीह निवासी अमानुद्दीन अंसारी के घर पर पिछले दिनों रात्रि में जोरदार आंधी तूफान चलने के कारण पेड़ गिर जाने से घर का अधिकांश भाग क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी सूचना मिलते के साथ खरडिहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव अमानुद्दीन अंसारी के घर जेसीबी लेकर पहुंचे और घर पर से पेड़ को हटवाये और आर्थिक रूप से मदद भी किया। साथ ही पप्पू यादव ने अंचल पदाधिकारी रंका से बात कर सरकारी सहायता भी दिलाने बात की। जिसमें अंचलाधिकारी की ओर से सहायता के लिए आश्वासन दिया गया है। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा प्रखंड उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, जहमुद्दीन अंसारी, यासीन अंसारी, सादिक अंसारी सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

घटिया सड़क निर्माण कार्य को देखते हुए दर्जनों ग्रामीणों ने काम बंद कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से भंडरिया इंदिरा गांधी चौक से परों कैंप भैया ग्राम कुरून तक सड़क निर्माण कार्य में घटिया निर्माण कार्य को देखते हुए दर्जनों ग्रामीणों ने निर्माण कार्य बंद कराया। भंडरिया में पूर्व से निर्मित पीसीसी के ऊपर नया सड़क का निर्माण कार्य विगत कुछ दिन पूर्व ही किया गया था। वह भी जगह-जगह से उखड़ने लगा था, ठेकेदार के द्वारा उन गड्ढों में मेटेरियल डालकर भरपाई करने का प्रयास किया जा रहा था। जिससे दर्जनों ग्रामीण भड़क गये ग्रामीणों का आरोप है कि शिलान्यास के बाद से ही संवेदक के द्वारा मनमानी तरीका से सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कुरून से भंडरिया चौक तक सड़क निर्माण

कार्य में भारी लूट मचायी गयी है। उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में अभियंता के द्वारा जांच करने पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। कहीं सड़क की मोटाई कम है, तो कहीं एक ही लेयर कालीकरण किया गया है। दूसरी ओर मिट्टी दबाने वाला मशीन से पिच दबाने का कार्य करके किसी प्रकार कार्य पूरा किया जा रहा है। 15 दिन भी नहीं हुआ भंडरिया का सड़क उखड़ने लगा। साथ ही सड़क के किनारे बनाये जाने वाला नाली भी नीचे से 5 इंच जोड़ा जा रहा है और ऊपर ईंट जोड़कर 10 इंच बना दिया जा रहा है। संवेदक के द्वारा जैसे तैसे कार्य संपन्न कराया जा रहा है जिसे देख दर्जनों ग्रामीणों ने इस प्रकार के गड्ढे को भरने का कार्य बंद करा दिया। ज्ञात हो कि भंडरिया से कुरूण तक 26.40 किमी0 के इस सड़क की प्राक्कलित राशि 1679.025 लाख रुपये है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राशि में दो करोड़ की वृद्धि भी की गयी है। बावजूद सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर का है। पुल-पुलिया भी निम्न स्तर के हैं। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मांग किया है कि इस सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करायी जाये साथ ही प्राक्कलन के अनुसार सड़क नहीं बनने में अभियंता की लापरवाही भी प्रतीत होती है, उचित कार्रवाई करते हुए सड़क निर्माण कार्य सही तरीके से हो। मांग करने वालों में विनय जायसवाल, रामजी ठाकुर, सुनील यादव, प्रेमनाथ ठाकुर, सत्यनारायण गुप्ता, रोजन अंसारी, आई आलम, बिनोद गोस्वामी, नितेश केशरी, पंकज प्रजापति, नागेन्द्र सिंह, प्रवीण प्रजापति, चंदन प्रजापति, गोल्डेन केशरी आदि सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

कमलापुरी समाज ने होली मिलन समारोह आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिला कमलापुरी समाज ने होली मिलन समारोह सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। मेलोडी मंडप में आयोजित इस होली मिलन समारोह में समाज के सभी लोगों ने एक जुट होकर समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर गढ़वा जिला कमलापुरी वैश्य समाज का जिला इकाई का भी गठन किया गया। जिसमें मनीष कमलापुरी को अध्यक्ष जबकि मदन प्रकाश कमलापुरी, प्रमोद कमलापुरी, दिनेश कमलापुरी, विनोद कमलापुरी एवं अजय कमलापुरी को

उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं मनीष कमलापुरी को महामंत्री बनाया गया। शैलेंद्र प्रकाश कमलापुरी , सुनील कमलापुरी ,अमित कमलापुरी, उमेश कमलापुरी और विजय कमलापुरी को सचिव बनाया गया। महिला कमेटी में अर्चना कमलापुरी को अध्यक्ष, सुप्रिया कमलापुरी, उर्मिला कमलापुरी को उपाध्यक्ष, किरण देवी, मीना देवी एवं गीता देवी को सचिव बनाया गया। जबकि युवा कमेटी में धनंजय कमलापुरी को अध्यक्ष, रोशन कमलापुरी, मयंक और रिशु कमलापुरी को उपाध्यक्ष तथा हर्ष कमलापुरी को महासचिव बनाया गया। इस मौके पर समाज के जिला अध्यक्ष मनीष कमलापुरी ने कहा कि समाज में जो भी बुराई है उसे खत्म किया जाएगा। समाज के सभी लोगों को एक साथ संगठित किया जाएगा।मौके पर काफी संख्या में कमलापुरी समाज के महिला पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

खबर का असर : बालू की अवैध ढुलाई पर नकेल कसने नदी पहुंचे पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई। डंडई थाना के महज आधा किलोमीटर की दूरी पर दानरो नदी से हो रहे बालू का अवैध उत्खनन और उठाव का खबर छपने के बाद सोमवार को प्रशासन हरकत में आया। खबर छापने के बाद दोपहर में अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने पुलिस दलबल के साथ दानरो नदी बालू उत्खनन और उठाव स्थल पहुंच मामले की जांच की। इस दौरान उन्होंने ठाकुर टोला के समीप दानरो नदी छठ घाट में बालू उत्खनन स्थल पर कई मजदूरों को सुबह से ही बालू का उत्खनन करते हुए देखा गया। प्रशासन को देखते ही उत्खनन कर रहे मजदूर नौ दो ग्यारह हो गये। अधिकारियों ने बालू के अवैध उत्खनन स्थल से कई कुदाल और बेलचा सामग्री जब्त किया है। प्रशासन की गाड़ी जैसे ही नदी में पहुंची आसपास के कई ग्रामीण वहां जुट गए। तभी अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने ग्रामीणों से उत्खनन संबंधी जानकारी प्राप्त की। बातचीत के क्रम में ग्रामीणों ने

अधिकारियों को बताया कि अखिलेश मेहता और सकेंद्र मेहता नामक व्यक्ति के द्वारा लगातार मजदूर लगवाकर नदी के बालू का उत्खनन किया जा रहा है। मना करने पर उक्त व्यक्तियों के द्वारा कई तरह की धमकी भी दी जाती है। साथ ही साथ ग्रामीणों ने कहा कि नदी का लगातार बालू उठाव और बालू का उत्खनन होने से आसपास के चापाकल, कुआं और अन्य तरह के जलाशयों में जल का स्तर नीचे होता चला जा रहा है। वही बालू का उत्खनन कर देने से कई जगह पर जानलेवा गड्ढा बना हुआ है और नदी का पानी का बहाव नही हो पा रहा है। जिससे माल मवेशियों और पशु पक्षियों को पीने का पानी के लिए दिक्कतें हो रही है। ग्रामीणों ने बालू का उत्खनन कर रहे लोगों के ऊपर नियम संगत आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। मौके पर प्रभारी अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने कहा कि अखबार में छपी खबर से जानकारी मिली थी कि डंडई के दानरो नदी से बालू का अवैध उत्खनन और उठाव हो रहा है। जिसको लेकर आज हम लोग जांच करने पहुंचे हैं। जैसे ही हम लोग नदी में प्रवेश किया कि बालू का उत्खनन कर रहे कई मजदूर अपना कुदाल और बेलचा छोड़कर भागने में सफल रहें। हम लोग कई कुदाल और बेलचा सामग्री जप्त किए हैं। आगे उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना कोई भी व्यक्ति नदी से बालू का उत्खनन नहीं कर सकता। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। ग्रामीणों के बयान के आधार पर संबंधित व्यक्तियों पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि नदी में बालू का उत्खनन ना हो और नदी सुरक्षित रहे खतरे में ना पड़े। इस पर हम लोग नजर बनाए रखेंगे। आपको बता दें कि रविवार को स्थानीय ग्रामीणों ने बालू उत्खनन और उठाव स्थल पर पहुंचकर बालू उत्खनन का जमकर विरोध किया था। इसके बाद खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन रेस होता दिख रहा है। लेकिन अब देखना दिलचस्प होगा कि बालू उत्खनन मामले में किस किस व्यक्ति पर गाज गिरती है और क्या अब वहां उत्खनन बंद हो जायेगा या फिर बालू माफिया संबंधित अधिकारियों के साथ गांठ कर अपनी धंधा कायम रखेंगे यह एक बड़ा सवाल लोगों में बन कर अभी भी खड़ा है।

शेड दिलाने के नाम पर प्रखंड की जनता से लाखों की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचंद्र केशरी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव द्वारा पशु शेड दिलाने के नाम पर प्रखंड की जनता से लाखों रुपये ठगी करने, ठगी की गयी राशि में से 7 लाभुकों का पैसा वापस करने, शेष 11 लाभुकों का पैसा दूसरे दिन वापस करने का लिखित वादा करने की जानकारी विगत 31 जनवरी को दिया था। आवेदन में श्री केशरी ने कहा था कि प्रमुख द्वारा 12 दिसंबर 2023 को 11 लाभुकों का पैसा 14-14 हजार रुपये वापस करने का लिखित वादा करने के बाद भी वापस नही किया गया। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों मामलों की सूचना अनुमंडल पदाधिकारी को 12 दिसंबर 2023 को ही दिया जा चुका है। श्री केशरी ने कहा है कि उक्त मामले में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक दंडाधिकारी को तीन दिनों के अंदर जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश

दिया गया था, इस पर अभी तक क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी के लिये श्री केशरी ने अनुमंडल पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी को सूचना का अधिकार कानून 2005 के तहत आवेदन देकर चार बिंदुओं पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग किया गया है। जिन बिंदुओं पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग की गयी है, उनमें कहा गया है कि दिये गये निर्देश के आलोक में 11 पशु शेड के लाभुकों को पैसा वापस कराया गया या नहीं। यदि कराया गया तो उक्त लाभुकों को सूचना देकर कहां कराया गया। यदि उक्त आदेश के बाद भी पैसा वापस नहीं कराया गया तो, कारण सहित सूचना उपलब्ध करायें। सगमा प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई हुई या नहीं, सगमा प्रखंड प्रमुख द्वारा पशु शेड के नाम पर ली गयी राशि तथा 7 लाभुकों का लौटाया गया राशि का लिखित साक्ष्य है, तथा 11 लाभुकों से लिये गये राशि का भी लिखित साक्ष्य उपलब्ध है, ऐसे भ्रष्टाचार करने वाले प्रमुख को पदमुक्त करने की कार्रवाई की गयी या नहीं। पूर्ण सूचना साफ-साफ अभिप्रमाणित उपलब्ध कराया जाये।

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 720 दिनांक 18.03.2024 मैं, निर्मल कुमार डे (Nirmal Kumar Dey). पिता - स्व० नुना राम डे, निवासी टाटी, बाजार टाड़, थाना टाटी सिलवे, जिला - राँची - 835103, (झारखण्ड) का निवासी हूँ, तथा शपथ पुर्वक घोषणा करता हूँ कि नीचे दिया गया ब्यान मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। 1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ, तथा मैं उपरोक्त स्थान की निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे पुत्र का नाम सुभोजीत डे (Subhojeet Dey) है, तथा मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक जन्म तिथी 25/01/2015 है। 3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या - 4326 0547 6921 में मेरे पुत्र का नाम सुभा डे (Subha Dey) दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र मे मेरे पुत्र का नाम सुभोजीत डे (Subhojeet Dey) अंकित है, अतः सुभा डे (Subha Dev) एवं सुभोजीत डे (Subhojeet Dey) दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है, जो कि मेरे पुत्र का नाम है। 4. यह कि मेरे पुत्र का सही नाम सुभोजीत डे (Subhojeet Dey) है। 5. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पुत्र के नाम एवं जन्म तिथी के सत्यापन के समर्थन मे अपने पुत्र के आधार कार्ड मे सही नाम सुभोजीत डे (Subhojeet Dey) एवं जन्म तिथी 25/01/2015 दर्ज करवाने हेतु समर्पित कर रहा हूँ। 6. यह कि उपरोक्त कथन मेरी जानकारी मे सही एवं सत्य है। आज दिनांक 18/03/2024 को यह शपथ पत्र सम्पन्न होता है।

पीएम के नेतृत्व में विश्व पटल पर देश मजबूती से उभर रहा है : आदित्य साहू

मुकेश कुमार सिंह

चंदवा। चंदवा के प्रह्लाद प्रसाद बैंक्विट हॉल में लातेहार विधानसभा जिला कमिटी मंडल कमिटी और बूथ अध्यक्षों की बैठक बुलायी गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने किया। वहीं मंच का संचालन चंदवा के मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने किया। यह बैठक आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजन किया गया था। वही इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य साहू उपस्थित हुए। सर्वप्रथम श्री साहू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर अपने संबोधन झारखंड के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि देश मजबूती की ओर

लगातार बढ़ रहा है आज पूरे विश्व पटल पर हमारे देश की पहचान बनी है। जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं। तब से लगातार देश के सभी दिशाओं सबसे बेहतरीन कार्य महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं चूल्हा जलाने के समय परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वह आज पुरी तरह आसानी से घर का भोजन पकाने का कार्य करती है और पूरा तरह साफ सुथरा रहती है। पहले लकड़ी का चूल्हा हो या कोयले का चूल्हा पर खाना पकाने का काम किया जाता था। उसके साथ ही हर घर में बिजली की व्यवस्था की गयी है। पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि आने वाले दिनों में हमारा देश मोदी जी के नेतृत्व में और बेहतर तरीके से आगे बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में विश्व गुरु बनने की राह पर हमारा देश बढ़ रहा है। लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के द्वारा कहा गया है कि गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री है यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही हो सकती है। अन्य पार्टियों में तो आज तक मैने नहीं देखा है। भारतीय जनता पार्टी की एक ऐसी पार्टी है जो ऐसे गरीब लोगों को सपना पूरा कर सकती है। वहीं मंच संचालन कर रहे मंडल अध्यक्ष ने भी बीच-बीच में भारतीय जनता पार्टी जो देश भर में अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है। उसे अपने कार्यकर्ताओं को बताने का काम किया है वहीं इस अवसर पर लातेहार विधानसभा सभी मंडल अध्यक्ष जिला कमेटी के लोग और पूछ के अध्यक्ष मौजूद थे साथ ही साथ महिला मोर्चा के भी कई लोग इस कार्यक्रम में शिरकत किया है।

नेतरहाट आवसीय विद्यालय के डॉ प्रसाद पासवान सेवानिवृत्त हुए, नये प्रभारी प्राचार्य बने डॉ अभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

नेतरहाट। अर्थशास्त्र के शिक्षक प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गये। नेतरहाट आवसीय विद्यालय की 27 वर्षों की सफल सेवा समाप्त कर डॉ पासवान ने अपने अंतिम कार्य दिवस तक विद्यालय की सक्रिय करते हुए अवकाश ग्रहण किया। बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत बड़ी चिल्मी गांव के एक अत्यंत साधारण कृषक परिवार में 7 मार्च 1964 की जन्मे डॉ पासवान उत्तरोत्तर उच्च शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न सेवाओं यथा लिपिक, रोकड़ पाल, शिक्षक नवोदय विद्यालय के रूप में कर्तव्य निर्वहण किया। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 24 अप्रैल 1997 में नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अर्थशास्त्र के सह शिक्षक के रूप में योगदान दिया था। छात्रों, शिक्षकों, माताओं,

कार्यालय कर्मियों, चतुर्थ वर्ग कर्मियों, पठार वासी गणमान्य लोगों से खचाखच भरे प्रेक्षागृह में एक भव्य, भावपूर्ण कार्यक्रम के साथ डॉ प्राचार्य प्रसाद पासवान की विदाई की गयी।

इस कार्यक्रम में डॉ पासवान के परिवार के सभी सदस्य, परिजन, मित्रगण के साथ-साथ मुख्य रूप से मशहूर फिल्म निर्माता राम डाल्टन एवं उनकी ख्याति प्राप्त पार्श्व गायिका पत्नी मेधा राम डाल्टन की भी मौजूदगी रहीं। मंच पर डॉ पासवान, प्रधान माता श्रीमती पासवान पूर्व उप प्राचार्य अंशुमान चटर्जी, वरीय शिक्षकगण रविरंजन, अभिषेक मिश्र, मारुति प्रताप सिंह एवं रवि प्रकाश सिंह मौजूद थे। कई छात्रों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने अपने वक्तृत्व में डॉ पासवान के सरल एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए उनके साथ के अपने अनुभवों को साझा किया। सभी ने उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी कार्यक्रम में नये प्रभारी प्राचार्य के रूप में नेतरहाट विद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक मिश्र के नाम की घोषणा नेतरहाट विद्यालय समिति की अधिसूचना के आधार पर डॉ प्रसाद पासवान के द्वारा की गयी। नये प्रभारी प्राचार्य डॉ अभिषेक का भी स्वागत सम्मान अभिनंदन सभा के द्वारा किया गया। डॉ पासवान ने सभी के प्रति कृतज्ञता एवं आभार प्रकट किया। ऊर्जा से लबरेज डॉ पासवान ने कहा कि मैंने झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य के रूप में 60 से अधिक शिक्षण संस्थानों की मान्यता प्रदान की है और अब यहां से कार्यमुक्त होकर शिक्षा के क्षेत्र में अभी और बहुत से कार्य करने बाकी है। इस अवसर पर छात्रों द्वारा बनाया गया डॉ पासवान के जीवन पर एक प्रेरणाप्रद वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया। राष्ट्रगान के साथ इस विदाई समारोह का समापन किया गया। इसके बाद प्राचार्य के सम्मान में एक प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया।

चोरी भी करो सीनाजोरी भी करो कांग्रेस की मानसिकता : समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। भाजपा के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि आजादी के 65 वर्षो तक कांग्रेस ने देश में शासन किया है। इतने समय तक देश को लूटने के बाद भी इनकम टैक्स जमा नहीं किया। इनकम टैक्स के मामला में सुप्रीम कोर्ट से नोटिस किया गया। लोकतांत्रिक देश को निडरता दिखाने का कार्य किया और इनकम टैक्स की चोरी की। कांग्रेस की मानसिकता है चोरी भी करो और सीना जोरी भी करो। कांग्रेस कई प्रकार के संस्थाओं से चोरी करने का कार्य किया है। अब वो देश की जनता के बीच भ्रम फैलाने का कार्य कर रही है। भारत के संविधान के अनुरूप पालन नहीं हुआ तो सर्बधित लोगों पर कार्यवाई की प्रक्रिया अपनायी जा

रही है। यदि नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो जेल जाना ही पड़ेगा। कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही है। मोदी जी ने कई योजनाओं को माध्यम से गरीबों को लाभ पहुंचाने का कार्य किये। अब कांग्रेस के पास कोई बात नहीं बची तो बेकार की पुरानी घिसे पीठे बातों को दोहरा रहे है। कई घटनाएं हुए कई परिवर्तन हुए। देश के अंदर मोदी युग आ गया है। इसलिए एक एक चीजों के लिए सरकार गरीबों, युवाओं, महिलाओं के भविष्य के लिए कार्य कर रहा है। इसलिए कांग्रेस के लोग अब कुछ नहीं बचा तो धरना और प्रदर्शन कर रही है।अब जनता जागरूक हो गयी है, मोदी युग आ गया है। अयोध्या में रामलला के आने से भगवान राम के माध्यम से मोदी युग आ गया है। अब चोरी घोटाला नहीं चलने वाला हैं। अब लोग समृद्ध होकर आगे बढ़ने वाले है। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, लोकसभा सह संयोजक सन्नी टोप्पो, पूर्व विधायक सधनु भगत, विधानसभा प्रभारी अनूप अधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस उपस्थित थे।

स्टेटिक सर्विलांस टीम ने वाहन जांच अभियान चलाया

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप सोमवार को स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों की जांच किया जा रही है। उसी क्रम में रविवार को जांच के दौरान एस आई मनोज कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी पोस्टर, झंडा, अवैध हथियार के अलावे गांजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब सहित अन्य नशीला पदार्थ और पैसा का जांच किया गया। मौके पर दंडाधिकारी अजय कुमार महतो, एसआइ मनोज कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

स्वीप कोषांग ने रेलवे स्टेशन पर चलाया हस्ताक्षर अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में लोहरदगा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग की ओर से हस्ताक्षर अभियान लोहरदगा रेलवे स्टेशन में चलाया गया। इस कार्यक्रम में सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में यात्रियों से इस बार लोकसभा आम निर्वाचन में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और 13 मई 2024 को आवश्यक रूप से अपना मतदान करने की अपील की गई। लोहरदगा जिला में इस वर्ष 90 प्रतिशत से अधिक मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, पीपीआई फेलो हेमलता बजाज, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, सिटी मैनेजर विजय कुमार, आशीष कुमार, राजा कुमार, गौतम कुमार समेत विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण खबरें

योगी सेना के प्रखंड अध्यक्ष बने विवेक यादव, सचिव अर्जुन सिंह

भंडरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम मंदिर परिसर में सोमवार को योगी सेना की बैठक लाल सौरभ नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में योगी सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष अंकित वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में योगी सेना की विस्तार करते हुए भंडरा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से विवेक यादव को योगी सेना का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव अर्जुन सिंह, उपाध्यक्ष शिवसागर उरांव, कोषाध्यक्ष अनिल यादव और मीडिया प्रभारी आनंद यादव को चुना गया। प्रखंड कमेटी की बैठक में योगी सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर ने कार्यकताओं को कर्तव्य बोध करवाया। कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत होते हैं। सभी को मन लगाकर संगठन और समाज हित में कार्य करना है। संगठन विस्तार अभियान के तहत प्रखंड की कमेटी का पुनर्गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस मौके पर राहुल सिंह, रबिंद्र महतो, आनंद सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, राजकुमार महतो, श्रीकांत गुप्ता, रोशन गुप्ता, दीपक उरांव, विवेक सिंह, नमीत यादव, नितेश कुमार, आकाश यादव, राहुल सोनी, अमन सोनी, अरुण साहू, मुकेश उरांव, ओम ठाकुर, उमेश सिंह, सन्याल यादव, नितिन सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारी और जवानों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

बारियातू (आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर थाना परिसर में पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक संदीप कुमार, व बलराम कुमार, ने बारी बारी से लू लग जाने, सीपीआर, करने, मलेरिया, नाक से खून आने, बेहोशी होना, बीपी, दील का धड़कन, सहित अन्य रोगियों के बारे मे विस्तार पूर्वक जवानों को प्रशिक्षण दिया और बताया कैसे घायलों को सीपीआर देना है। मौके पर थाना प्रभारी राजा दिलावर, सहित पुलिस के कई पदाधिकारी के अलावा एएनएम उषा कुमारी, सरिता कुमारी, मौजूद रही।

मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए किया जा रहा जागरूक

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लातेहार जिला अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के मार्गदर्शन में सतत रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों, डाकघरों, रेलवे स्टेशन, महाविद्यालय व विद्यालय में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उन्हें मतदान के महत्व की जानकारी दी जा रही है एंव मतदान के प्रति जागरुक किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके तहत जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निवासरत 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के लोगों को मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

वाहन जांच के दौरान कार से एक लाख पच्चास हजार रुपये बरामद

संतोष सिन्हा/ कुतुबुद्दीन

बालूमाथ/ बारियातू (आजाद सिपाही)। लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिख रही है। इसी क्रम में सोमवार सुबह थाना प्रभारी राजा दिलावर के नेतृत्व में अंतरजिला सीमा स्थित थाना गेट के समीप लगाये गए चेकनाका पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी दिलावर ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को देखते हुए उक्त चेकनाका पर 22 मार्च से लगातार 24 घंटा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान के दौरान रांची से चतरा की ओर जा रही जेएच 01 एफ एल 8510 कार की तलाशीं ली गयी। जिसमें

से नगद एक लाख पच्चास हजार रुपये पाया गया। जिसे जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी। बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशुतोष कुमार सत्यम से पुछे जाने पर कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अगर किसी व्यक्ति को 50 हजार रुपये से अधिक कैश ले जाना है, तो उसे अपने पहचान पत्र के अलावा पैसे निकालने से संबधित पर्ची और पैसे कहां इस्तेमाल होंगे, इसका प्रमाण भी साथ रखना होगा। चेकिंग अभियान में कई पुलिस के जवान शामिल रहे।

भागने का प्रयास कर रहे प्रेमी युगल का कराया गया विवाह

बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम मंदिर में स्वजनों ने प्रेमी युगल का विवाह करवाया। प्रेमिका की मां सकुशलता देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी बेटी को बीते रात ग्रामीणों ने सकेन्दर भुइंया पिता सुखलाल भुइंया ग्राम गाडी टोला लोदाम निवासी के साथ मनातू स्कूल में पकड़ा गया। और रविवार को बारियातू थाना लेकर आया जहां लड़की स्वजनों ने सर्वसम्मति से शादी कराने का निर्णय लिया। वहीं लड़की के स्वजनों ने बताया कि पूनम की शादी चतरा जिले के लमटा गांव में होना था। इसी को लेकर प्रेमी सकेंद्र भुइंया ने अपने प्रेमीका को लेकर भागने का प्रयास में था की इसी बीच दोनों को ग्रामीणों ने पकड़ कर बारियातू थाना लाए जहां दोनों को शादी करवाने का निर्णय लिया गया। और श्रीराम मंदिर में शादी कराकर लड़की वालों ने लड़का के घर दुल्हन को पहुंचा दिया।

कार्यकर्ता को टिकट मिला, आप सबों को जाता है इसका श्रेय : कालीचरण सिंह

रवि कु गुप्ता

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भाजपा कार्यालय के समीप मेमोरियल हॉल के प्रांगण में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का एक दिवसीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह उर्फ नान्हू सिंह ने किया। जंहा मुख्य अतिथि के तौर पर विश्रामपुर विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने की शिरकत। इसके बाद चतरा लोकसभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, जिला परिषद अध्यक्षया पूनम देवी, भाजाप नेता सह जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, स्टेलिना नगेसिया, शिल्पी कुमारी, विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि चंचल सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश

सिंह चेरो, आषुतोष सिंह चेरो, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू राजा, सोनू सिकंदर, मनिका प्रमुख प्रतिमा देवी सुशीला कुमारी, बरवाडीह प्रमुख उपप्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर बैठक की कार्रवाई प्रारंभ किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने सबसे पहले संगठन की मजबूती पर लोकसभा में चतरा सहित पूरे भारत में 400 से पार सीट पर चर्चा किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हैं क्योंकि भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। चतरा लोकसभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा की हम चतरा लोकसभा क्षेत्र से ही विलोम करते है हमारा जन्म और कर्म यही हुआ है एक छोटे से कार्यकर्ता को टिकट मिलना आप लोगो का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं, उन्होंने पार्टी को समाजसेवा से जोड़ दिया है। तभी तो नरेन्द्र मोदी ने नारा दिया सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास सब का प्रयास। वही मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, दिलीप यादव, पारस जायसवाल, विकास सिंह, दीपक तिवारी सहित सकेडो के संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

जय श्री राम समिति का विस्तार, अध्यक्ष बने विक्की

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति की बैठक नगर क्षेत्र के वार्ड 18 अंतर्गत हटिया मोहल्ला दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुई। आयोजित बैठक में कमिटी विस्तार एवं नववर्ष को लेकर मुख्य चर्चा रही। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष विजय महतो उर्फ विक्की, कार्यकारी अध्यक्ष सतीश वर्मा, महामंत्री गौरव हैहयवंशी, कोषाध्यक्ष देवजीत कसेरा, संगठन मंत्री शुभम सोनी, अमित साहू, उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, सोनू मुंडा, मीडिया प्रभारी युवराज साहू को बनाया गया। मौके पर संरक्षक दुर्गा प्रसाद सोनी ने कहा कि समय की मांग और लोगों का विश्वास

की गारंटी है जय श्रीराम समिति। लगभग 18 वर्षों से लोगों के बीच में रह कर निस्वार्थ भाव से अपने कार्यों को बखूबी निभाते हुए देखे जाते है। समिति के किए हुए कार्य मानवता की मिसाल पेश करती है। कहा की समिति के द्वारा नववर्ष के उपलक्ष पर शोभा यात्रा निकालने की वर्षों से परंपरा रही है और यह शोभा यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण होती है। भगवा में डूबे लोग गाजे बाजे की झंकार और जय श्रीराम घोष के नारो से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण से गुंजमय रहती है। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा इस बार आने वाला नववर्ष को लेकर जोर-जोर से तैयारी की जा रही है। मैं सभी से अपील करना चाहता हूं की जिस तरह पश्चिमी सभ्यता को लेकर लोग उत्सुकता दिखलाते हैं। उसी तरह नववर्ष विक्रम संवत पर अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर अधिक से अधिक संख्या में शोभा यात्रा में शामिल होकर अपने परिवार बच्चों के साथ नया साल मनायें। शोभा यात्रा के पश्चात भक्ति जागरण और भव्य भंडारा का आयोजन ललित नारायण स्टेडियम में होगी। मौके पर जिला संरक्षण दुर्गा प्रसाद सोनी, राजेश महतो, अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, अनिल उरांव, विक्की कसेरा, सुनील अग्रवाल, विनोद प्रसाद, मोहित वर्मा, अंकित कुमार साहू, शौर्य कुमार, सोनू कुमार, अभिषेक वर्मा, निखिल राज, कमलेश कुमार कसेरा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरा। लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन रेस है। रविवार की शाम को थाना क्षेत्र अंतर्गत कसपुर टंगरा टोली में अवैध महुआ शराब चुलाई के खिलाफ स्थानीय पुलिस ने छापामारी की और कई क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया। पुलिस की धमाचौकड़ी देख उक्त गोरखधंधे में शामिल लोग भागने में सफल रहे। भंडरा पुलिस ने कसपुर टंगरा टोली गांव निवासी मंगरी उरांव पति स्व पचो मुंडा घर छापेमारी कर जावा

महुवा को नष्ट किया साथ ही मंगरी मुंडा के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के मामला दर्ज कर अग्रतर करवाई में जुट गयी है । छापामारी अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह कर रहे थे।

शिक्षक हत्याकांड में भतीजा निकला हत्यारा, गिरफ्तार

शंभू कुमार सिंह

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। जिला का चर्चित पारा शिक्षक हत्याकांड के मामले का उद्भेदन सिमडेगा पुलिस में हत्याकांड के 24 घंटे के अंदर करने में बड़ी सफलता पायी है। सोमवार को एसडीपीओ पवन कुमार के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि जलडेगा थाना अन्तर्गत बागेटोली, कुरकुरा करमाटांड सड़क के नीचे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मामले कि सूचना पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची शव का सीनाख्त तुरलेन लुगून, ग्राम करमापानी, निवासी पारा शिक्षक के रूप में की। वरीय पदाधिकारी के निदेशानुसार त्वरित अनुसंधान प्रारम्भ किया गया, तत्पश्चात पता चला कि मृतक का भतीजा योतम लुगून, पिता सामुएल लुगून, सा०-बागेटोली, लम्बोई करमापानी जलडेगा ने आपसी विवाद में पत्थर से सिर पर मारकर हत्या कर दिया । घटना के संदर्भ में मृतक के पत्नी एडलीन लुगून के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त योतम लुगून, एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कर प्रथम अनुसंधान के कम में अप्राथमिकी अभियुक्त योतम लुगून को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी उपरांत अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहां की 30 मार्च के रात्री में शराब के नशे में घटना को अंजाम देने की बात कही। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी पुअनि शशिशंकर कुमार सिंह, थाना प्रभारी जलडेगा पुअनि दुर्गेश कुमार, पुअनि सोनु कुमार सअनि किशोर महतो और सशस्त्र बल के जवान मौजूद रहे ।

ट्रेलर की चपेट में आने से बच्ची की मौत, लोगों ने सड़क जाम की

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। थाना मुख्यालय अंतर्गत देवी गुड़ी चौक के पास ट्रेलर ट्रक के चपेट में आने से लगभग 5 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार दोपहर लगभग साढ़े 4 बजे बिरसा लोहरा की बेटी नन्दिनी कुमारी अन्य बच्चो के साथ रोड पार कर रही थी। इसी दरम्यान एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चपेट में आ गयी। ट्रेलर इतनी तेज स्पीड थी कि बच्ची को लगभग 100 फिट घसीट कर ले गयी जिससे बच्ची का पूरा शरीर सर समेत कुचल गया। ट्रेलर में लोहे की पत्तियां लदी हुई थी। दुर्घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया।

दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगो ने किया सड़क जाम

दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगो ने पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा राशि और देवी गुड़ी चौक पर आये दिन होने वाले दुर्घटना को देखते हुए ठोकर बनवाने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। दुर्घटना के सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुनीत मिंज सदलबल घटनास्थल पहुँच कर लोगो को समझाने का प्रयास किये परतु लोग कुछ भी सुनने को तैयार नही थे। स्थानीय लोग पूर्व के घटनाओं पर पुलिस द्वारा सहयोग नहीं करने का आरोप लगाते रहे साथ ही तत्काल अंतिम संस्कार हेतु राशि एवं ठोकर बनवाने की मांग करते रहे। जाम की सूचना मिलते ही सीओ नरेश कुमार मुंडा घटनास्थल पहुंच कर लोगो को समझाया। सीओ द्वारा ठोकर बनवाने की मांग पर लोगो को आश्वासन दिया कि वे ठोकर की मांग को लेकर गुमला उपायुक्त को अवगत करायेंगे साथ ही सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के परिजन को एक लाख मुआवजा राशि दिलायेंगे। सीओ नरेश कुमार मुंडा एवं थाना प्रभारी पुनीत मिंज के द्वारा समझाने ओर सीओ द्वारा अपने स्तर पर सहायता राशि देने पर शाम लगभग साढ़े 6 बजे सड़क जाम हटा लिया गया।थाना प्रभारी द्वारा मृतक के परिजनों को अपने एवं एसडीपीओ के स्तर पर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया। सड़क जाम के कारण दोनो कतारों पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी ।

रेलवे स्टेशन परिसर में कैंटीन सेवा शुरू

कामडारा (आजाद सिपाही)। पोकला रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार से कैंटीन सेवा चालू हुई। जानकारी के मुताबिक पोकला रेलवे स्टेशन परिसर मे इसके पहले कोई भी कैंटीन नहीं था। जिसके वजह से आम यात्रियों को खाने-पीने की वस्तुऐं खरीदने के लिये रेलवे स्टेशन से बाहर जाना पड़ता था। वहीं स्टेशन परिसर मे प्लेटफार्म नं.एक मे कैंटीन खुल जाने से ट्रेन यात्रियों को काफी सुविधा होगी। वहीं पोकला रेलवे स्टेशन मास्टर विकास कुमार और कामडारा के जिप सदस्य दीपक कंडूलना ने संयुक्त रूप से उक्त नये कैंटीन का उद्घाटन विधिवत रुप से फीता काटकर की। इस दौरान पिंटू कुमार, उपेंद्र हरिहर, अरुण कुमार, खेदू , पुरुषोत्तम दास सहित आसपास के ग्रामीण और रेलकर्मी मौजूद थे।

रिटायर्ड शिक्षक बिधि महतो का निधन

बसिया (आजाद सिपाही)। कलिगा निवासी रिटायर्ड शिक्षक बिधि महतो का निधन रविवार को इलाज के क्रम में रांची के निजी नर्सिंग होम में हो गया। जिनका अंतिम संस्कार कलिगा नाला में सोमवार को किया गया। बिधि महतो पेशे से शिक्षक थे और सुकुरडा के स्कूल में शिक्षण कार्य करते थे। 2017 में वे रिटायर्ड हुयर थे और उसके बाद बीमार रहने लगे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनके निधन पर जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग, मुखिया मरियम बेक, परमानंद राम, बंटी साहू, रितेश शाही, प्रवीण सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता समेत अनेक लोगो ने दुख व्यक्त किया।

खाता फ्रीज मामले पर भ्रम फैला रही है कांग्रेस : मनोज कुमार सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शहर के होटल सबेकर में सोमवार को भाजपा ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए लोहरदगा लोकसभा जिला प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कांग्रेस लोगों के खाता फ्रिज पर बवाल मचा रही है। धरना प्रदर्शन बयान बाजी से लोगों को दृगभ्रमित करने का काम कर रही है। जिस कांग्रेस ने देश में 60 वर्षों तक राज किया। इन वर्षों में जमकर लूट, भ्रष्टाचार और कई घोटाले किए। 2004 से 14 तक बड़े-बड़े घोटाले को अंजाम दिया। जिस खाता फ्रिज मामले में कांग्रेस हल्ला कर रही है। उसकी सच्चाई जनता तक लाना जरूरी है। इनकॉम टैक्स चोरी जिनकी पकड़ी गई है उनके खातों को ही फ्रिज किया गया है। वही जितनी इनकम टैक्स की चोरी की गई है उतने ही राशि को फ्रिज किया गया है। बाकी राशि का उपयोग वह कर सकते हैं। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा ने बैंकों के खाता को फ्रिज किया है। लेकिन यह सरासर झूठ है। टैक्स बकाया के अलावा किसी भी निकासी पर रोक नहीं है। वही बताया कि मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी केस खारिज हुआ है। आम जनों को भ्रमित करने के लिए कांग्रेस द्वारा कई तरह के हथकंडे अपने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री पर दोषारोपण किया जा रहा है। वही कई बड़ी हस्तियां कानूनी शिकंजे में फंसने पर ऐसा कोहराम मचा रही है। सिंह ने कहा भाजपा सत्ता सुख नहीं बल्कि सेवा का माध्यम है। टैक्स डिफॉल्ट पर यह कार्रवाई हो रही है जिससे कांग्रेस के लोगों को मिर्ची लग रही है।

गांजा तस्करी मामला में तीन गिरफ्तार

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक,, गिरिडीह को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि मुफ्फसिल थाना अंतर्गत कबरीबाद में कुछ लोगो द्वारा गांजा अवैध तस्करी एवं परिवाहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक महोदय, के निदेर्शानुसार पुनि सह थाना प्रभारी मुफ्फसिल एवं पुनि सह थाना प्रभारी नगर के नेतृत्व में टीम का गठन करते हुए एफएसटी. टीम के साथ वाहन चेकिंग एवं छापामारी किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में ग्राम-कबरीबाद में उजला रंग का स्विफ्ट कार को रोक कर जांच किया गया। जांच के क्रम में स्विफ्ट कार में सवार मुरतजा अंसारी के पास से 1.700 किलो ग्राम गांजा तथा दुसरे व्यक्ति मो० दानिस के पास से 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया। उपरोक्त दोनो व्यक्ति से गांजा के संबंध में वैध कागजात की मांग की गयी परंतु कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया।

एल्वेस्टस तोड़ कर चोरी को दिया अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। घाघरा चांदनी चौक स्थित स्टूडेंट बूट हाउस जूता दुकान का रविवार की रात अज्ञात चोरों ने अल्वेस्टर तोड़कर नगद 6 हजार और 35 हजार के जूता और चप्पल की चोरी कर ली। इस संबंध में दुकान के संचालक पारस साहू ने सोमवार को दिन के 9 बजे बताया कि वह हर दिन की भाँति रविवार की शाम 7:00 बजे अपने दुकान को बंद कर अपने घर चला गया। वही सोमवार की सुबह जब वह आया तो शटर का ताला खोला। इसके बाद शटर उठाने पर देखा कि अल्वेस्टर टूटी हुई है और सामान बिखरे पड़े हैं। उसके साथ ही गला काउंटर का ताला टूटा हुआ है। खोलकर देखा तो 6 नगद गायब था। इसके बाद इसकी सूचना घाघरा थाना को दी गई। पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। मामले की छानबीन में जुटी हुई है। यह बता दे की पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी लगातार पेट्रोलिंग करते नजर आती है। बावजूद अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया जाना। पुलिस को चैलेंज के रूप में चोर द्वारा दी जा रही है।

'एक दिन एक विधानसभा प्रवास' कार्यक्रम में मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का दिया निर्देश

सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मेन रोड़ स्थित अनिल साहु के आवास में सोमवार को भाजपा द्वारा सिसई विधानसभा स्तरीय एक दिन एक विधानसभा प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री सह लोकसभा संयोजक मुनेश्वर साहु, पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, विधानसभा प्रभारी निर्मल गोयल उपस्थित हुए। कार्यक्रम में अतिथियों और पार्टी पदाधिकारियों द्वारा सभी उपस्थित बुथ अध्यक्षों, प्रभारियों व कार्यकर्त्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने और मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए कई निर्देश दिया गया। मौके पर विधानसभा संयोजक लाल मोहन साहु, सह संयोजक अमन यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण बाड़ा, सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, किशोर साहु, संतोष पंडा, विजय सिंह पिंटू, विनोद भगत, भैरो सिंह खेरवार, संजय कुमार महतो, अनिल साहु, विजय मिश्रा, वसंती देवी सहित सिसई विधानसभा के सभी बुथ स्तर के सभी अध्यक्ष और कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न आचार्यों को सिखाये गये शिक्षण ट्रिक

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन हुआ। यह कार्यशाला बाल विकास को समर्पित थी।

समापन सत्र में जिला संघ चालक लालचंद अग्रवाल ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि तीन दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में आचार्यों ने जो मंथन किया है यह आने वाले समय में बच्चों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने विद्यालय की मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि आपके मातृत्व की छाया में शिक्षा के साथ बच्चों में जीवन के अन्य आयामो का भी विकास होगा। समापन सत्र में जिला संघ चालक के अतिरिक्त विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, समिति सदस्य श्याम सुंदर साहू, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा की गरिमामय उपस्थिति रही।

उद्घाटन सत्र में सचिव विजय बहादुर सिंह ने उपस्थित आचार्यों को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि शैक्षणिक गतिविधि से संबंधित हर जरूरतों की हर प्रकार से पूर्ती की जाएगी। आचार्य बच्चों के शैक्षणिक संवर्धन के लिए पूरी तरह से संकल्पित होकर शैक्षणिक कार्य में भाग ले। वही सह सचिव त्रिभुवन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा आने वाले समय में संगठित रूप से चुनौतियों का सामना करने की आवश्यकता है। विद्यालय की श्रेष्ठता को बरकार रखने में हमारी गंभीर समर्पण की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने अभिभावक संपर्क पर चर्चा की जिसमें उन्होंने कहा कि यह विद्यालय और अभिभावकों के बीच के संबंध को मजबूती प्रदान करता है तथा बच्चों में सम्यक विकास के मार्ग को प्रशस्त करता है।

कार्यशाला के अंतिम दिन आज विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति ने कार्यशाला में लिए गए निर्णयों के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए नए सत्र 2024- 25 में बच्चों की शिक्षा दीक्षा में अप्रैल के प्रथम दिवस से ही सक्रियता लाने की बात कही।

इसके पूर्व के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने प्रतिदिन प्रत्येक सत्र में साल भर की शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों के निमित्त कार्य योजना सुनिश्चित करायी। संघ प्रार्थना के उपरांत कार्यशाला का समापन सफलतापूर्वक की गई की गई। इस कार्यशाला में विद्यालय के सभी आचार्यों की उपस्थिति रही।

कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष ललित मिंज की पत्नी का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। कांग्रेस के सदर प्रखंड उपाध्यक्ष सह पिथरा सारू टोली निवासी ललित मिंज की पत्नी सरोजनी मिंज का निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर विधायक भूषण बाड़ा उनके घर पहुंचे। साथ ही अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर विधायक ने दिवंगत के परिजन को ढांढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। उन्होंने दिवंगत के परिजनों को हीम्मत से काम लेने की अपील की। मौके पर सदर प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन टिर्की, सिलबेस्टर बाघवार, मनुवेल मिंज, हेमंत मिंज आदि उपस्थित थे। बताया गया कि दिवंगत सरोजनी मिंज शुक्रवार की रात खाना खाकर अपने बच्चों के साथ सोई थी। इसी क्रम में उनकी मौत हो गई।

लुदाम कोठाटोली से सटे जंगल से अज्ञात वृद्ध का शव पुलिस ने किया बरामद

गुमला (आजाद सिपाही)। रायडीह थाना अंतर्गत सिलम पंचायत के लुदाम कोठाटोली से सटे जंगल के पास पगडंडी रास्ते पर एक लावारिस लगभग 60 वर्षीय वृद्ध का शव पुलिस ने बरामद किया है। जिसका पहचान नहीं हो पायी है। उसके पहनावा से विक्षिप्त व्यक्ति जैसा लगता है।थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया घटनास्थल पालकोट थाना सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़ा है। उन्हें भी खबर किया गया है।शव का पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजा गया है। शव को पहचान के लिए 72 घंटे रखा गया है।

पाकुड़ ने लातेहार को 18 रनों से हराया

गुमला (आजाद सिपाही)। जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को खेले गये रोमांचक मुकाबले में पाकुड़ ने लातेहार को 18 रन से पराजित किया. जिला मुख्यालय स्थित शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट मुकाबले में पाकुड़ की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते पूरी टीम 33 .3ओवरों में 152 रनो पर सिमट गयी। पाकुड़ की ओर से अर्जुन गोसावामी ने सर्वाधिक 42रनो की पारी खेली, सिंटू कुमार यादव ने 17, सुबेर और अबू सऊद ने 17-17रनो का योगदान दिया। रोशन व दिवाकर ने 10-10रनो का सहयोग किया। लातेहार की ओर से विजय रोहित ने 9 .3 ओवर में 36रन देकर पांच विकेट हासिल किया। गौरव पाल व आदर्श विशाल ने दो -दो विकेट अर्जित किये। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी लातेहार की पूरी टीम 32 .4ओवर में 134रनो पर सिमट गयी। टीम की ओर से विजय रोहित ने बेहतरीन 68रनो की पारी खेली। गौरव पाल 15, कुमार शानू 14व हिमांशु ने 12रनो का सहयोग दिया। पाकुड़ की ओर से सिंटू यादव ने 10ओवर में 32रन देकर पांच और रोशन कुमार ने 8 .4 ओवर में 35रन खर्च कर 4विकेट अर्जित किया। गेंद व बल्ले के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले लातेहार के विजय रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जेएससीए द्वारा प्रतिनियुक्ति टीआरडीओ मिलन दत्ता और अंपायर मनोहर सिंह, नीरज पाठक ने मैन ऑफ द मैच विजय को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, सुनील सिंह, सौरभ अंकित, यमुना झा, सन्नी साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

विभिन्न जगहों पर भाजपा का बूथ स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। एक दिन-एक विधानसभा प्रवास अभियान कार्यक्रम के निमित सोमवार को गुमला बस स्टैंड के पास सौंडिक धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी गुमला विधानसभा की एक अति काम काजी बूथ स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में विधानसभा के अंतर्गत पड़ने वाले सभी मंडल अध्यक्ष उसके पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्य तथा मण्डल मोर्चे के सभी अध्यक्ष पदाधिकारी एवं सभी मंडलों के सभी बूथ अध्यक्ष के अलावे विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले सभी जिला पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्य जिला मोर्चे के सभी अध्यक्ष एवं उसके पदाधिकारी सहित सभी शक्तिकेन्द्रों के संयोजक सहसंयोजक ने सशरीर भाग लिया। सांसद सुदर्शन भगत ने अपने मुख्य अतिथीय संबोधन में अबकी बार 400 पार के तहत सभी बूथों पर 20 प्रतिशत वोट बढ़ाने के लक्ष्य पर विशेष जोर दिया और सारे मतभेदों को भुलाकर कार्य करने की बात कही। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने आज के अभियान के तहत संगठन के उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को 20 प्रतिशत वोट बढ़ाने की योजना बनाने एवं सभी मोर्चे को एवं शक्तिकेन्द्रों के सभी संयोजकों सह संयोजको एवं बूथ अध्यक्षों को अब तक की हुई कार्यक्रम की समीक्षा कर आगे की वोट प्रतिशत बढ़ाने की योजना पर अमल करने की बात कही। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, जिला महामंत्री मिसिर कुजूर, सत्यनारायण पटेल सहित गुमला विधानसभा के सभी मुख्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अबकी बार 400 पार के नारा को सभी को मिल कर हासिल करना है : समीर उरांव

घाघरा (आजाद सिपाही)। बिशुनपुर विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के चपका बगीचा में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यकताओं को ईमानदारी पूर्वक मेहनत करने पर चर्चा किया गया। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा लगातार तीन बार से भाजपा की जीत इस लोकसभा क्षेत्र से हुई है क्षेत्र की जनता का भाजपा के प्रति काफी झुकाव है। यशस्वी प्रधानमंत्री ने जन-जन के लिए कल्याणकारी कार्य किए हैं अभी हम सभी का कर्तव्य है कि उनके हाथों को मजबूत करें। उन्होंने बूथ स्तर पर ए, बी व सी श्रेणी में बांट कर बताया। जिस बूथ में हम बी व सी श्रेणी में है उस बूथ पर अधिक से अधिक मेहनत करने की बात कही। वहीं ए श्रेणी के बूथ पर और बेहतर करने की बात कही। अबकी बार 400 पर के नारा को हम सभी को मिलकर हासिल करना है। इस मौके पर मुख्य रूप से लोहरदगा लोकसभा प्रभारी मनोज कुमार सिंह, यशवंत सिंह, भूपन साहू, समीर उरांव, पूर्व विधायक रमेश उरांव, भिखारी भगत, अशोक उरांव, तेम्बू उरांव, श्यामकिशोर सहित कई लोग मौजूद थे।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में बीएसएल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

बोकारो (आजाद सिपाही)। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बीएसएल ने प्रोडक्शन, डिस्पैच तथा टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स में कई नए कीर्तिमान बनाकर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है . वित्तीय वर्ष 2023 -24 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ ओवन पुशिंग, ग्रॉस सिंटर उत्पादन, हॉट मेटल (4 फर्नेस परिचालन से, एसएमएस-न्यू से क्रूड स्टील, टोटल क्रूड स्टील तथा सीआर सेलेबल के उत्पादन में कीर्तिमान बने हैं, साथ ही समग्र ऊर्जा खपत, कोक रेट, सीडीआई रेट तथा अन्य टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स एवं ग्रेन्यूलेटेड स्लैग के डिस्पैच में भी नए रिकॉर्ड बने।

मतदान कर्मियों को दूसरे चरण के लिए दिया गया चुनाव प्रशिक्षण

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू मेदिनीनगर के निर्देश पर मतदानकर्मियों को दूसरे चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिया जाना है।इसकी तैयारी के लिए समाहरणालय के ब्लाक 'सी' में एक सौ पांच मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया गया।यही मास्टर ट्रेनर सभी मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। मौके पर सदर एलआरडीसी प्यारेलाल ने कहा कि प्रशिक्षण से सभी ट्रेनर आश्वस्त हो लें कि उन्हें किसी विन्दु पर शंका नहीं है।इसे गंभीरता से लें।वहीं छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने कहा कि प्रशिक्षक मतदानकर्मियों को त्रुटि रहित प्रशिक्षण देने की महती भूमिका निभायेंगे। इसलिए इस प्रशिक्षण का खास महत्त्व है। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक ने चुनाव आचार संहिता, माकपोल, विभिन्न प्रपत्र का संधारण, क्लोज बटन दबाना, ईवीएम व प्रपत्र सील करना सहित समस्त चुनाव प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया।

डीसी ने बूथों का किया निरीक्षण और सुविधाओं का किया अवलोकन

आजाद सिपाही संचवाददात

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को पड़वा के राजकीयकृत मध्य विद्यालय में बने बूथों का औचक रूप से निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने पड़वा सीओ हलदर सेठी को बूथ संख्या 141,143,144 व 145 में एएमएफ के तहत सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस भवन में क्लस्टर भी है ऐसे में केंद्रीय बलों के अवासन हेतु सभी जरूरी सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल की व्यवस्था व पर्याप्त संख्या में चार्जिंग पॉइंट को दुरुस्त करने पर बल दिया। इसके अलावे उन्होंने बीएलओ सुपरवाईजर संग एएसडी लिस्ट,बूथ अवेयरनेस ग्रुप का प्रोसीडिंग्स सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर कई निर्देश दिये।

बच्चों के साथ किया संवाद

चुनाव के दृष्टिगत बूथों का निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने मध्य विद्यालय के कक्षा 6 के बच्चों संग संवाद किया।इस दौरान वे शिक्षक की भूमिका में रहकर बच्चों से कई विषयों पर सवाल जवाब किये।इस दौरान बच्चों की ओर से संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर संबंधित शिक्षक को बच्चों के शिक्षा के प्रति गंभीर होने की बात कही।उन्होंने कहा कि बच्चों के शिक्षा से किसी तरह का कोई कंप्रोमाइज नहीं किया जा सकता है।उन्होंने संबंधित शिक्षक को अपने कार्यप्रणाली में सुधार लाने अथवा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही। बच्चों संग संवाद करने के बाद उन्होंने बच्चों को मध्यान भोजन अंतर्गत परोसेजाने वाली भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने खुद से चावल,दाल व सब्जी की क्वालिटी को चेक कर संबंधितों को बच्चो को मेनू के अनुसार ही भोजन देने पर बल दिया।

किसान पुत्र का जूनियर इंजीनियर में हुआ चयन, क्षेत्र के लोगों ने दी बधाई

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड के बुधुआ गांव के किसान बिदेश सिंह के छोटे पुत्र अभिमन्यु कुमार सिंह झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर (जेई) बनकर माता-पिता सहित परिवार व क्षेत्र का नाम रौशन किया है।अभिमन्यु कुमार सिंह ने बताया कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा हुसैनाबाद शहर के सरस्वती विद्या मंदिर से हुई है।मेरी चयन बिहार में सीआई पद पर भी हुआ है। लेकिन दो राज्यों में चयन के बाद भी हमने अपने राज्य व क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड को विकसित एवम खुशहाल बनाने में अपना योगदान दूंगा।उन्होंने कहा कि तैयारी में जुटे लोगो को अपने लक्ष्य के पीछे सतत कार्य करने की जरूरत है। जीत उसी की होती है जो उसके प्रति आश्वस्त होता है। उनके चयन पर रामप्रवेश सिंह,रमेश सिंह,उमेश सिंह,मुन्ना सिंह,पवन सिंह,आदित्य कुमार,रूद्र कुमार व पीहू समेत कई अन्य क्षेत्र वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं व बधाई दी है।

आर्मी जवान का खोया हुआ मोबाइल और पैसा किया वापस

आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर(पलामू)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने एकबार फिर से मानवता का परिचय देते हुए आर्मी के जवान अमीत कुमार का खोया हुआ मोबाइल फोन और पैसा वापस किया रांची अपने आवास से रातु रोड जाने के क्रम में चन्दन प्रकाश सिन्हा को रास्ते में गिरा हुआ ओप्पो का मोबाइल और उसमें कुछ पैसा मिला जिसे उन्होंने तुरंत अपने सोशल मीडिया एकाउंटों पर अपडेट करते हुए लोगों को जानकारी दी और फलस्वरूप रांची जिला में कार्यरत आर्मी के जवान अमीत कुमार ने उनसे सम्पर्क किया और मोबाइल अपना होने का दावा किया मोबाइल में लगे नम्बर पर फोन करके सच्चाई की जांच करके उन्हें मोबाइल वापस कर दिया जिसके लिए जवान ने उन्हें धन्यवाद दिया ज्ञात हो कि पहले भी चन्दन को खाटीन ग्राम के एक छात्र का सैमसंग मोबाइल और बैरिया डाल्टनगंज निवासी मनोज कुमार का आवश्यक कागजात एवं चार हजार रुपए से भरा बैग मिला था जिसे उन्होंने सम्बंधित व्यक्ति को वापस कर दिया था मौके पर चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि आज के समय में मोबाइल लोगों के जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है और अपने बहुत सी जानकारी और कागजात लोग मोबाइल में ही रखते हैं और गुम हो जाने के बाद बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है आवश्यक फोन नम्बर भी गुम हो जाता है अतः यदि किसी को मोबाइल आदि जैसी चीजें मिले तो सम्बंधित व्यक्ति को वापस कर देना चाहिए थोड़े से पैसों के लिए किसी का भविष्य खराब करना अच्छी बात नहीं है समाज में मनुष्य ही मनुष्य के काम आता है आज किसी और के साथ घटना हुई है तो कल हम लोगों के साथ भी हो सकती है अतः समाज में एक अच्छे चलन की शुरूआत करने की आवश्यकता है यदि हम बदलेंगे तभी हमारा समाज बदलेगा सिर्फ दूसरों को उपदेश देने से कोई फायदा नहीं है हमें एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना रखनी होगी

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत दो दिवसीय मैच का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में अधिकाधिक मतदान करवाने व लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 30 व 31 मार्च को स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में शाम 5 बजे से रात के 10 बजे तक आयोजित हुए क्रिकेट मैच का समापन हो गया।इस पूरे कार्यक्रम में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया।सभी मैच 10-10 ओवर का खेला गया। शनिवार रात को पहले मैच में नेहरू युवा केंद्र ने पुलिस 11 को 3 विकेट से पराजित किया। इसी तरह दूसरे मैच में जिला प्रशासन ने मीडिया 11 को 72 रनों से हराया जिसमें सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।इसी तरह तीसरा मैच लायंस क्लब व शिक्षा विभाग के बीच खेला गया।इस मैच में डक लुइस के नियमों के तहत शिक्षा विभाग को विजेता घोषित किया गया।इसी क्रम में चौथा मैच पलामू चैंबर व हेल्थ विभाग के बीच खेला गया इसमें 33 रनों से पलामू चैंबर को हार का सामना करना पड़ा। उपरोक्त मैचों के बाद पहला सेमीफाइनल नेहरू युवा केंद्र व शिक्षा विभाग के बीच खेला गया जिसमें नेहरू युवा केंद्र ने शिक्षा विभाग को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।इसमें मैन ऑफ द मैच जय प्रकाश को चुना गया।सेमीफाइनल का दूसरा मुकाबला सबसे अधिक रोमांचक रहा दूसरे मुकाबले में हेल्थ और जिला प्रशासन के बीच मैच टाई हो गया इसके बाद हुए सुवरओवर में हेल्थ विभाग ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।वहीं फाइनल मैच हेल्थ विभाग व नेहरू युवा केंद्र के बीच खेला गया इसमें नेहरू युवा केंद्र ने हेल्थ विभाग को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। दो दिवसीय मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)। रविवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सतबरवा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। वहीं खल19З4043 पल्सर बाइक के परखच्चे उड़ गए हैं। एस आई रघुराय कोटवार ने बताया लगभग 10:30 बजे हम लोग गश्ती पर थे इसी बीच जब हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो जाम लगा हुआ था जब नजदीक गए तो देखा की दो लोग रोड पर घायल अवस्था में पड़े हुए हैं हम लोग तुरंत एंबुलेंस बुलाकर दोनों को एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया, तथा दूसरे का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मृतक का नाम कमलेश राम लगभग 24 वर्ष ग्राम सुकरी जिला लातेहार का निवासी है और विजय रंजन प्रसाद लगभग 23 वर्ष पिता स्वर्गीय बनवारी सिंह घायल है।

50 किलो महुआ को पुलिस ने किया नष्ट

उंटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना की पुलिस ने शराब कारोबारी के खिलाफ अभियान चलाया। इसी क्रम में लहरबंजारी गांव से लगभग 50 किलो फूला हुआ जावा महुआ बरामद कर उसे नष्ट किया है। मामले में उंटारी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि शराब कारोबारियो के खिलाफ जारी अभियान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर लहरबंजारी गांव के एक घर से भारी मात्रा में फूला हुआ जावा महुआ बरामद किया। साथ ही कहा कि एक घर में अवैध शराब बनाया जा रहा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर घर में छापेमारी के दौरान अवैध शराब निर्माण के लिए भिगोने के लिए डाला हुआ करीब 50 किलो जावा महुआ बरामद कर नष्ट कर दिया और साथ ही भट्टी को भी पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है।

झूठ का पुलिंदा खड़ा कर रही है कांग्रेस : भानु प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। इनकमटैक्स चोरी में फंसी कांग्रेस पार्टी देश वासियों के सामने घड़ियाली आंसू बहाकर झूठ का पुलिंदा खड़ा कर रही हैं। उक्त बातें भावनाथपूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रेस वार्ता के दौरान कही,वे मंगलवार को हुसैनाबाद के रिद्धि सिद्धि होटल में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के मंडल व बूथ स्तर के कार्यकताओं की बैठक में शामिल होने के उपरांत प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज देश की अधिकांश विपक्षी पार्टी भ्ष्टाचार में जेल जा रहे हैं ,न्यायालय से भी फटकार मिल रही हैं। तब वे सब कांग्रेस पार्टी के साथ मिल कर जनता को गुमराह करने में लगे हुए है।उन्होंने बताया कि इनकम टैक्स एक्ट के प्रावधान के तहत राजनीतिक दलों को आयकर में छूट मिलती है।लेकिन कांग्रेस पार्टी ने नियमो के अनुसार तय समय सीमा के अंदर टैक्स नही भरने के कारण पेनाल्टी के साथ 105 करोड़ रुपये रिटर्न डिमांड बना,लेकिन कांग्रेस ने आयकर विभाग के पास सिर्फ ढाई करोड़ रुपये ही डिपॉजिट किया।बाद में ब्याज के साथ यह राशि 135 करोड़ हो गयी।अगर समय पर कांग्रेस पार्टी रिटर्न भर देती तो यह नौबत नही आती।उन्होंने कहा कि नियमो के मुताबिक कांग्रेस के कुछ बैंक अकाउंट को रूटीन आधार पर अटैच किया और 115 करोड़ रुपए निकालने पर रोक लगा दी।जबकि बैंक अकाउंट को फ्रिज नही किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कुल चौदह सीट पर अपना प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी हैं और सभी सीटों पर दमदार उम्मीदवार हैं जबकि कांग्रेस के पास कोई उमीदवार नही मिल रहा जिसका उदाहरण हैं कि अभी तक सीट शेयरिंग से लेकर घोषणा तक नही हुआ है।

मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, रविंद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश सिंह, लड्डू सिंह, अजय गुप्ता, सोमेश सिंह, रामराज मेहता,संतोष सिंह, तृप्ति सिंह, सांसद के मीडिया प्रभारी उदयनाथ विश्वकर्मा समेत कई अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

सड़क निर्माण कार्य देखने पहुंची लेस्लीगंज की मुखिया रेखा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

नीलांबर पितांबरपुर(पलामू)। डीएलपी रोड प्रखंड कार्यालय से कुटी मेन रोड़ तक बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। सड़क निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग डाल्टनगंज के द्वारा लगभग 73 लाख की लागत से कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो संवेदक द्वारा सड़क की गुणवत्ता का तनिक भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में 20 एमएम के जगह 30-40 एमएम के चिप्स का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। सिमेंट भी काफी कम मात्रा में डाला जा रहा है। साथ ही बालू के जगह क्रशर का डस्ट लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं विरोध करने पर संवेदक द्वारा ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने पर सड़क निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे लेस्लीगंज पंचायत के मुखिया रेखा देवी ने कहा कि सड़क की लेबलिंग करने के बाद 10 एमएम,20 एमएम तथा 30 एमएम एवं क्रशर डस्ट को मिलाकर(रोलिंग करने के बाद 6 ईंच) जेएसबी करना था। जिसके बाद 20 एमएम के छरी से ढलाई किया जाना है। लेकिन संवेदक द्वारा सिर्फ डस्ट एवं मेंटल मिलाकर जेएसबी किया गया है। साथ ही 40 एमएम से ऊपर के छरी मेंटल से सड़क की ढलाई किया जा रहा है। जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता नजर आ रहा है। विभाग इस मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करें नहीं तो बाध्य होकर हमें वरिय पदाधिकारीयो से मिलकर शिकायत करना पड़ेगा। ग्रामीण कार्य विभाग डाल्टनगंज के कनीय अभियंता संजीत कुमार ने भी पीसीसी ढलाई में संवेदक द्वारा चिप्स के जगह मेटल के इस्तेमाल करने की बात स्वीकार किया है। कनीय अभियंता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सड़क की ढलाई में 20 के जगह 40 एमएम का मेटल लगाया जा रहा था। जिसके बाद संवेदक को काम बंद करने को कहा गया है। बावजूद यदि जबरन मेटल से ढलाई कराया जा रहा है तो संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारियों को लिखा जाएगा। इस बारे में सहायक अभियंता गौतम कुमार से पूछने पर बताया कि अभी चुनाव ड्यूटी की वजह से उन्हें समय नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण वह कार्य स्थल पर नहीं पहुंच पाए हैं।

गोली कांड का पुलिस ने किया खुलासा

पांकी /पलामू (आजाद सिपाही)। पांकी थाना अंतर्गत 28 मार्च को रात्रि में ग्राम हरैया निवासी कैलू साव पिता बिफन साव घर में घुसकर अज्ञात अपराधियो के द्वारा जबड़ा में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना के संबंध में पांकी थाना कांड संख्या- 35/24 एवं आर्म्स एक्ट दर्ज कर पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन एवं प्रोबेशनर एसपी गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में उक्त कांड का उदभेदन हेतु टीम की गठन की गई। पीड़ित कैलू साव के पड़ोस में रहने वाले रिटायर्ड सीसीएल कर्मी नान्हू मोची और राजदेव साव की पत्नी सुषमा देवी के द्वारा षडयंत्र के तहत कैलू साव के हत्या करने के इरादा से उनपर हमला करवाया था। नान्हू मोची के द्वारा स्वीकृत बयान में स्वीकार किया कि विगत चार साल से मेरे एकलौते पुत्र पर ओझा गुनी कर कैलू साव के द्वारा मेरे बेटे को कंपकंपी का बीमारी करवा दिया गया है। बेटे का डॉक्टर से बहुत इलाज कराने के बावजूद बीमारी ठीक नहीं होने के कारण अंधविश्वास में आकर कैलू साव के हत्या के लिए राजदेव साव एवं उसकी पत्नी सुषमा देवी किया। सुषमा देवी ने अपने बयान में स्वीकार किया कि वर्षो पहले मेरे भैंसुर के मृत्यु कैलू साव के द्वारा ओझा गुनी के कारण हो गया था। कुछ वर्ष पहले मेरी बेटी के छेड़खानी के आरोप में कैलू साव के भतीजा जेल से जल्द ही बाहर निकलवा लिया गया था। कांड में संलिप्त नान्हू मोची,राजदेव साव एवं उनके पत्नी सुषमा देवी के द्वारा अंधविश्वास के कारण आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त कुछ अपराधी से संपर्क कर षड्यंत्र के तहत कैलू साव की हत्या की साजिश की गई थी। नान्हू मोची एवं सुषमा देवी को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रोबेशनर एसपी गौरव गोस्वामी ने बताया कि कांड में अपराधकर्मी का खुलासा कर लिया गया है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पांकी पुलिस के द्वारा गहन छापेमारी की जा रही है।

स्पोर्ट्स

साई शक्ति टीम ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर के खिलाफ दर्ज की रोमांचक जीत

सब जूनियर महिला हॉकी लीग फाइनल्स: साई शक्ति और हर हॉकी अकादमी ने दर्ज की जीत

एजेंसी

लखनऊ। यहां के पद्म श्री मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग फाइनल्स के पांचवें दिन सोमवार को साई शक्ति टीम और हर हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।

साई शक्ति टीम ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर के खिलाफ दर्ज की रोमांचक जीत: दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर को 2-1 से हराया। साई शक्ति टीम के लिए पूर्णिमा यादव (32', 45') ने दो गोल किए, दोनों गोल तीसरे क्वार्टर में आए। स्वीटी कुजूर (57') ने अंतिम क्वार्टर के अंत में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर के लिए एक फील्ड गोल किया, जिससे उनकी टीम को कुछ उम्मीद मिली, हालांकि अंत में साई शक्ति की टीम अपनी 2-1 से बढ़त बरकरार रखने में सफल रही।

हर हॉकी अकादमी ने दर्ज की आसान जीत: दिन के दूसरे मैच में हर हॉकी अकादमी ने खेलो इंडिया स्टेट एक्सीलेंस सेंटर बिलासपुर को 7-1 से हराया। दीक्षा (42', 48', 52') ने हैट्रिक बनाई, सीमा (29', 59') ने दो गोल किए, जबकि कप्तान शशि खासा (7') और भारती (39') ने एक-एक गोल किया। अकादमी. खेलो इंडिया स्टेट एक्सीलेंस सेंटर, बिलासपुर के लिए एकमात्र गोल कैप्टन रूखमणी खस (12') ने किया।

डीएसएफ ने राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

एजेंसी

मुंबई। भारत की अग्रणी खेल प्रौद्योगिकी कंपनी-ड्रीम स्पोर्ट्स की शाखा- ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीएसएफ) ने सोमवार को अप्रैल और मई में एक राष्ट्रीय स्तर के फुटबॉल टूनार्मेंट- ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डीएससी) के लॉन्च की घोषणा की। इस चैंपियनशिप में भारत के छह प्रमुख फुटबॉल सेंटर शामिल होंगे। खास बात यह है कि देश की एकमात्र दूसरी ऐसी अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता के रूप में, डीएससी अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता रखने वाले युवा फुटबॉलरों की पहचान करने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा।

प्रमुख एआईएफएफ-मान्यता प्राप्त क्लबों और अकादमियों की टीमों को लेकर आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता भारतीय फुटबॉल में यूथ-बेस्ड कम्पटीशन को ऊपर उठाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इसके माध्यम से महत्वाकांक्षी चैंपियनों को उच्चतम स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा रहा है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की भागीदारी के साथ यह टूनार्मेंट खिलाड़ियों को जून में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए चयन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

लीग के लॉन्च पर ड्रीम स्पोर्ट्स के सीओओ और सह-संस्थापक भावित शेठ ने कहा, ह्लहमारा मानना है कि विश्व स्तरीय चैंपियन बनाने का रास्ता दीर्घकालिक और टिकाऊ प्रोग्राम पर निर्भर करता है। हमारे पहले से मौजूद जमीनी स्तर के प्रशिक्षण और मेंटरशिप प्रोग्राम्स के अलावा, हमने अब ड्रीम स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के माध्यम से हाई क्वालिटी कम्पटीशन और युवा प्रतिभा की पहचान के रास्ते जोड़े हैं। यह मंच स्काउट्स को प्रारंभिक चरण में भारत की विशाल क्षमता का दोहन करने और संभावित प्रतिभा को निखारने में मदद करेगा। हम एआईएफएफ के समर्थन के लिए आभारी हैं और आशा करते हैं कि डीएससी भविष्य के राष्ट्रीय चैंपियनों की पहचान के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड बनेगा।"

हर एक कार्यकर्ता के लिए मैं चौबीस घंटे खड़ा रहूंगा : ढुल्लू

मैंने रामराज मंदिर स्थापित किया है : ढुल्लू महतो

मुझे अपना भाई और बेटा समझे और दिल्ली भेजने का काम करें

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार/झरिया। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी की योजनाओं को ध्यान में रखते कार्यकर्ताओं को लाना है। लोकसभा चुनाव में भारी मतों से विजय बनाने का काम करें। एक एक कार्यकर्ता के लिए मैं चौबीस घंटों खड़ा रहूंगा। देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करें। मुझे पूरा विश्वास है कि झरिया के माता बहनों का आशीर्वाद मिलेगा। मैं भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए जेल में रहा हूं। जरूरत पड़ी तो कार्यकर्ताओं के लिए आगे भी तैयार हं। मैंने आप सभी के आशीर्वाद से रामराज मंदिर स्थापित करने का काम किया। दिग्भ्रमित करने वालों की बातों को नजर अंदाज करें। भाजपा कार्यकर्ता ही मेरी पूंजी है। आप सभी का प्यार और आशीर्वाद ही मेरी ताकत है।

मंच संचालन विधानसभा संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने किया। जबकि स्वागत भाषण सह संयोजक योगेंद्र यादव ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन राजकिशोर जेना ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्रवण राय, लोकसभा प्रभारी सुरेश साव, रागिनी सिंह, महावीर पासवान, ध्रुव हरि, विष्णु त्रिपाठी, उमेश यादव, श्रीराम यादव, अरुण साव, संतोष शर्मा, अभिषेक पांडे, राजाराम पासवान, सुजीत सिन्हा, सुमन अग्रवाल, ललन पासवान, बप्पी बाउरी, आशीष पासवान, शैलेश चंद्रवंशी, राज माली, अखिलेश सिंह, संतोष सिंह, दिलीप भारती, अजय निषाद, स्वरूप भट्टाचार्य, शिवांश श्रीवास्तव, पूनम महतो, प्रियंका देवी, प्रतिमा गिरी, बच्चा गिरी, सुषमा देवी, राहुल सोनी, रोहित बिद, राहुल गुप्ता, जीतू महतो, हरेंद्र यादव, जनार्दन पटरान उपस्थित थे।

सीएपीएफ के लिए बुनियादी सुविधाएं शीघ्र सुनिश्चित करें : माधवी मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के दौरान सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) की कंपनियां जिन स्थानों पर रुकेगी, उसकी क्रमवार समीक्षा की। कहा कि जिले में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए बड़ी संख्या में सीएपीएफ की कंपनियां जिले में उपस्थित रहेंगी। जिस स्थान पर फोर्स रुकेगी, वहां सभी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। मंगलवार को संबंधित विभाग के पदाधिकारी अपनी दायित्व को निभाते हुए पूरी टीम के साथ स्थलों का सर्वे करे। जो कमी है उसे दुरुस्त करने के लिए तत्काल कदम उठाये। 15 अप्रैल तक पानी की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में शौचालय व स्नानागार, पानी का स्टोरेज, भोजन बनाने की व्यवस्था, पानी का पाइप, विद्युत आपूर्ति सहित सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें।

बैठक में उपायुक्त ने जेवीबीएनएल के अभियंता को झरिया के मतदान केंद्र में बिजली पहुंचाने के अलावा जिन विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों या पंचायत भवन में बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां शीघ्र बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी विद्यालयों में शौचालय को फंक्शनल और एग्रेयोर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीएसडब्ल्यूओ श्रीमती अनिता कुजूर के अलावा पीएचईडी 1, 2 व मैकेनिकल, भवन प्रमंडल, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

धनबाद लोकसभा क्षेत्र मासस की परंपरागत सीट रही है : दिलीप तिवारी

बोकारो (आजाद सिपाही)। मासस बोकारो जिला कमेटी का बैठक जिला अध्यक्ष कामरेड दिलीप तिवारी कि अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन जिला सचिव कामरेड गयाराम शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मासस धनबाद लोकसभा प्रत्याशी कामरेड जगदीश रवानी उपस्थित हुए बैठक को संबोधित करते हुए कामरेड रवानी ने कहा कि धनबाद लोकसभा सभा मासस का परंपरागत सीट रहा है मासस ही भाजपा को शिकस्त दे सकता है पिछले 1991से लगातार 2024 तक भाजपा का ही लोकसभा सांसद रहा लेकिन समस्या घटने के बजाय बढ़ती चली गयी जितने भी काम कामरेड ए के राय के समय विकास कार्य हुआ वह भी बंद कर दिया गया जैसे पेरिफेरियल डेवलपमेंट राय बाबू के द्वारा किया गया था बोकारो प्लांट के20 किलोमीटर रेडियस में विकास कार्य किया जाता था वो आज बंद कर दिया गया है चाहे विस्थापितों का सवाल हो, चाहे मजदूरों का हो जिसके हक ओर अधिकार कि बात भाजपा नहीं करती है। मासस चुनाव जितती है तो सभी मजदूरों, किसानों, विस्थापितों नोवजवानों क्षात्रों बेरोजगारों एवं गरीबों दलितों कि हक कि लड़ाई मासस लड़ेगी। जिसमें मूख्य रूप से कामरेड नारायण आचार्या ,कमाल खान,भीम रजक, भरत ठाकुर,लालमोहन रजवार, महादेव शर्मा, सुरेश महतो, एनुल आनसारी, रामावतार सिंह, संतोष माहथा, राजेन्द्र साव, समर माहथा,तपन सरकार, उमेश महतो, अभिमन्यु रजवार,बिरेन रजवार समीम अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

शीतला माता की पूजा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

सिंदरी (आजाद सिपाही)। गौशाला एवं शहरपुरा शिव मंदिर के मंदिर में शितला माता की पूजा हेतु श्रद्धालुगण की भीड़ उमडी, आज सुबह से ही गौशाला एवं शहरपुरा शिव मंदिर में माता शितला की पूजा हेतु श्रद्धालुगण जुटने लगे, पूजा में शितला माता की वीथिवत पूजा-अर्चना करने के पश्चात बासी भोजन का भोग लगाया जाता है,श्रद्धालुगण दिन भर प्रसाद (बासी-भोजन) ग्रहण करते है। मान्यताः हर साल चैत्र महीने की कृष्ण पक्ष की सप्तमी और अष्टमी तिथि को शीतला देवी की पूजा की जाती है। शीतला माता को चेचक रोग की देवी भी कहते हैं। शीतला माता के पर्व को हिंदू समाज में बास्योड़ा नाम से जाना जाता है। इस पर्व के एक दिन पहले शीतला माता के भोग को तैयार किया जाता है और दूसरे दिन बासी भोग को माता शीतला को चढ़ाया जाता है। माना जाता है कि शीतला देवी की पूजा अर्चना से चेचक रोग नहीं होता। छोटे बच्चों को चेचक से बचाने के लिए विशेषकर शीतला देवी की पूजा की जाती है। लीलावती देवी,सीमा अग्रवाल, रेशमी अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, नीलम गोयल, सुनैना अग्रवाल,राम निवास अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, रमेश शर्मा, करण चौहान, अशोक गोयल,राहुल अग्रवाल,मुकेश अग्रवाल सेकडो ग्रामीण शामिल थे।

एक ट्रक अवैध महुआ जब्त, वाहन चालक गिरफ्तार

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध तरीके से महुआ परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने एक ट्रक महुआ जप्त किया तथा वाहन समेत चालक को गिरफ्तार किया। विदित हो कि रात्री में पुलिस अधीक्षक महोदय, गिरिडीह को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ठल्ह-114अ होकर अवैध तरीके से महुआ का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक महोदय के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी बेंगाबाद पु०अ०नि० जितेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बेंगाबाद थाना अन्तर्गत महुआर मोड के पास वाहनो का सघन जांच पुलिस बल एवं उडनदस्ता दल के साथ प्रारम्भ किया गया।

योजना बनाते चार अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र के दुंदीबाग माड़ी पट्टी में सोमवार को अपराध की योजना बनाते चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से रिवाल्वर चार गोली व लोडेड देसी कट्टा बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में शिवा कुमार, धर्मेन्द्र यादव, पंकज कुमार और आनन्द कुमार शामिल हैं. बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधी अवैध हथियार व गोली के साथ दुंदीबाग माड़ी पट्टी के पास किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटे हुए हैं। इसकी सूचना पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों अपराधी को दबोच लिया। गिरफ्तार शिवा कुमार के खिलाफ बीएस सिटी थाना में आर्म्स एक्ट, छिनतई व चोरी के चार मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह, सेक्टर 6 थाना प्रभारी ढेना किस्कू, पिंडराजोरा थाना प्रभारी रवीन्द्र कुमार, एसआई प्रभात कुमार, गुलटन मिस्त्री, माहती बोयपाई, कुलदीप कुमार राम, शैलेन्द्र पासवान आदि शामिल थे।

वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। आसन्न लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आज दिनांक 01 अप्रैल 2024 को समाहरणालय सभागार में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से सभी कार्यालय प्रधान सुनिश्चित करें कि उनके सभी कर्मियों का नाम मतदाता सूची में शामिल है। यदि किसी कर्मी का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो 27 अप्रैल 2024 तक वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा लें। साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी अपना नाम मतदाता सूची में चेक करे। उन्होंने सभी को अपने-अपने कार्यालय में मतदाता शपथ और स्वीप एक्टिविटी से संबंधित विभिन्न गतिविधियां करवाने तथा कर्मियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया जाना है। वोटर अवेयरनेस फोरम के अध्यक्ष संस्था के हेड होंगे और उन्हीं के द्वारा एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ साथ उनके परिवार के लोगों को वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करेंगे। अगर किसी कर्मचारी का वोटर लिस्ट में नाम नही है तो वो फार्म 6 भर सकते हैं। सभी लोग वोटर हेल्पलाईन एप्प डाउनलोड करेंगे एवं सभी कर्मचारी को भी एप्प को डाउनलोड करने के लिए कहेंगे। बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी सरकारी, गैर सरकारी, प्राइवेट संस्थान, के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

सीआरपीएफ और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, वल्नरेबल बूथों का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और भयमुक्त संपन्न कराने के लिए धनबाद पुलिस अपनी सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने में जुटी है' इसी उद्देश्य के तहत पुलिस द्वारा निरंतर मतदान केंद्रों का निरीक्षण जारी है। सोमवार को पुलिस की टीम ने जिले के कई वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण किया' सीआरपीएफ के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस ने बैंक मोड़, भूली, केंदुआडीह, झरिया एवं जोरापोखर थाना क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए इन इलाकों में पड़ने वाले वल्नरेबल बूथ का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते हुए पुलिस की टीम ने स्थानीय वोटरों से भी मुलाकात की और आने वाले चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की गयी' फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस की टीम ने सभी मतदाताओं को सुरक्षा का पुख्ता भरोसा दिलाते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में अपने माताधिकार का इस्तेमाल करने को कहा' चुनाव के मद्देनजर वल्नरेबल बूथ के आसपास कें क्षत्रों में रहने वाले सभी संदिग्ध व्यक्तियों की हर गतिविधियों पर पुलिस अपनी नजर बनाये हुए है' चुनाव के दौरान मतदान को प्रभावित करने अथवा शांति भंग करने की मंशा रखने वालों को पुलिस की तरफ से सख्त चेतावनी दी गई है, ऐसे लोगों को चिन्हित कर विधिक कार्रवाई भी की जा रही है। धनबाद पुलिस लगातार सभी मतदाताओं से अपील कर रही है ।

वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से बीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ बैठक

सिंदरी (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार आज दिनांक 01 अप्रैल 2024 को आसन्न लोकसभा आम चुनाव-2024 के निमित्त लो वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के कुल 54 बूथ के बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों के साथ विस्तृत स्वीप प्लान तैयार करने के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश सिंह द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। विदित हो कि सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के कुल 26 मतदान केंद्रों में विगत संसदीय आम चुनाव में मतदान का प्रतिशत 50 से भी काम था। उक्त मतदान केंद्रों के बीएलओ को डोर टू डोर सर्वेकर मतदाताओं का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया था।

महत्वपूर्ण न्यूज

धनबाद कांग्रेस ने किया केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री के इशारे पर आयकर विभाग द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 1823 करोड़ रूपया का भुगतान करने के लिए एक नोटिस दिया गया हैं। इससे पहले भी कांग्रेस के बैंक खाते से 135 करोड़ रूपया जबरन निकाल लिया गया। जिसके विरोध में पुराना कांग्रेस कार्यालय से स्व रणधीर बर्मा चौक तक मशाल जुलूस के साथ विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धनबाद के लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराने कार्यालय के समीप जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी सहित जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण जिला व प्रखंड पदाधिकारी, एआइसीसी मेंबर सहित सभी मोर्चा के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए। जिसके बाद हाथों में मशाल लिए कांग्रेसजन जुलुस के साथ रणधीर वर्मा चौंक पहुंचे। जहां भाजपा शासित केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने विरोध जताते हुए कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार द्वारा भारतीय लोकतंत्र को खत्म करने की खतरनाक साजिश रची जा रही हैं!

मां मथुरासिनी की शोभायात्रा निकाली गयी

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। माहुरी वैश्य महामंडल के प्रधान कार्यालय स्थित मथुरासिनी मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय मां मथुरासिनी पूजनोत्सव का आज पहला दिन शोभा यात्रा निकाला गया, यात्रा में सैकड़ो महिला पुरुष और बच्चे ने भाग लिया, यह शोभा यात्रा माहुरी छात्रावास सह मां मथुरासिनी मंदिर परिसर से निकल कर सारे नगर भ्रमण कर वापस माहुरी छात्रावास परिसर मे वापस आया। विदित हो की सन 1997 से लगातार माहुरी वैश्य मंडल, गिरीडीह के तत्वाधान मे प्रत्येक वर्ष पुजा का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। 2 अप्रैल को सुबह 6 बजे मां मथुरासिनी मंदिर मे मईया का पूजन किया जायेगा जहां सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष भाग लेंगे तत्पश्चात प्रसाद का वितरण एवं संध्या 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा और साथ ही भण्डारा का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संरक्षक सुजय राज भदानी, अध्यक्ष गोपाल दास भदानी, सचिव अरूण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष, प्रभात कुमार तरवे, संयोजक राज कुमार चरणपहाडी, अशोक वैश्यखियार, प्रमोद वैश्यखियार, दिनेश गुप्ता अधिवक्ता विकास गुप्ता सह संयोजक जगत मोहन गुप्ता, नवीन गुप्ता, हबलु गुप्ता, भोजन प्रभारी अनुपम गुप्ता, गिरीडीह महिला समिति की अध्यक्षा राखी टारको और समाज के सभी लोगो का सहयोग रहा।

मुराईडीह कोलडंप में पेलोडर से कोयला लदाई का मजदूरों ने किया विरोध

कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र संख्या एक के मुराईडीह कोलियरी के कोलडंप में सोमवार की सुबह पेलोडर द्वारा कोयला लदाई का प्रबंधन के निर्णय का लोकल सेल के असंगठित मजदूरों ने एकबद्ध होकर विरोध किया. इस दौरान काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मजदूर झोड़ा आदि लेकर कोलडंप में इकट्ठा हो गए तथा प्रबंधन के इस निर्णय पर एतराज जताते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों ने कहा की वे लोग वर्षो से कोल डंप में लोकल सेल के तहत ट्रकों पर कोयला लदाई कर अपना जीवन -यापन कर रहे हैं। परंतु प्रबंधन द्वारा पेलोडर से कोयला लदाई किये जाने से उनलोगो के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मजदूरों ने कहा की अगर प्रबंधन का यही मजदूर विरोधी रवैया रहा तो वे लोग प्रबंधन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

कदम-कदम पर किया जा रहा है मतदाताओं को जागरूक

25 मई 2024 को अवश्य करें मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को अपने माताधिकार का प्रयोग निश्चित रूप से करने के उद्देश्य से उन्हें सिस्टेमेटिक वोटर्स एज्युकेशन एण्ड इलेक्ट्रोल पार्टिसिपेशन (स्वीप) के तहत कदम कदम पर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर समाहरणालय भवन की सीढ़ियों पर, सेंट्रल ओपन स्पेस में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता स्टीकर, कट आउट, पोस्टर लगाए गए हैं। इसमें 25 मई को धनबाद में मतदान अवश्य करने, लोकतंत्र की है यही पुकार-वोट देना है अबकी बार, चुनाव है लोकतंत्र की शान - वोट देकर करे इसका सम्मान, जन-जन का यह नारा है - मतदान अधिकार हमारा है, वोट डालने जाना है- अपना फर्ज निभाना है, सारे काम छोड़ दो - सबसे पहले वोट दो, छोड़ो अपने सारे काम - पहले चलों करे मतदान, सी - वीजील एप डाउनलोड करके मतदाता प्रहरी बने, वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 सहित मतदाताओं को जागरूक और प्रोत्साहित करने वाले जागरुकता स्टिकर प्रवेश सीढ़ी, ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर, सेकंड फ्लोर व थर्ड फ्लोर की सीढ़ी के कदम कदम पर लगाये गये हैं। साथ ही मुख्य प्रवेश द्वार, ड्राइव वे, सेंट्रल ओपन स्पेस, लिफ्ट एरिया, जन शिकायत डेस्क में भी जागरुकता संबंधित चुनाव आइकॉन के संदेश, वोटर हेल्पलाइन एप सहित निर्वाचन की प्रक्रिया व जानकारी से संबंधित बैनर, पोस्टर लगाये गये हैं। उल्लेखनीय है कि धनबाद कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन सैंकड़ों लोग विभिन्न विभागों में अपने काम से आना जाना करते हैं। कलेक्ट्रेट में प्रवेश करते, सीढियां चढ़ते, सेंट्रल ओपन स्पेस पर पहुंचने या लिफ्ट का उपयोग करते समय उनकी दृष्टि इन जागरुकता स्टीकर पर पड़ती है और उन्हें 25 मई 2024 को अपने माताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करती है।

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग (सामान्य शाखा)

-: आदेश :-

आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने हेतु शस्त्र नियमावली–2016 के तहत् जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को स्थानीय थाना/ओ0पी0/शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता दुकान में जमा करने हेतु दिनांक–28.03.2024 तक तिथि निर्धारित की गई थी। विभिन्न स्तरों से प्राप्त प्रतिवेदनानुसार अभी भी कतिपय अनुज्ञप्तिधारी अपने अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र को जमा नहीं किए हैं।

वैसे अनुज्ञप्तिधारी जिनके द्वारा आजतक शस्त्र जमा नहीं किया गया है, को आदेश दिया जाता है कि दिनांक–10.04.2024 तक निश्चित रूप से अपना शस्त्र स्थानीय थाना/ओ0पी0/शस्त्र एवं कारतुस विक्रेता दुकान में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम/नियमावली के तहत् शस्त्र अनुज्ञप्ति को रद्द करने की कार्रवाई की जायगी।

ह0/-
उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी,
हजारीबाग

शस्त्र दण्डाधिकारी,
हजारीबाग

PR 323477 Election(24-25).D

ओड़िशा दिवस पर फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सूचना और जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में ओड़िशा दिवस पर स्थानीय जयदेव भवन प्रदर्शनी हॉल में एक फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। विकास आयुक्त और अतिरिक्त मुख्य सचिव अनु गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और इसका उद्घाटन किया।

प्रदर्शनी में 1936 में ओड़िशा के मानचित्रों के साथ-साथ पारला महाराजा कृष्ण चंद्र गजपति, उत्कल गौरव मधुसूदन दास, उत्कलमणि गोपबंधु दास, फकीर मोहन सेनापति से लेकर उत्कल भारती कुंतला कुमारी साबत, कांतकबी लक्ष्मीकांत महापात्र, पूर्व मुख्यमंत्री नबकृष्ण चौधरी, प्रबाद पुरुष बीजू पटनायक, उत्कल सम्मेलन से जुड़े ब्रज सुंदर दास और आदिनेता बिचित्रानंद दास की तस्वीरें शामिल किया गया था। इसमें उत्कल सम्मेलन के विभिन्न सत्रों और इससे संबंधित विभिन्न तस्वीरों को भी दिखाया गया।

फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन संजय कुमार सिंह प्रमुख सचिव सूचना और जनसंपर्क, सरोज कुमार सामल निदेशक तकनीकी, सुरेंद्र कुमार परिडा अतिरिक्त निदेशक, संतोष कुमार दास संयुक्त निदेशक, सूर्य रंजन महांति उप निदेशक, सुचेता प्रियदर्शिनी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। फोटो प्रदर्शनी दो दिनों तक खुली रहेगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्कल दिवस पर बधाई दी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में राष्ट्रपति ने कहा कि ओड़िशा अपने विशाल प्राकृतिक संसाधनों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। ओड़िशा के लोग, जिनमें किसी भी प्रतिकूलता का सामना करने की क्षमता है, उनका राज्य और देश के विकास में बड़ा योगदान है। ओड़िशा ने सदियों से आधुनिक भारत के निर्माताओं सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों को जन्म दिया है। राष्ट्रपति ने कामना की कि महाप्रभु श्रीजगन्नाथ राज्य और उसके लोगों को अधिक सफलता और समृद्धि के लिए आशीर्वाद दें।

डॉ अच्युत सामंत को सचेत नागरिक फोरम ओड़िशा ने सम्मानित किया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। दुनिया के पहले आदिवासी विश्वविद्यालय किस को नैक द्वारा 'ए' श्रेणी की मान्यता प्रदान की गयी है। किस ने पहली बार 'ए' ग्रेड का दर्जा हासिल करने का गौरव हासिल किया है। इस अवसर पर सचेत नागरिक फोरम ओड़िशा ने संसद सदस्य और किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत को सम्मानित किया गया। फोरम के अध्यक्ष प्रदोष पटनायक और संपादक दिलीप हाली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डॉ सामंत को गुलदस्ते और मानपत्र प्रदान किये।

गैस टैंकर पलटने से गैस रिसाव, सड़क बंद

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। गैस टैंकर सड़क पर पलटा गया। ये हादसा खल्लीकोट के हरिडामुल चौंक में हुआ। विशाखापत्तन से खुर्दा जाते समय गैस टैंक पलट गया। सूचना मिली कि गैस टैंक से गैस लीक हो रही है। गैस टैंक रिसाव रोकने के लिए हैदराबाद से एक्सपर्ट टीम आ रही है। खलीकोट पुलिस और दमकल कर्मियों ने घटनास्थल पर मौजूद हैं। दुर्घटनास्थल से 2 किमी एप्रोच रोड तक सड़क बंद कर दी गयी है।

पेट्रोलिंग के दौरान डेढ़ करोड़ का गांजा बरामद

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कंधमाल बालिगुडा पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने मुसुकुली जंगल से दो देसी बंदूकों के साथ 1504 किलोग्राम गांजा जब्त किया। हालांकि, 4 गांजा व्यापारी भागने में सफल रहे। बालिगुडा के एसडीपीओ राहुल गोयल ने कहा कि जब्त किए गए गांजे की कीमत डेढ़ करोड़ रुपये होने का अनुमान है। पुलिस ने फरार आरोपी की पकड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी है।

केंद्रापड़ा संसद अनुभव महांति बीजेपी में शामिल

- दिल्ली में औपचारिक रूप से भाजपा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

भूवनेश्वर। केंद्रापड़ा के सांसद अनुभव महांति बीजेपी में शामिल हो गये। अनुभव महांति दिल्ली स्थित बीजेपी कार्यालय में पार्टी में शामिल हुए हैं। अनुभव ने पिछले शनिवार को बीजेडी से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने बीजेडी से इस्तीफा देते हुए लिखा कि उन्हें पार्टी मुखिया से मिलने का मौका नहीं मिला। उनके पिता की मृत्यु के बाद पार्टी की ओर से कोई शोक व्यक्त नहीं किया गया। हालांकि उन्होंने बीजेडी छोड़ दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें यह चुनाव जरूर लड़ना चाहिए और आज अनुभव औपचारिक रूप से बीजेपी में शामिल हो गये हैं।

बीजेपी में शामिल होने के बाद अनुभब महांति ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे राज्यसभा में सबसे युवा सांसद के रूप में सेवा करने का अवसर मिला। पिछले 5 साल मेरे लिए सीखने का समय रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए युवाओं को भाजपा परिवार में शामिल होना चाहिए। अगले 5 से 10 वर्षों में भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश माना जायेगा।

के. कविता की जमानत पर 4 को सुनवाई

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता की जमानत याचिका पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। जज कावेरी बावेजा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख 4 अप्रैल दी है। गौरतलब है कि इडी ने दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में कविता को 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 23 मार्च तक इडी की हिरासत में थीं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 26 मार्च को उन्हें 9 अप्रैल तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा था। तब से कविता तिहाड़ जेल में हैं। उन्होंने अपने नाबालिग बेटे की परीक्षा को लेकर अंतरिम जमानत की मांग की थी। कोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई के लिए 1 अप्रैल की तारीख तय की थी। इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों में नियमों का हवाला देकर उनकी याचिका का विरोध किया था।

एनटीपीसी बोंगाईगांव के बिजनेस यूनिट प्रमुख के रूप में केसी मुरलीधरन ने कार्यभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। केसी मुरलीधरन ने 1 अप्रैल 2024 से एनटीपीसी बोंगाईगांव के बिजनेस यूनिट प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। भोपाल विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक श्री मुरलीधरन ने एनटीपीसी विंध्याचल, कवास, रत्नागिरी, वल्लूर और नोएडा में इंजीनियरिंग कार्यालय परिसर (इओसी) सहित विभिन्न एनटीपीसी प्रतिष्ठानों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके है। श्री मुरलीधरन ने 1989 में एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में एनटीपीसी के साथ अपनी यात्रा शुरू की और तब से उन्होंने अपनी प्रत्येक भूमिका में अनुकरणीय नेतृत्व और समर्पण का प्रदर्शन किया है। अपनी वर्तमान नियुक्ति से पहले श्री मुरलीधरन ने एनटीपीसी बोंगाईगांव में मुख्य महाप्रबंधक (ओ एंड एम) के रूप में कार्य किया, जहां उन्होंने परिचालन दक्षता और उत्कृष्टता की देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अपनी नयी क्षमता में वह असम के एनटीपीसी बोंगाईगांव में सभी गतिविधियों के समन्वय के लिए जिम्मेदार होंगे, जिसकी उत्पादन क्षमता 750 मेगावाट (3 गुणा 250 मेगावाट) है।

अपने पूरे कार्यकाल के दौरान श्री मुरलीधरन ने सुरक्षा, बिजली संयंत्र दक्षता, निवारक सतर्कता, कोयला समन्वय, ओ एंड एम प्रथाओं, मानव संसाधन, अग्रिम नेतृत्व कार्यक्रम और एनटीपीसी के लिए विशिष्ट वाणिज्यिक पहलुओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक प्रशिक्षण लिया है। उनके सक्षम मार्गदर्शन में, एनटीपीसी बोंगाईगांव दक्षता, सुरक्षा और स्थिरता के उच्चतम मानकों को बनाये रखते हुए बिजली उत्पादन परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए तैयार है।

पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) के रूप में एमके बेहेरा ने पदभार ग्रहण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुननेश्वर। भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आइआरएसइ) के अधिकारी महेश कुमार बेहेरा ने पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) का पदभार संभाला है। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बुर्ला, संबलपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक करने के बाद श्री बेहेरा के पास तीन दशकों का एक विशाल और समृद्ध अनुभव है, जिसमें उन्होंने आइआइटी मद्रास से मरीन इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है और भारतीय रेलवे में विभिन्न पदों पर काम किया है। अपने पूरे करियर के दौरान श्री बेहेरा ने पूर्व तट रेलवे में मुख्य ब्रिज इंजीनियर और मुख्य इंजीनियर (ब्रिज पुनर्वास) जैसे प्रमुख पदों पर कार्य किया है। उल्लेखनीय भूमिकाओं में राइट्स, भुवनेश्वर में समूह महाप्रबंधक के रूप में उनका कार्यकाल और पटना और मुंगेर में पूर्व मध्य रेलवे के तहत गंगा ब्रिज परियोजना की देखरेख करने वाले मुख्य अभियंता (निर्माण) शामिल हैं। अन्य महत्वपूर्ण पदों के अलावा, उन्होंने संबलपुर रेलवे मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), पूर्व तट रेलवे के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी और पूर्व सीमांत रेलवे के मुख्य अभियंता (निर्माण) के पदों पर कार्य कर चुके है।

देश में 'एक वाहन, एक फास्टैग' नियम लागू हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। सरकार के स्वामित्व वाले भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका मकसद कई वाहनों के लिए सिंगल फास्टैग के इस्तेमाल या एक विशेष वाहन से कई फास्टैग को जोड़ने को हतोत्साहित करना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनएचएआइ ने पेटीएम फास्टैग यूजर्स के सामने आ रही समस्याओं को देखते हुए 'वन व्हीकल, वन फास्टैग' पहल के अनुपालन की समय सीमा मार्च के आखिर तक बढ़ा दी थी। जिन लोगों के पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे 1 अप्रैल से उन सभी का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे।

इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और टोल प्लाजा पर निर्बाध आवाजाही प्रदान करने के लिए, एनएचएआइ ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल की है, जिसका मकसद कई वाहनों के लिए एकल फास्टैग के इस्तेमाल को हतोत्साहित करना और कई फास्टैग को एक विशेष वाहन से जोड़ने को रोकना है। पिछले महीने आरबीआइ ने ग्राहकों के साथ-साथ पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के व्यापारियों को 15 मार्च तक अपने खातों को दूसरे बैंकों में शिफ्ट करने की सलाह दी थी। फास्टैग भारत में एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित किया जाता है। लगभग 98 प्रतिशत की पैठ दर और 8 करोड़ से ज्यादा यूजर्स के साथ, फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली में क्रांति ला दी है। यह सीधे प्रीपेड या उससे जुड़े बचत खाते या सीधे टोल मालिक से टोल भुगतान करने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआइडी) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है।

सोआ एसएचएम का 'पखाल उत्सव' कल से

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओड़िशा का पारंपरिक व्यंजन 'पखाल' हर उड़िया घर में पसंदीदा है। हालांकि गर्मियों में इसे खाना बेहतर होता है, लेकिन स्वास्थ्य की दृष्टि से लोग साल के बारह महीनों तक पखाल खाना पसंद करते हैं। प्रत्येक ओड़िया के इस पसंदीदा भोजन को और बढ़ावा देने और प्रचार प्रसार करने के लिए, शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसएचएम) ने इस वर्ष हमेशा की तरह 3 से 7 अप्रैल तक 'पखाल उत्सव' का आयोजन करने जा रहा है। 5 दिन तक चलने वाले इस त्योहार के दौरान पखाल के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार करने की व्यवस्था की गयी है। एसएचएम के डीन प्रो सुशांत रंजन चईनी ने बताया कि पखाल उत्सव का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक व्यंजन परोसकर ओडिशा की संस्कृति और परंपरा को बनाए रखते हुए हर ओडिया के भोजन की आदतों और भावना को जनता तक पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि गर्मियों में हर ओडिया गर्मी से बचने के लिए पखाल खाना पसंद करता है। पखाल भगवान जगन्नाथ का पसंदीदा भोजन भी है और इसे श्रीमंदिर में परोसा जाता है। इसी तरह नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार जैसे देशों में भी लोग पखाल खाना पसंद करते हैं।

एसएचएम में 5 दिनों तक आयोजित होने वाले पखाल उत्सव के दौरान मेहमानों को हर दिन दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक पखाल परोसा जाएगा। महोत्सव का संचालन एसएचएम के छात्रों द्वारा किया जाएगा। 5 दिवसीय पखाल उत्सव के दौरान मेहमानों को उशुना पखाल, अरुआ पखाल, दही पखाल, अदरक पखाल, छोंक पखाल और लेमन पखाल परोसा जाएगा। इसी तरह विभिन्न प्रकार के मांसाहारी - शाकाहारी व्यंजन परोषा जायेगा।

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**